3 | राजधानी
अमानतुल्लाह खान के चार सहयोगी गिरफ्तार

6 | अभिमत
नौजवानों के रोल मॉडल नरेन्द्र मोदी

10 | विदेश
ताइवान में आया शक्तिशाली भूकंप

12 | स्पोर्ट्स
राहुल के जोड़ीदार बनेंगे रोहित शर्मा



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 309
नई दिल्ली, सोमवार, 19 सितंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




अध्यक्ष पद को लेकर राहुल गांधी पर दबाव बढ़ा

राष्ट्रीय-9

# चंडीगढ़ विवि में छात्राओं के एमएमएस पर बवाल

- छात्र-छात्राओं का आरोप, हास्टल में छिपकर वीडियो बनाकर किए गए वायरल, पुलिस ने मामले को बताया अफवाह
- आक्रोशित छात्र-छात्राएं शनिवार रात से सड़कों पर उतरे, आरोपी छात्रा व उसका दोस्त गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**पंजाब** के मोहाली स्थित निजी विश्वविद्यालय के हॉस्टल में छात्राओं के आपत्तिजनक वीडियो बनाए जाने की अफवाह से हड़कंप मच गया। कहा जा रहा है कि वीडियो कथित रूप से हास्टल में ही रहने वाली एक अन्य छात्रा ने बनाए और अपने दोस्त के साथ मिलकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर शनिवार रात से ही विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं सड़कों पर उतर आए।

पुलिस ने आरोपी छात्रा और उसके दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के विरोध में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हो रहे हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। रात भर हुए प्रदर्शन के बाद स्थिति का जायजा लेने के लिए अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के परिसर पहुंचीं पंजाब की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक गुरप्रीत देव ने संवाददाताओं से कहा कि ऐसा लगता है कि आरोपी छात्रा ने अपना एक वीडियो युवक के साथ साझा किया और किसी अन्य छात्रा का कोई आपत्तिजनक वीडियो नहीं मिला है। विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने भी उन खबरों को झूठी व निराधार बताकर खारिज कर दिया, जिनमें दावा किया गया था कि विश्वविद्यालय के छात्रावास में कई छात्राओं के वीडियो बनाए गए और सोशल मीडिया पर साझा किए गए तथा कई छात्रों ने इस प्रकरण के बाद आत्महत्या का प्रयास किया।

विश्वविद्यालय परिसर में हालांकि बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने रविवार शाम को फिर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी छात्रों में से कुछ ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों पर घटना को दबाने का आरोप लगाया। अधिकांश प्रदर्शनकारियों ने काले कपड़े पहन रखे थे और उन्होंने पुलिस की मौजूदगी में हमें न्याय चाहिए जैसे नारे लगाए। मोहाली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक शील सोनी ने संवाददाताओं को बताया कि कई छात्राओं का वीडियो बना कर लीक किए जाने की अफवाह के बाद विश्वविद्यालय में आधी रात के बाद प्रदर्शन हुआ। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार छात्रा का मोबाइल फोन फॉरेंसिक जांच के लिए जब्त कर लिया गया ( शेष पेज 8 )



मोहाली में एक छात्रावास में छात्राओं के आपत्तिजनक वीडियो बनाए जाने के विरोध में प्रदर्शन करतीं लड़कियां

## राजनीतिक दलों की तीखी प्रतिक्रिया आरोपियों को कठोर सजा की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**चंडीगढ़** विश्वविद्यालय में छात्राओं के कथित वीडियो बनाने की घटना को लेकर राजनीतिक दलों की तरफ से भी तीखी प्रतिक्रियाएं आईं और केंद्र व राज्य महिला अधिकार निकायों ने भी दखल दिया है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मामले में संलिप्त लोगों को कठोरतम सजा मिलेगी। केजरीवाल ने ट्वीट किया कि पीड़ित बेटियां हिम्मत रखें। हम सब आपके साथ हैं। सभी संयम से काम लें।

कांग्रेस की पंजाब इकाई के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग, पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह, शिरोमणि अकाली दल की नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रताप सिंह बाजवा समेत विपक्षी नेताओं ने दोषियों के लिए सख्त सजा की मांग की है। बादल ने कहा कि सरकार को सभी तथ्य सार्वजनिक करने चाहिए और कुछ दबाने की ( शेष पेज 8 )

## महिला आयोग ने दिया दखल, जांच की मांग

**राष्ट्रीय** महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने पंजाब पुलिस के महानिदेशक को पत्र लिखकर मामले में तत्काल प्राथमिकी दर्ज करने और इस मामले में बिना किसी लापरवाही के कड़ाई से निपटने को कहा है। महिला आयोग ने कहा कि मामले की पीड़ित लड़कियों को उचित परामर्श दिया जाए और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। महिला अधिकार निकाय ने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के कुलपति को भी पत्र लिखकर कानून के अनुसार दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और विश्वविद्यालय से मामले की निष्पक्ष तरीके से गहन जांच करने को कहा है। पंजाब महिला आयोग की अध्यक्ष मनीषा गुलाटी ने भी विश्वविद्यालय परिसर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। गुलाटी ने कहा कि यह गहन का जांच का विषय है कि महिला ने क्यों वीडियो बनाया। उसने अन्य लड़कियों का वीडियो रिकॉर्ड किया या नहीं, यह जांच का विषय है।

# नौकरी का झांसा देकर ठगी 30 भारतीय म्यांमार में फंसे

- केंद्र सरकार कर रही निकालने का प्रयास, म्यांमार की सरकार का नहीं क्षेत्र पर नियंत्रण
- जालसाजों ने 60 लोगों को थाईलैंड ले जाने का किया था वादा, 30 किसी तरह निकल आए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अंतरराष्ट्रीय** गिरोह के झांसे में आकर कम से कम 30 भारतीय म्यांमार में फंस गए हैं। उन्हें कथित तौर पर थाईलैंड में नौकरी की पेशकश की गई थी, लेकिन म्यांमार ले जाकर बंधक बना लिया गया है। विदेश मंत्रालय ने भारतीयों को ऐसे जालसाजों से सावधान रहने की चेतावनी दी है। कुल 60 भारतीय नागरिक ठगी का शिकार हुए, जिन्हें धोखे से म्यांमार ले जाया गया। हालांकि उनमें से आधे किसी तरह भारत वापस आ गए हैं, लेकिन कम से कम 30 लोगों को वहीं बंधक बना लिया गया है।

उन्हें सकुशल वापस लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने रविवार को बताया कि फंसे हुए भारतीय अब म्यावाडी के इलाके में हैं, जहां जातीय सशस्त्र समूहों का नियंत्रण है। यह इलाका म्यांमार सरकार के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। म्यांमार में मिलिट्री जुंटा का शासन है। उन्होंने कहा कि यांगून में भारतीय दूतावास जातीय समूहों द्वारा बंधक बनाए गए शेष 30 भारतीय नागरिकों को वहां से निकालने के लिए म्यांमार सरकार से लगातार बातचीत कर रहा है। म्यावाडी क्षेत्र थाईलैंड की सीमा से लगे दक्षिणपूर्वी म्यांमार के कायिन राज्य में पड़ता है। इसके अलावा, वहां व्यापारिक समुदाय के बीच अपने विभिन्न संपर्कों के माध्यम से भी नागरिकों को निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं।

सूत्रों ने कहा कि सभी भारतीयों को जल्द से जल्द बाहर निकाल लिया जाएगा। बीते पांच जुलाई को ही भारतीय मिशन ने नौकरी की पेशकश करने वाले ठगों से सावधान रहने की चेतावनी देते हुए एडवाइजरी जारी की थी। मिशन को हाल के दिनों में यह पता चला था कि म्यांमार के सुदूर पूर्वी सीमा क्षेत्रों में स्थित डिजिटल स्कैमिंग/फोर्ज क्रिप्टो गतिविधियों में लगी कुछ एलटी कंपनियां आईटी क्षेत्र में संभावित रोजगार के अवसरों के बहाने अपने भर्ती एजेंटों के माध्यम से विभिन्न स्थानों से भारतीय श्रमिकों की भर्ती कर रही हैं। प्रारंभिक भर्ती के बाद मिशन ने कहा कि भारतीय ( शेष पेज 8 )

# देश के विकास के लिए आप ने पेश किया छह सूत्री कार्यक्रम

- विदेशों में बड़े-बड़े भाषण देकर भारत नंबर एक देश नहीं बन सकता : केजरीवाल
- कहा- गुजरात में आप की लोकप्रियता से घबरा रही भाजपा, संपादकों को भिजवा रही धमकी भरे मैसेज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय जनप्रतिनिधि सम्मेलन



**आम** आदमी पार्टी के राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार की योजना लेकर आगे बढ़ रहे पार्टी संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को भारत को दुनिया का नंबर एक देश बनाने के लिए छह सूत्री एजेंडा पेश किया। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले केजरीवाल पार्टी को विभिन्न राज्यों में मजबूत करने में जुटे हैं।

केजरीवाल दिल्ली में आप सरकार द्वारा पिछले सात-आठ साल में किए गए कामों को आधार बनाकर देश के लिए यह छह सूत्रीय एजेंडा रख रहे हैं। इसमें सभी के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, भारत में गरीबी को कम करने के लिए पांच साल की योजना, हर युवा के लिए रोजगार, महिलाओं के लिए सुरक्षा और समान अवसर, विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा और किसानों के लिए फसलों के पूरा मूल्य शामिल हैं। इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में पार्टी के पहले राष्ट्रीय जनप्रतिनिधि सम्मेलन को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि ( शेष पेज 8 )

# पीएफआई के विरुद्ध 40 स्थानों पर छापेमारी, चार हिरासत में

- राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में की कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने आतंकी कृत्यों को अंजाम देने और धर्म के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने के लिए कथित तौर पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने से जुड़े एक मामले में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ रविवार को तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में 40 स्थानों की तलाशी ली। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

एनआईए के एक प्रवक्ता ने बताया कि तेलंगाना में 38 स्थानों और आंध्र प्रदेश में दो स्थानों पर की गई तलाशी के दौरान चार लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। अधिकारी ने कहा कि अभियान के दौरान डिजिटल उपकरण, दस्तावेज, दो खंजर और 8.31 लाख रुपए से अधिक नकदी सहित अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई। मामला शुरू में 4 जुलाई को तेलंगाना के निजामाबाद थाने में दर्ज किया गया था और राज्य पुलिस द्वारा जांच के दौरान चार आरोपियों-अब्दुल कादर, शेख सहदुल्ला, मोहम्मद इमरान और मोहम्मद अब्दुल मोबिन को गिरफ्तार किया गया था। प्रवक्ता ने कहा कि बाद में एनआईए ने जांच को आगे बढ़ाने के लिए 26 अगस्त को मामला फिर से दर्ज किया।

अधिकारी ने कहा कि तेलंगाना में 38 स्थानों पर छापेमारी की गई, जिसमें सबसे अधिक 23 स्थानों पर निजामाबाद में, उसके बाद जगत्याल में सात, हैदराबाद में चार, निर्मल में दो और आदिलाबाद तथा करीमनगर जिलों में एक-एक स्थान पर छापेमारी की गई। अधिकारी ने कहा कि कादर और 26 अन्य लोगों से संबंधित मामले में आंध्र प्रदेश के कुर्नूल और नेल्लोर जिलों में एक-एक जगह तलाशी ली गई। साथ ही, उन्होंने कहा कि आरोपी ( शेष पेज 8 )

## एनएससीएन-आईएम शांति वार्ता बहाल करने पर राजी: जेलियांग

**पायनियर समाचार सेवा।** दीमापुर

**नगालैंड** के संयुक्त लोकतांत्रिक गठबंधन के अध्यक्ष टी. आर. जेलियांग ने दावा किया है कि नेशनलिस्ट सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालिम-इसाक मुइवा (एनएससीएन-आईएम) नगा शांति वार्ता में गतिरोध के हल की कवायद के तौर पर केंद्र से बातचीत बहाल करने पर राजी हो गया है। नगा राजनीतिक मुद्दे पर राज्य सरकार की कोर समिति के सह-अध्यक्ष जेलियांग ने कहा कि एनएससीएन-आईएम का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को दिल्ली के लिए रवाना हो सकता है। केंद्र तथा एनएससीएन-आईएम के बीच वार्ता में मई से ही गतिरोध जारी है। कोर समिति के सदस्यों तथा एनएससीएन-आईएम के प्रतिनिधियों के बीच शनिवार को चुमोकेदीमा में दो घंटे तक बैठक हुई। केंद्र ने मुख्यमंत्री नेफ्यु रियो की अगुवाई वाली कोर समिति से एनएससीएन-आईएम को शांति वार्ता बहाल करने के लिए ( शेष पेज 8 )

# टेलीग्राम के जरिये नशे के कारोबार का भंडाफोड़

- ग्रेटर नोएडा पुलिस ने तीन छात्रों को किया गिरफ्तार, 29 लाख की कैलीफोर्निया वीड बरामद
- डोपबाजी नाम का बना रखा था ग्रुप, जिस पर आर्डर दिया जाता था, क्रिप्टो करेंसी से होता था पेमेंट

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**ग्रेटर** नोएडा के नॉलेज पार्क थाना पुलिस व स्वाट टीम ने ड्रग तस्करी करने वाले एक गिरोह का खुलासा किया है। ये लोग टेलीग्राम पर ग्रुप बनाकर नशे के सामान की तस्करी किया करते थे। दिल्ली-एनसीआर के बड़े कॉलेजों और हॉस्टल में नशे के सामान को छात्रों को बेचा जाता था। पुलिस ने इस संबंध में तीन छात्रों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 29 लाख रुपये का कैलिफोर्निया बेस नशीला पदार्थ बरामद किया गया है।

विदेश से उच्च कोटि का नशीला पदार्थ मंगा कर छात्रों को नशे की लत में डालने वाले गिरोह का नॉलेज पार्क थाना पुलिस और स्वाट टीम ने खुलासा किया है। पुलिस ने इस दौरान भानु, अधिराज और सोनू को गिरफ्तार किया है। ये तीनों ही फरीदाबाद, हरियाणा के रहने वाले हैं। इनके कब्जे से 960 ग्राम अवैध नशीला टैबलेट व एक वजन मापने की इलेक्ट्रॉनिक मशीन तथा अन्य चीजें बरामद हुईं हैं। दरअसल, इन लोगों के द्वारा एक टेलीग्राम का ग्रुप बनाया गया था, जिसमें ढाई सौ लोग जुड़े थे। आरोपी सोनू ने डोपबाजी के नाम से एक ग्रुप बनाया था।

इसी ग्रुप में ऑर्डर आता था। इसके बाद ये तीनों ग्रेटर नोएडा के अलग अलग कॉलेजों और हॉस्टल में नशे की खेप की सप्लाई करते थे। इसमें अलग.अलग ऑनलाइन एप से पेमेंट की जाती थी। छात्र यह माल कोरियर के ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | 58,840 | |
| निफ्टी | 17,530 | |
| सोना | 49,447 | /10g |
| चांदी | 55,982 | /kg |

## क्विक न्यूज

### भाजपा ने नंदीग्राम में सहकारी समिति का चुनाव जीता

**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम में एक सहकारी समिति के चुनाव में रविवार को जीत दर्ज की। यह विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेन्दु अधिकारी का निर्वाचन क्षेत्र है। जिले के एक अधिकारी ने बताया कि भाजपा ने भेकुटिया समबेय कृषि समिति की 12 में से 11 सीट पर जीत दर्ज की है, वहीं एक सीट तृणमूल कांग्रेस के खाते में गई है। यह चुनाव रविवार को हुआ और इस दौरान दोनों दलों के कार्यकर्ताओं के बीच झड़पें हुई थी। चुनाव जीतने वाले भाजपा के एक उम्मीदवार ने आरोप लगाया कि तृणमूल ने चुनाव में बाधा डालने के लिए बाहरी लोगों को लाने की कोशिश की, लेकिन मतदाताओं ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया।

# तिब्बत के नागरिकों पर नजर रखने को डीएनए टेस्ट करा रहा चीन

- बायोलॉजिकल डाटाबेस तैयार करने के लिए 14 इलाकों से लिए सैंपल

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली

**चीन** लगातार कोई न कोई नई चाल चलता रहा है। अब खबरें ये आ रही हैं कि तिब्बत पर अपना एकाधिकार जमाए रखने के लिए वह यहां पर लोगों का सामूहिक डीएनए टेस्ट करा रहा है ताकि उन पर नज़र रखने के लिए उनका बायोलॉजिकल डेटाबेस तैयार किया जा सके। ह्यूमन राइट्स वॉच की रिपोर्ट के मुताबिक, तिब्बत के कई गांवों में लोगों के डीएनए सैंपल लिए गए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, चीन ने ऐसा ही कुछ पूर्वी तुर्किस्तान और दक्षिण मंगोलिया में भी करने की कोशिश की है। इससे पहले चीन ने हजारों उइगर मुसलमानों की नसबंदी करने के लिए जैविक साधनों का इस्तेमाल किया था जिसके खतरनाक नतीजे सामने आ रहे हैं। ह्यूमन राइट्स वॉच ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि तिब्बत के 14 अलग-अलग इलाकों में इस तरह के सैंपल लिए जाने के मामलों की पुष्टि हुई है। इससे यह साफ है कि चीन कितने बड़े पैमाने पर इस तरह का काम कर रहा है।

चीन ने क्राइम के मामलों की जांच पड़ताल के लिए इसी तरह की डेटा सैंपलिंग अपने देश में भी की है जहां 10 प्रतिशत पुरुषों के डीएनए सैंपल लिए गए हैं। तिब्बती मीडिया के अनुसार, चीन लंबे समय से कोशिश कर रहा है कि तिब्बत के लोगों के जीवन पर वह असर डाले और उन्हें अपनी मर्जी के मुताबिक चलाए।

## सेना ने आपात खरीद के लिए घरेलू रक्षा विनिर्माताओं को दिया आमंत्रण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** सेना ने रविवार को कहा कि स्वदेशी उपकरणों की मदद से अगला युद्ध लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप उसने घरेलू रक्षा उद्योग को आपातकालीन खरीद के लिए महत्वपूर्ण रक्षा उपकरणों की पेशकश करने के लिए आमंत्रित किया है। सेना ने अपने कई ट्वीट संदेशों में इस निमंत्रण का उल्लेख करते हुए कहा कि आपात खरीद के लिए घरेलू रक्षा विनिर्माताओं को स्थानीय रक्षा उपकरणों की पेशकश करनी चाहिए। सेना ने कहा, यह निमंत्रण स्वदेशी समाधानों के साथ भविष्य की लड़ाई लड़ने की सेना की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। सेना ने अपने ट्वीट में कहा कि आपात खरीद में घरेलू स्तर पर विकसित रक्षा उत्पादों की पेशकश एक सीमित समयसीमा के लिए लागू होगी। सेना ने कहा, खरीद की यह खिड़की भारतीय ( शेष पेज 8 )

# नीलामी : प्रधानमंत्री के एनसीसी पूर्व कैडेट कार्ड, राम मंदिर प्रतिकृतियों की काफी मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी को भेंट किए गए उपहारों की ऑनलाइन नीलामी में मोदी को दिया गया राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के पूर्व कैडेट का कार्ड, अयोध्या में बन रहे राम मंदिर की कई प्रतिकृतियां और चेन्नई में हाल में आयोजित शतरंज ओलंपियाड के शुभंकर की प्रतिमा की बेहद मांग है।

मूर्तिकार अरुण योगीराज द्वारा बनाई गई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमूर्ति और राष्ट्रमंडल खेलों के विजेताओं द्वारा मोदी को भेंट किए गए उपहारों सहित तकरीबन 1,200 से ज्यादा उपहारों की ऑनलाइन नीलामी शनिवार को आरंभ हो गई और यह काम दो अक्टूबर तक चलेगा। नीलामी वेब पोर्टल के जरिए की जा रही है। वेब पोर्टल पर एक श्रेणी है, जिसमें मोस्ट पार्टिसिपेटेड ऑक्शन (नीलामी के लिए सर्वाधिक मांग वाली वस्तुएं) वस्तुओं को रखा गया है। इस मद की सामग्रियों में एनसीसी द्वारा पूर्व कैडेट होने के कारण प्रधानमंत्री मोदी को दिया गया कार्ड शामिल है, जिसमें प्रधानमंत्री की तस्वीर भी है।




इस कार्ड के लिए रविवार को पूर्वाह्न 11 बजे तक 20 से अधिक बोलियां लग चुकी थीं। नीलामी की प्रक्रिया मोदी के जन्मदिन पर शनिवार पूर्वाह्न 10 बजे शुरू हुई थी। इस श्रेणी में अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर के विभिन्न आकार एवं वजन के कई प्रतिरूप शामिल हैं।



इनमें से एक प्रतिकृति प्रधानमंत्री को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भेंट की थी। इसमें राम मंदिर का लकड़ी का एक छोटा प्रतिरूप है, जिसके चारों ओर शीशा लगा है। राम मंदिर भगवान राम की जन्मभूमि पर बनाया जा रहा है। छह किलोग्राम वजनी इस प्रतिकृति का आधार मूल्य 10,800 रुपए है।

नीलामी वेबसाइट के अनुसार, इस श्रेणी में राम मंदिर की ढाई किलोग्राम, 3.2 किलोग्राम और 1.75 किलोग्राम की प्रतिकृतियां भी शामिल है। इसके अलावा इस श्रेणी में धातु का बना एक शंख, भगवान गणेश की प्रतिमा, एक त्रिशूल और तिरुपति बालाजी महाराज की लकड़ी की बनी प्रतिमा की प्रतिकृतियां भी शामिल हैं।

शंख के लिए रविवार पूर्वाह्न 11 बजे तक 30 से अधिक बोलियां लग चुकी थीं। चेन्नई में 2022 में हुए शतरंज ओलंपियाड के शुभंकर और आधिकारिक लोगो का प्रतिनिधित्व करने वाली एक प्रतिमा की भी नीलामी में काफी मांग है। एक गदा, एक अलंकृत तलवार, अशोक स्तंभ की एक धातु की मूर्ति और नटराज की एक मूर्ति भी उन वस्तुओं में शामिल है, जिनकी सर्वाधिक मांग है।

# फर्जी डिग्री बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, दो धरे

## इंटरनेट के माध्यम से देते थे विज्ञापन, लोगों से 30 से 70 हजार रुपये की रकम एठतें थे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा


फर्जी मार्कशीट बनाने वाले दोनों आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

नोएडा की थाना सेक्टर 63 पुलिस ने फर्जी डिग्री बनाने वाले अंतरराज्यीय गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके ऑफिस पर छापेमारी करते हुए इनके कब्जे से भारी मात्रा में फर्जी मार्कशीट व अन्य दस्तावेज बरामद किये है। यह भोले भाले लोगों को झांसे में लेकर उनकी फर्जी डिग्री व अन्य कागजात तैयार किया करते थे।

दरअसल थाना सेक्टर 63 पुलिस को सूचना मिली की फर्जी डिग्री व कागजात बनाने वाला एक गिरोह इस समय नोएडा में सक्रिय है। वह भोले वाले लोगों को अपने झांसे में लेकर फर्जी डिग्री बनाकर पैसे ऐठ रहा है। इसी सूचना पर थाना सेक्टर 63 पुलिस ने सेक्टर 63 के बी 44 में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौकै से आनंद शेखर व चिराग को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके ऑफिस से 85 फर्जी मार्कशीट, प्रमाण पत्र, 58 लिफाफे फर्जी मार्कशीट, 55 अलग अलग कंपनियों के सिम कार्ड व अन्य दस्तावेज बरामद किए। यह लोग बी 44 के सेकेंड फ्लोर पर फर्जी डिग्री बनाने का काम करते थे। सेंट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी साद मिया खान ने बताया कि इन लोगों का एक गिरोह है जो भोले भाले लोगों को कम पैसों में विभिन्न कोर्सोंडिप्लोमा की डिग्री, अंकतालिका उपलब्ध कराते हैं। इन लोगों ने बेंगलुरु में भी यही कार्य किया था। जिनके विरुद्ध वहां पर मुकदमा लिखा जाने से ये वहां से छोड़कर नोएडा भाग आये थे।

एडिशनल डीसीपी ने बताया कि इनके द्वारा इंटरनेट के माध्यम से 5000 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से एड करते थे जो भी इनके एड पर क्लिक करता था। उसका नम्बर इनके पास आ जाता था जिसके बाद उनके पास यह कॉल करके अपने विभिन्न कोर्सों के बारे में जानकारी देते थे। ग्राहक की जरूरत के हिसाब से यह उनके लिए डिग्री तैयार करते थे और उसी हिसाब से पैसे लेते थे। उन्होंने बताया कि जो भी भोला भाला व्यक्ति इनके झांसे में आ जाता था तो ये उनसे 30 से 70 हजार रुपये तक पैसा नगद लेकर फर्जी मार्कशीट डिग्रियां उपलब्ध करा देते थे। यह लोग इतने शातिर थे कि लगभग 20 साल तक पुरानी अंकतालिका डिग्री देने का भी ठेका ले लेते थे और लोगों से पैसा लेकर डिग्री उपलब्ध कराते थे।

अब तक ये सैकड़ों लोगों को अपना निशाना बना चुके है। जनवरी से ये लोग यहां पर काम कर रहे थे। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि इनके गिरोह के अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। यह अब तक काफी लोगों को अपना निशाना बना चुके हैं। इन लोगों के खिलाफबेंगलुरु में भी मुकदमा दर्ज है साथ ही पुलिस अन्य थानों से भी इनके आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी जुटा रही है।


इमाम हुसैन की शहादत की याद में निकाले जा रहे चेहलुम जुलूस में शामिल श्रद्धालु शोक व्यक्त करते हुए।

# बुजुर्ग को आवारा कुत्ते ने काटा, टहलते समय हाथ और पैर में नोंचा, अस्पताल में भर्ती

- शरीर पर गहरे घाव आए, पीड़ित को लगाए गए बीस टांके

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में लगातार कुत्तों के हमले की खबरें सामने आ रही हैं। ऐसा ही मामला शनिवार को सामने आया। 60 वर्षीय बुजुर्ग पर आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया। हमले में बुजुर्ग बुरी तरह से घायल हो गए।

उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामला नोएडा के सफर्बाद गांव का है। गांव निवासी इस्लाम ने बताया कि वह रोजाना सुबह घूमने के लिए जाते हैं। शनिवार को भी सुबह घूमने के लिए जा रहे थे, तभी रास्ते में एक आवारा कुत्ते ने उन पर अचानक से हमला कर दिया। हमले के दौरान कुत्ते ने उनके हाथ और पैर को बुरी तरह से काट लिया।

उन्होंने बताया कि मैंने कुत्ते को काफी भगाने की कोशिश की, लेकिन उसने मुझे नहीं छोड़ा। इसके बाद वहां पर मौजूद लोगों ने कुत्ते को मारकर भगाया जिसके बाद उस आवारा कुत्ते ने मुझको छोड़ा। तब तक मेरे हाथ और पैर को वह बुरी तरह से काट कर लहूलुहान कर चुका था। आनन-फानन बुजुर्गों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर उनके 20 टांके आए हैं। कुत्ते ने हाथ और पैर में बुरी तरह से कांटा है, जिससे कि उनके शरीर पर गहरे घाव हो गए। फिलहाल बुजुर्ग अस्पताल में भर्ती हैं और उनका उपचार चल रहा है। आवारा कुत्तों को लेकर प्राधिकरण की तरफ से कई बार नियम बनाए गए हैं, लेकिन वह धरातल पर नजर नहीं आते। आए दिन आवारा कुत्ते आम लोगों को निशाना बनाते हुए नजर आते हैं। इससे पहले भी कई ऐसे मामले हो चुके हैं, जहां पर आवारा कुत्ते आम लोगों को काट चुके हैं।

## देवरानी ने डंडों से बुजुर्ग जेठानी पर सड़क पर पीटा

**नोएडा।** नोएडा के एक्सप्रेस वे थाना क्षेत्र के नगला वाजिदपुर गांव का एक वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो में एक महिला दूसरी बुजुर्ग महिला को बुरी तरह से पीट रही है। लगातार बुजुर्ग महिला पर डंडे बरसा रही है। नोएडा के एक्सप्रेस वे थाना क्षेत्र के सेक्टर 135 स्थित नगला वाजिदपुर गांव का एक वीडियो वायरल हुआ है। इस वायरल वीडियो में राजवती 70 के साथ उनकी देवरानी सन्तोष 60 मारपीट कर रही है और डंडों से लगातार उन को पीट रही है। इस दौरान सन्तोष डंडों से लगातार बुजुर्ग महिला पर वार कर रही है और बेरहमी से बुजुर्ग महिला को पीट रही है।

# ट्विन टावर अधिकारियों और निदेशकों की बढ़ेगी मुसीबत

- विजिलेंस ने प्राधिकरण से हासिल की पूरी जानकारी, अब होगी एक-एक अधिकारी से पूछताछ

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा में सुपरटेक ट्विन टावर मामले में एसआइटी जांच के बाद 24 अधिकारी, दो आर्किटेक्ट कंपनी और चार सुपरटेक के निदेशकों के खिलाफ लखनऊ विजिलेंस मामला दर्ज हुआ था। इसमें नोएडा प्राधिकरण से अधिकारियों व कर्मचारियों के दस्तावेज हासिल करने के बाद अब प्राधिकरण और सुपरटेक निदेशकों के खिलाफकार्रवाई शुरू होने जा रही है। जिसके संकेत नोएडा प्राधिकरण कार्यालय से मिलने लगे है।

सुपरटेक ट्विन टावर मामले में लखनऊ विजिलेंस ने नोएडा प्राधिकरण पहुंचकर जानकारी ली थी। टीम ने ट्विन टावर और एमराल्ड के नक्शों से जुड़ी पूरी जानकारी ली। विजिलेंस में करीब 11 महीने पहले नोएडा प्राधिकरण ने एसआइटी की जांच रिपोर्ट के आधार पर 24 अधिकारियों के अलावा सुपरटेक बिल्डर के चार पदाधिकारियों को आरोपी बनाया था।

अब बारी बारी से पूछताछ होगी। विजिलेंस ने इस मामले में नोएडा प्राधिकरण के तत्कालीन सीईओ मोहिंदर सिंह, एसके द्विवेदी, एसीईओ आरपी अरोड़ा, ओएसडी यशपाल सिंह, सहयुक्त नगर नियोजक ऋतुराज व्यास, नगर नियोजक एके मिश्रा, वरिष्ठ नगर नियोजक राजपाल कौशिक, मुख्यवास्तु विधि त्रिभ्जुवन सिंह, उप महाप्रबंधक शैलेंद्र कैरे, परियोजना अभियंता बाबू राम, प्लानिंग असिस्टेंट टीएन पटेल, वीए देवपुजारी मुख्य वास्तुविद, अनीता प्लानिंग असिस्टेंट, मुकेश गोयल, प्रवीण श्रीवास्तव, ज्ञान चंद, राजेश कुमार, विमला सिंह, विपिन गौड़, एमसी त्यागी, केके पांडे, पीएम बाथम, एसी सिंह शामिल है।

इसके अलावा सुपरटेक के निदेशक आर के आरोड़ा, संगीता, अनिल और विकास कंसल शामिल है। इन सभी से विजिलेंस पूछताछ करेगी। प्राधिकरण से गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण के प्लानिंग मैनेजर मुकेश गोयल, नोएडा प्राधिकरण की प्लानिंग असिस्टेंट विमला सिंह, यूपीएसआईडीसी में तैनात प्लानिंग असिस्टेंट अनीता व प्राधिकरण के प्रभारी जीएम प्लानिंग ऋतुराज हैं। इन चारों को शासन स्तर से निलंबित किया जा चुका है।

## संक्षिप्त समाचार


आरोपियों को मीडिया के सामने पेश करते पुलिस अधिकारी।

### मर्चेंट नेवी अफसर के घर डकैती डाले वाले गिरफ्तार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की बीटा-2 थाना पुलिस ने मर्चेंट नेवी ऑफिसर के घर हुई डकैती का खुलासा किया है। पुलिस ने घर की नौकरानी सहित 6 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। घर की नौकरानी ने ही डकैती की घटना को अंजाम दिलवाया था। उसी के द्वारा डकैतों को बुलाकर घर की रैकी कराई गई थी। पंखिया गिरोह ने इस डकैती की घटना को अंजाम दिया था। 5 सितंबर को बीटा. 2 थाना क्षेत्र के सेक्टर बीटा 1 में मर्चेंट नेवी ऑफिसर सर्वज्ञ जैन के घर पर बदमाशों ने परिवार वालों को बंधक बनाकर डकैती की घटना को अंजाम दिया था। करीब 2 घंटे तक परिवार को बंधक बनाकर इन लोगों ने डकैती की थी और घर का सामान लूट कर फरार हो गए थे। इस डकैती की घटना के बाद पूरे सेक्टर में हड़कंप मच गया था।

### बर्थडे पार्टी में हुड़दंग करने वाले दो पकड़े गए

**गाजियाबाद।** बीच सड़क पर बर्थडे पार्टी के दौरान हुड़दंग मचाने वाले दो लड़कों को पुलिस ने शनिवार देर रात गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कार और अन्य आरोपियों को भी ट्रैस कर लिया है। उन्हें भी पकड़ने के लिए दो थानों की पुलिस टीमें लगी हैं। 28 सेकेंड का एक वीडियो मोहित मेहता नाम के शख्स ने अपने वॉट्सऐप स्टेटस पर शेयर किया। एलिवेटेड रोड के एक लेन पर करीब 10-12 लड़के खड़े हैं। रोड पर ही कई गाड़ियां खड़ी हैं। गाड़ियों के बोनट पर पांच केक रखे हैं। एक लड़का स्काई शॉट का बॉक्स हाथ में लिए हुए है और स्काई शॉट हवा में जाकर फट रहे हैं। गाड़ियों में तेज आवाज में म्यूजिक भी बज रहा है। पुलिस ने गाड़ी बरामद करते हुए दो लड़कों को गिरफ्तार कर लिया है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना का हुआ निर्माण

**गाजियाबाद।** मधुबन बापूधाम योजना में रविवार को प्रधनमंत्री आवास योजना निर्माणाधीन मकानों का निर्माण पुलिस बल की निगरानी में हुआ। पुलिस कर्मचारी प्रोजेक्ट के बाहर ही तैनात रहे। ताकि किसान इसके निर्माण कार्य का विरोध कर बंद न करा दें। एक समान मुआवजे की मांग को लेकर इस योजना से प्रभावित किसान लगातार विरोध कर रहे हैं। किसान अपने विरोध के चलते मधुबन बापूधाम में कोई भी विकास कार्य नहीं होने दे रहे हैं। इस विरोध के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तैयार हो रहे निर्माणाधीन 856 मकान भी प्रभावित हो रहे हैं। इसको लेकर जीडीए उपाध्यक्ष ने एसएसपी को पत्र लिखा था। इसमें निर्माण कार्य पूरा करने के लिए पुलिस बल की मांग की गई थी।

### मुठभेड़ के बाद घायल इनामी बदमाश गिरफ्तार

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर जिले के डिबाई थाना क्षेत्र में पुलिस ने 50 हजार रुपए के ईनामी बदमाश को एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से बदमाश घायल हो गया है, जबकि एक पुलिसकर्मी को भी गोली लगी है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। डिबाई के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) वरुण कुमार सिंह ने बताया डिबाई थाना इलाके में शनिवार की रात पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जिसका नाम कप्तान उर्फ मंगल है। उन्होंने बताया कि बदमाश मूलरूप से मध्य प्रदेश के मुरैना जिले का निवासी है और वह 2014 से ही डकैती के कई मामलों में वांछित था। सिंह के मुताबिक कप्तान बावरिया गिरोह का सक्रिय सदस्य भी है जिसके ऊपर 50,000 रुपए का इनाम भी घोषित है।

# चौड़ा मोड़ बंद किया जाना संभव नहीं: पुलिस

- जाम लगने के बाद यातायात पुलिस ने हाथ खड़े किए, अब सीबीआरआई करेगी सर्वे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

मास्टर प्लान रोड नंबर-1 डीएनडी से सेक्टर-57 को सिग्नल फ्री करने की योजना में अटकाव आ गया है। प्राधिकरण की ओर सेक्टर-12 चौड़ा मोड़ को बंद करने से लगे लंबे जाम के बाद यातायात पुलिस ने साफतौर पर कह दिया कि इस चौराहे को

पूरी तरह बंद किया जाना संभव नहीं है। बंद करने की स्थिति में व्यवस्था बिगड़ जाएगी। अब प्राधिकरण अगले सप्ताह सीबीआरआई से इस चौराहे का सर्वे कराएगा जिसके बाद कोई नई व्यवस्था लागू की जाएगी। एमपी वन रास्ते को सिग्नल फ्री किए जाने का काम नोएडा प्राधिकरण का ट्रैफिक सेल करवा रहा है।

अब तक तीन चौराहे.तिराहे पूरी तरह और एक चौराहा आधा हिस्से में बंद कर यू.टर्न के जरिए ट्रैफिक निकाला जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार दोपहर ट्रैफिक सेल ने चौड़ा मोड़ चौराहे को बंद कर दिया था जिसकी वजह से शाम के समय लंबा जाम लग गया था। जाम लगने पर चौराहे को वापस खोलना पड़ा। इस मामले में शनिवार को यातायात पुलिस ने ट्रैफिक सेल को साफतौर पर बता दिया कि चौराहे व आसपास की मौजूदा स्थिति के हिसाब से इसको बंद किया जाना संभव नहीं है। बंद करने पर ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ जाएगी। चौराहे को बंद करने की मंजूरी नहीं दी जाएगी। यातायात पुलिस की ओर से साफइंकार करने के बाद अब नोएडा ट्रैफिक सेल के अधिकारी नए सिरे से योजना बनाने की बात कह रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि अब दोबारा से चौड़ा मोड़ चौराहे का सीबीआरआई के माध्यम से अध्ययन कराया जाएगा। अध्ययन में जो चीजें सामने आएंगी उसको लागू कराया जाएगा।

गौरतलब है कि शहर की तीन सड़कों को सिग्नल फ्री बनाने का काम नोएडा प्राधिकरण का ट्रैफिक सेल कर रहा है। इसमें एमपी.1 के लिए 6 करोड़ रुपये की लागत अनुमानित है। नवंबर.2021 में इस रोड पर काम शुरू हो गया था। अब तक काम पूरा ट्रैफिक सेल पूरा नहीं करवा पाई है। कई बार डेडलाइन बढ़ाई जा चुकी है। सेक्टर.12.22 चौराहे को बंद करवाने में असफलता का बड़ा कारण विभाग के आला अधिकारियों का जमीनी न होना है।

# डॉक्टर को सर तन से जुदा करने की धमकी देने का मामला झूठा निकला

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

डॉक्टर अरविंद वत्स अकेला को सर तन से जुदा करने जैसी धमकी देने का मामला झूठा निकला।

डॉक्टर ने सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए एक मरीज के वर्चुअल नंबर को यूएस का बता दिया और जिसे कटा हुआ पैर बताया जा रहा था, वो मरीज का सूजा हुआ पैर निकला। पुलिस अब डॉक्टर के विरुद्ध भ्रामक सूचना देने पर कार्रवाई करने जा रही है। सिहानी गेट थाना क्षेत्र में अंबेडकर कॉलोनी निवासी डॉक्टर अरविंद वत्स अकेला लोहियानगर के पास सीताराम हृदयनाथ चिकित्सालय का संचालन करते हैं। 11 सितंबर को उन्होंने एक रिपोर्ट दर्ज कराई।

रिपोर्ट के अनुसार, उन्हें 2 सितंबर को वॉट्सएप पर यूएस के नंबर से थ्रेट कॉल आई। कहा-तू डॉक्टर अकेले बोल रहा है। तुझे तेरा मोदी, योगी बचा नहीं पाएगा। जैसे कन्हैया कुमार व उमेश को भेजा है, तुझे भी वहीं भेज दूंगा। गुस्ताखे रसूल की एक ही सजा, सर तन से जुदा, सर तन से जुदा।

# ऐलीवेटिड रोड पर दीवार से टकराई तेज रफ्तार स्पोर्ट्स बाइक, दो मेडिकल छात्रों की मौत

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

देश के पहले सिंगल पिलर एलिवेटेड रोड पर गाजियाबाद में शनिवार रात दर्दनाक हादसा हो गया। तेज रफ्तार स्पोर्ट्स बाइक साइड वॉल से जा टकराई। एक छात्र एलिवेटेड रोड से करीब 30 फीट नीचे आ गिरा। दोनों छात्रों की मौके पर मौत हो गई। दोनों अरुणांचल प्रदेश के रहने वाले थे गाजियाबाद के कॉलेजों से ठक्के की पढ़ाई कर रहे थे। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस ने परिजनों को सूचित कर दिया है।

मृतकों की पहचान 19 वर्षीय सोलोमने और ग्याती ताजे के रूप में हुई है। दोनों अरुणांचल प्रदेश के रहने वाले थे। इसमें एक छात्र गाजियाबाद के इंद्रप्रस्थ मेडिकल कॉलेज और दूसरा मुरादनगर के कादराबाद स्थित कॉलेज से पढ़ाई कर रहा था। शनिवार देर रात दोनों छात्र स्पोर्ट्स बाइक से दिल्ली से गाजियाबाद की तरफलौट रहे थे। एलिवेटेड रोड पर इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में वसुंधरा पुलिस चौकी के समीप तेज रफ्तार बाइक रोड की साइड वॉल से जा टकराई। बताया जा रहा है कि टक्कर इतनी तेज थी कि एक लड़का बाइक से उछलकर एलिवेटेड रोड को क्रॉस करके नीचे सड़क पर आ गिरा। सड़क और एलिवेटेड रोड की ऊंचाई में करीब 30 फीट का अंतर है। जबकि दूसरे छात्र का सिर एलिवेटेड रोड की साइड वॉल से टकराया। घायल दोनों छात्रों को नजदीकि अस्पताल में ले गई। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि दोनों में से किसी भी छात्र ने हेलमेट नहीं पहना हुआ था। इस वजह से सिर में गहरी चोट आई और यही उनकी मौत की वजह बनी।

## केले गोदाम के पास पड़ा मिला युवक का शव

**गाजियाबाद।** लोनी के डाबार तालाब कॉलोनी केले गोदाम के पास पार्किंग में अज्ञात व्यक्ति की ईंट से पीटकर हत्या कर दी गई है। मृतक के चेहरे पर वार किए गए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत के कारणों का पता चलेगा।

तलाब कॉलोनी स्थित पार्किंग में कुछ रिक्शा चालक अपना रिक्शा निकालने जा रहे थे। यहां उन्होंने एक अज्ञात व्यक्ति को पड़ा हुआ देखा। व्यक्ति के चेहरे में चोट के निशान थे। चेहरे में किसी ने ईंट से वार कर छतिग्रस्त कर रखा था। आसपास के लोगों ने व्यक्ति को देखा, लेकिन किसी ने शिनाख्त नहीं की।


जेवर टोल प्लाजा पर मास्क नहीं पहने वालों का चालान काटती पुलिस।

# सेक्टर-142 से बॉटनिकल गार्डन के बीच बन सकते है पांच नए मेट्रो स्टेशन

- नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रस्ताव पर दिल्ली मेट्रो रेल निगम की मोहर लगनी बाकी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



लोगों की सहमति से रविवार को सेक्टर-142 से बॉटनिकल गार्डन स्टेशन तक चलने वाली मेट्रो के बीच नया रूट फाइनल कर लिया गया है। यह रूट बॉटनिकल गार्डन से सेक्टर-44, 45,104, 98, 105, 108, 93 और बालक इंटर कॉलेज होते हुए सेक्टर-142 तक जाएगा। ऐसे में इस रूट पर पांच स्टेशन संभावित हैं।

हालांकि, अभी इस पर दिल्ली मेट्रो रेल निगम डीएमआरसी, की सहमति बाकी है। नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन एनएमआरसी अगले सप्ताह डीएमआरसी को इस रूट पर मेट्रो चलाने का प्रस्ताव भेज देगा। इसके हिसाब से डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार होगी।

लोगों की राय जानने के लिए रविवार को सेक्टर-29 स्थित एनएमआरसी कार्यालय में नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे के आसपास की सेक्टर, सोसाइटी, ग्रामीण प्रतिनिधियों के अलावा व्यापारियों और अन्य स्टेक होल्डर की बैठक बुलाई। बैठक की अध्यक्षता एनएमआरसी की प्रबंध निदेशक ऋतु माहेश्वरी ने की। बैठक में लोगों को मेट्रो रूट के तीन विकल्प दिए गए।

शुरुआत में इसका रूट नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे के समानांतर रखा गया था, लेकिन बाद में आवासीय सेक्टरों से ले जाने का निर्णय लिया गया। आवासीय सेक्टरों में भी कौन सा रूट लिया जाए, इसको लेकर सहमति होनी बाकी थी। अधिकारियों ने बताया कि नया रूट करीब 900 मीटर पहले के मुकाबले अधिक होगा। अधिकतर लोगों ने मेट्रो के रूट के दूसरे विकल्प पर सहमति दी है। प्रस्तावित रूट को तकनीकी फिजिबिलटी और फाइनेंसिएल वाइबिलिटी के लिए डीएमआरसी को भेजा जाएगा ताकि अंतिम निर्णय हो सके। बैठक में अधिकतर स्टेक होल्डर ने दूसरे विकल्प यानी बालक इंटर कॉलेज, सेक्टर.93, सेक्टर.108,105, सेक्टर.104,98 सेक्टर.45,44 होते हुए बॉटनिकल गार्डन स्टेशन तक जाने वाले रूट को चुनाए जबकि कुछ ने विकल्प एक भी चुना। हाजीपुर गांव के लोगों ने भी दूसरे नंबर के विकल्प पर सहमति दी। अभी नोएडा.ग्रेनो के बीच एक्वा लाइन पर मेट्रो चल रही है। यह लाइन नोएडा के सेक्टर-51 से शुरू होकर ग्रेनो डिपो तक जाती है।

सेक्टर-142 मेट्रो स्टेशन है। अब एक्वा लाइन का दायरा बढ़ाते हुए सेक्टर.142 से बॉटनकिल गार्डन स्टेशन को जोड़े जाने की तैयारी है। खास बात यह है कि बॉटनिकल गार्डन से ही जनकपुरी तक जाने वाली मजेंटा लाइन और द्वारका तक जाने वाली ब्लू लाइन मेट्रो होकर गुजरती है। ब्लू लाइन नोएडा के सेक्टर-63 इलेक्ट्रॉनिक सिटी से शुरू होकर दिल्ली के द्वारका तक जाती हैए जबकि मजेंट लाइन की शुरुआत बॉटनिकल गार्डन से ही होती है। आने वाले समय में सेक्टर.142 से बॉटनिकल गार्डन तक मेट्रो चलने पर चार लाइन आपस में जुड़ जाएंगी, ग्रेनो से दिल्ली के बीच आने-जाने वालों का सफर आसान हो जाएगा। अभी ग्रेनो वालों को बॉटनिकल गार्डन स्टेशन तक आने के लिए सेक्टर-51 तक आना पड़ता है। यहां से सेक्टर-52 स्टेशन से ब्लू लाइन मेट्रो लेकर बॉटनिकल गार्डन या अन्य स्थानों तक जाते हैं।

### मेट्रो रूट के ये विकल्प

- सेक्टर.91, सेक्टर.98, सेक्टर.97, सेक्टर.125 और बॉटनिकल गार्डन।
- बालक इंटर कॉलेज, सेक्टर.93, सेक्टर.108,105, सेक्टर-104, 98 सेक्टर.45,44, बॉटनिकल गार्डन।
- बालक इंटर कॉलेज, सेक्टर.93, जनपथ, सेक्टर.104,98, सेक्टर-45, 44, बॉटनिकल गार्डन

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 19 सितंबर, 2022



# हर वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ना प्रधानमंत्री का लक्ष्य: अमित शाह

## क्रॉस कंट्री स्लम दौड़ को गृहमंत्री ने दिखाई झंडी, पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर आयोजित सेवा पखवाड़ा के तहत कई कार्यक्रम

● 10,000 से अधिक झुग्गी झोपड़ी के विभिन्न आयुवर्ग के बच्चों एवं युवाओं ने भाग लिया।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में क्रॉस कंट्री स्लम दौड़ का शुभारंभ मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हरी झंडी दिखाकर किया।

इस दौड़ में 10,000 से अधिक झुग्गी झोपड़ी के विभिन्न आयुवर्ग के बच्चों एवं युवाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि समाज के हर वर्ग को मुख्यधारा से जोडना पीएम नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य है। इसी उद्देश्य से भाजपा ने इस दौड़ का आयोजन किया है, जिसमें दिल्ली की झुग्गी बस्तियों और अन्य क्षेत्रों के हजारों बच्चे सम्मिलित होकर शिक्षा के साथ-साथ खेल कूद से भी जुड़ेंगे और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम से शुरू हुई 'क्रॉस-कंट्री स्लम दौड़' को केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौड़ में झुग्गी-झोपड़ियों के 10 हजार से ज्यादा बच्चों और युवाओं ने हिस्सा लिया है। इस दौड़ की शुरूआत मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम से हुई और इसका समापन कुतुब मीनार गोल्फ कोर्स पर हुआ।



मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में सेवा कार्यक्रम के तहत क्रॉस-कंट्री स्लम रेस को हरी झंडी दिखाई गृहमंत्री अमित शाह व साथ अन्य भाजपा नेता।

इस दौड़ को 'एक भारत श्रेष्ठ भारत रैली' नाम दिया गया है। इस दौड़ में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को चार हिस्सों में बांटा गया है। 2.5 किलोमीटर की दौड़ में 10-15 साल के लड़के या लड़कियां भाग ले सकते हैं। जबकि 2.5 किलोमीटर की दूसरी दौड़ में किसी भी आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। पार्टी के इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, खेल राज्य मंत्री निशीथ प्रमाणिक, दिल्ली प्रदेश बीजेपी प्रभारी बैजयंत जय पांडा और प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष आदेश गुप्ता के साथ-साथ पार्टी के कई सांसद और विधायक मौजूद रहे। प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन को चिह्नित करने के लिए भाजपा ने दो हफ्ते के लंबे कार्यक्रम की योजना बनाई है. पार्टी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक यानी 21 दिनों के लिए सेवा और समर्पण अभियान चला रही है। जिसके तहत अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं दिल्ली प्रदेश प्रभारी बैजयंत जय पांडा, आईसीसीआर के चेयरमैन विनय सहस्त्रबुद्धे, राष्ट्रीय मंत्री एवं प्रदेश सह-प्रभारी डॉ अलका गुर्जर, नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद डॉ हर्षवर्धन, पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल, सांसद रमेश बिधूड़ी एवं गौतम गंभीर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश उपाध्याय, पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा, प्रदेश महामंत्री दिनेश प्रताप सिंह, कार्यक्रम के संयोजक राजन तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा एवं जयवीर राणा, प्रदेश कोषध्यक्ष विष्णु मित्तल, फिजिकल फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सेक्रेटरी डॉ पीयूष जैन सहित प्रदेश, मोर्चा और जिला के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बच्चों की प्रतिभा सामने लाने का प्रयासः आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी क्रॉस कंट्री स्लम दौड़ एक मंच झुग्गी झोपड़ी और अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले हुनरबाज और प्रतिभा को निखारकर दिल्ली के सामने उन्हें लाने का एक जरिया बना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खेलो इंडिया फिट इंडिया मोमेंट को साकार किया गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में प्रतिभा की कमी नहीं है, लेकिन जरूरत है उसको एक मंच और सही दिशा देने की, जो इस प्रतियोगिता के द्वारा सच साबित हुआ है। क्योंकि केजरीवाल सरकार खिलाड़ियों की जगह विज्ञापन में पैसे बहाती है लेकिन खिलाड़ियों को बेसिक सुविधा तक नहीं दे पाती।

# नफरत मिटाने व भरोसा जगाने निकली पुलिस

● दिल्ली दंगे के बाद समाज में उपजे मतभेदों से विशेष पुलिस आयुक्त ने किया आठ जिलों का दौरा, मातहतों के लिए जारी किए निर्देश

● 16 अप्रैल को हनुमान जयंती जुलूस के दौरान सांप्रदायिक झड़प हुई थी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली में सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील उत्तर-पूर्वी और उत्तर-पश्चिमी समेत आठ पुलिस जिलों के शीर्ष अधिकारियों को नफरत फैलाने की घटनाओं और सडक़ पर होने वाले अपराध को रोकने समेत लोगों के भरोसे में बढ़ोतरी करने के निर्देश दिए गए हैं। फरवरी 2020 में उत्तर-पूर्वी जिले में संशोधित नागरिकता अधिनियम के समर्थकों और इसका विरोध कर रहे लोगों के बीच झड़पों के बाद दंगे भडक़ गए थे जिनमें कम से कम 53 लोगों की मौत हो गई थी और 200 से अधिक घायल हुए थे।

उत्तर पश्चिमी जिले के जहांगीरपुरी इलाके में इस साल 16 अप्रैल को हनुमान जयंती जुलूस के दौरान सांप्रदायिक झड़प हुई थी, हालांकि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ था। विशेष पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) दीपेंद्र पाठक आठ जिलों का दौरा कर ग्राउंड स्टाफ को निर्देश जारी कर उनसे फीडबैक ले रहे हैं। पाठक ने कहा कि मैंने अपने क्षेत्राधिकार के सभी आठ जिलों के प्रमुखों को निर्देशित किया है कि वे नफरत फैलाने की घटनाओं और सडक़ पर होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाने समेत जनता के भरोसे को बढ़ाने पर जोर दें। दिल्ली के 15 पुलिस जिलों में से आठ पाठक के क्षेत्राधिकार में आते हैं जिनमें उत्तरी, उत्तर-पूर्वी, उत्तर-पश्चिमी, मध्य, रोहिणी, शाहदरा, पूर्वी, पूर्वोत्तर और बाहरी उत्तर जिला शामिल हैं।उत्तरी जिले में उपराज्यपाल कार्यालय, मुख्यमंत्री का निवास और विधानसभा भवन है, जबकि मध्य जिले में पुरानी दिल्ली, राजघाट और ऐतिहासिक महत्व के अन्य स्थान शामिल हैं। गाजीपुर और सिंघू बॉर्डर, जो एक वर्ष से अधिक समय तक किसानों के आंदोलन का केंद्र रहे, क्रमशः पूर्वी और बाहरी उत्तर जिले के अंतर्गत आते हैं।

# 25 साल पुराने हत्या मामले में एक गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने हत्या के एक आरोपी को गिरफ्तार कर 25 साल पुराने मामले का पर्दाफाश किया । जांच के दौरान महीनों तक पुलिसकर्मी पहचान बदलकर विभिन्न इलाकों में आरोपी की तलाश में जुटे रहे। दिल्ली के तुगलकाबाद इलाके में रहने वाले किशन लाल की फरवरी 1997 की सर्द रात में चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी और हत्यारे का पता नहीं चल पाया।

छोटे-मोटे विभिन्न काम करने वाले लाल की पत्नी सुनीता उस समय गर्भवती थी, जो दंपति का पहला बच्चा था। हत्या के मामले में मुकदमा शुरू हुआ और पटियाला हाउस अदालत ने दिहाड़ी मजदूर भगोड़े संदिग्ध रामू को भगोड़ा अपराधी घोषित कर दिया। वह लाल के पड़ोस में ही रहता था।

मामले की फाइल दो दशकों से अधिक समय तक धूल चाटती रही। पुराने मामलों को संभालने के लिए प्रशिक्षित, दिल्ली पुलिस के उत्तरी जिले की एक टीम ने अगस्त 2021 में इस पर काम शुरू किया। एक साल बाद, सुनीता को दिल्ली पुलिस का फोन आया और उन्हें तुरंत लखनऊ पहुंचने के लिए कहा गया। दिल्ली पुलिस ने 50 वर्षीय एक व्यक्ति को पकड़ा था, जिसके बारे में उनका मानना था कि वह सुनीता के पति का हत्यारा है। पुलिस चाहती थी कि सुनीता संदिग्ध की पहचान की पुष्टि करे। अपने बेटे सनी (24) के साथ पहुंची सुनीता ने पुलिस को पुष्टि की वह आदमी रामू ही है और बेहोश हो गई। पुलिस उपायुक्त (उत्तरी जिला) सागर सिंह कलसी ने बताया कि महिला ने न्याय पाने की सभी उम्मीदें खो दी थीं।

मामले में तब उम्मीद जगी जब हमारी पुलिस टीम ने इस पुराने मामले पर काम करना शुरू किया। लेकिन यह इतना आसान नहीं था क्योंकि बहुत समय बीत चुका था।

# आत्ममुग्ध केजरीवाल कर रहे पुराना नाटक: भाजपा

● प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि हर चुनाव से पहले आप करती है जीत का दावा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



संबित पात्रा

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अरविंद केजरीवाल पर भ्रष्टाचार का महिमामंडन करने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) वही पुराना नाटक कर रही है जो वह प्रत्येक चुनाव से पहले करती रही है। भाजपा की यह टिप्पणी दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल द्वारा यह कहे जाने के कुछ घंटे बाद आई कि भाजपा गुजरात में हार के डर से आप को निशाना बना रही है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आप नेताओं को केंद्रीय एजेंसियों द्वारा गिरफ्तारी के लिए तैयार रहने के सुझाव पर भाजपा के प्रवक्ता संबित पात्रा ने उन पर भ्रष्टाचार के महिमामंडन का आरोप लगाया और कहा कि मुख्यमंत्री का साक्ष्यों के बढ़ते दबाव के कारण दागी साथियों के इस्तीफा देने से पहले उनके (साथियों के) बचाव में उतरने का इतिहास रहा है।

पात्रा ने आरोप लगाया कि केजरीवाल आत्ममुग्ध और बयान बहादुर हैं, जो दो राज्यों में सत्ता हासिल करने के बाद खुद को भगवान समझ रहे हैं। इससे पहले आप के राष्ट्रीय संयोजक ने अपनी पार्टी की तुलना भगवान कृष्ण के बाल रूप कान्हा से की, जिन्होंने बड़े राक्षसों का वध किया। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि जिस आदमी ने शराब के धंधे से कमीशन लिया वह स्वयं की तुलना कान्हा (भगवान कृष्ण) से करता है। पात्रा ने कहा कि केजरीवाल हमेशा किसी भी राज्य चुनाव से पहले दावा करते हैं कि उनकी पार्टी जीत रही है और अन्य बैखलाए हुए हैं। गुजरात में आप के जीत के दावे पर पात्रा ने कहा कि भाजपा के शासन में गुजरात दशकों से विकास पथ पर अग्रसर है और आगे भी रहेगा। उन्होंने केजरीवाल पर यह दावा करने को लेकर पलटवार किया कि उनकी पार्टी कट्टर ईमानदार है। पात्रा ने कहा कि आप वास्तव में कट्टर बेईमान और भ्रष्ट है। भाजपा प्रवक्ता ने जितेंद्र सिंह तोमर और संदीप कुमार समेत अन्य का हवाला देते हुए कहा कि इतिहास में किसी भी निर्वाचित सरकार के इतने मंत्रियों को भ्रष्टाचार के आरोप के कारण इस्तीफा नहीं देना पड़ा है, जितना कि आप सरकार के मंत्रियों को देना पड़ा है।

# गुजरात का सह प्रभारी बनाए जाने पर राघव ने का जताया आभार



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने गुजरात में पार्टी का सह प्रभारी नियुक्त किए जाने पर सीएम अरविंद केजरीवाल का आभार जताया है।

ज्ञात रहे कि गुजरात विधानसभा चुनाव से पहले उनको सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। पार्टी की ओर से सह प्रभारी बनाए जाने के बाद राघव चड्ढा ने कहा कि गुजरात में चुनाव से पहले पार्टी के आधार को मजबूत करने का यह बड़ा मौका देने के लिए मैं अपने राजनीतिक गुरु और राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का बहुत आभारी हूं।

उन्होंने कहा कि आज गुजरात में भी बदलाव की लहर है। लोग बदलाव चाहते हैं और वे अरविंद केजरीवाल और आप को अपार प्यार दे रहे हैं। भाजपा ने गुजरात को भ्रष्टाचार, ड्रग्स और बेरोजगारी का अड्डा बना दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### एनडीएमसी एम्प्लाइज थ्रिफ्ट क्रेडिट सोसायटी की बैठक



**नई दिल्ली।** कमानी आडोटोरियम के आयोजित वार्षिक बैठक में एनडीएमसी एम्प्लाइज थ्रिफ्ट क्रेडिट सोसायटी के सदस्यों ने सुझाव रखे ताकि सोसाइटी पारदर्शिता के साथ अपना कार्य कर सके। वहीं सोसायटी के सेक्रेटरी अजय शर्मा और कोषाध्यक्ष श्रीकान्त कश्यप ने बताया कि कर्मचारियों के लिए मेंबर शिप खोल दी गई है। कन्यादान विवाह वेलफेयर फंड को बढ़ा कर 31 हज़ार का अंशदान राशि व डेथ केस फंड में भी 90 लाख की अनुदान राशि दी जा चुकी हैं। वहीं सोसाइटी के कोषाध्यक्ष श्रीकांत कश्यप ने बताया कि लोन के ब्याज दर को नहीं बढ़ाया गया है, जबकि सोसाइटी 2 करोड़ के फायदे में चल रही है। इस दौरान सभी मेंबरों ने कहा कि ऑन लाइन ट्रांजेक्शन पर जाएदा जोर देना चाहिए।

### जैकलीन फर्नांडीज से आज फिर होगी पूछताछ

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने जैकलीन फर्नांडीज से सोमवार 19 सितंबर फिर से पूछताछ करेगी, इसके के लिए समन भेजा गया है। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज और नोरा फतेही से 200 करोड़ से अधिक की ठगी करने के सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े मामले में पूछताछ कर रही है। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को सुकेश चंद्रशेखर मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए 19 सितंबर को सुबह 11 बजे आर्थिक अपराध शाखा के सामने पेश होने के लिए तलब किया है। इससे पहले उनसे बुधवार को पूछताछ की गई थी। वहीं, बृहस्पतिवार को नोरा फतेही, उनके जीजा बॉबी और सुकेश की एजेंट पिंकी ईरानी से पूछताछ की गई थी। सुकेश मामले में अब अन्य अभिनेत्रियों पर भी दिल्ली पुलिस की तलवार लटकी हुई है। सुकेश ने जैकलीन के मैनेजर प्रशांत को भी आठ लाख की बाइक दिलाई थी। पुलिस ने इसे जब्त कर लिया है। पुलिस सूत्रों की मानें तो सुकेश मामले में अभिनेत्री निकिता तंबोली, चाहत खन्ना, सोफिया सिंह और अरुषा पाटिल से भी जल्द पूछताछ की जा सकती है। इन्होंने सुकेश से मुलाकात की थी। जैकलीन ने बुधवार को पूछताछ के दौरान खुद का बचाव करते हुए नोरा फतेही से जुड़ी कुछ बातें बताई थीं।

# पारिवारिक विवाद के चलते छोटे भाई की कैंची घोंपकर हत्या, गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पारिवारिक कलह के बाद कैंची घोंपकर अपने छोटे भाई की हत्या करने के आरोप में 25 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के मुताबिक अगस्त 2022 में संपत्ति को लेकर हुए पारिवारिक विवाद के कारण आरोपी रोहित को उसकी मां ने संपत्ति से बेदखल कर दिया था। पुलिस ने कहा कि यह घटना शनिवार की रात पूर्वोत्तर दिल्ली के नंदनगरी इलाके में हुई। पुलिस के अनुसार रात साढ़े 10 बजे जीटीबी अस्पताल से यश को घायल अवस्था में भर्ती किए जाने की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि अस्पताल में यश को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक अस्पताल में माया देवी ने पुलिस को बताया कि उनके पति एक फोटो स्टूडियो चलाते थे, लेकिन 2020 में उनकी कोविड-19 के कारण मौत हो गई। माया देवी के मुताबिक उनके तीन बेटे हैं - रोहित (25), प्रशांत (23) और यश (21), तीनों अविवाहित हैं।

पूछताछ में पता चला कि माया देवी के पति की मृत्यु के बाद घर उसके नाम पर स्थानांतरित कर दिया गया था लेकिन रोहित चाहता था कि घर उसके नाम पर पंजीकृत हो।

# अमानतुल्लाह खान के चार सहयोगियों गिरफ्तार

● विधायक के गिरफ्तारी के दौरान एसीबी टीम के साथ की थी धक्कामुक्की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



आप विधायक अमानतुल्ला खान मामले में दिल्ली पुलिस ने रविवार को छापेमारी के दौरान जामिया इलाके में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम पर हमला करने वाले चार लोगों को हिरासत में लिया है।

सभी खान के करीबी बताये जा रहे है। हालांकि एक आरोपी अभी फरार है। पुलिस ने इससे पहले इन सभी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। वहीं, रविवार को एसीबी ने इस घटना का एक वीडियो भी जारी किया है। हिरासत में लिए गए लोगों की पहचान जाकिर नगर निवासी शकील अहमद (40), बटला हाउस निवासी अफसर (20), बटला हाउस निवासी अनवर (31) और जोगाबाई एक्सटेंशन निवासी सिकंदर (45) के रूप में हुई है।

आरोप है कि इन लोगों ने एसीबी की रेड के दौरान सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न किया था। वहीं पुलिस आर्म्स एक्ट में दर्ज मामले में कौसर इमाम सिद्दीकी उर्फ लड्डन की तलाश कर रही है। एसीबी ने शुक्रवार को अमानतुल्लाह को गिरफ्तार किया था। आरोप लगाया गया है कि अमानतुल्ला खान ने दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में काम करते हुए सभी मानदंडों और सरकारी दिशानिर्देशों का उल्लंघन करते हुए 32 व्यक्तियों को अवैध रूप से भर्ती किया। उन पर भ्रष्टाचार और पक्षपात करने का आरोप लगाया गया है।

इसके अलावा, यह आरोप लगाया गया है कि दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में अमानतुल्ला ने बोर्ड की कई संपत्तियों को अवैध रूप से किराए पर दिया था। एसीबी के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मधुर वर्मा ने कहा था कि पूछताछ के दौरान मिली जानकारी और भ्रष्टाचार निरोधक शाखा द्वारा इनपुट के आधार पर चार जगहों की तलाशी ली गई। इन ठिकानों से 24 लाख रुपये कैश और दो अवैध हथियार और कारतूस और गोला-बारूद भी बरामद किया गया था।

# पूरा परिवार मिलकर करता था चोरी, 4 गिरफ्तार



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मध्य जिला पुलिस ने ई रिक्शा में आभूषण पर हाथ साफ करने वाले एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है।

इस गिरोह की खास बात है कि सभी आरोपी एक ही परिवार है। इनके पास से एक करोड़ के सोना और हीरे बरामद किए है। आरोपियों की पहचान लक्ष्मी, शोभा, अमर और विष्णु के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि वह मेसर्स शीतल ज्वेलरी हाउस में काम करता है। 13 सितंबर को वह आजाद मार्केट से करोल बाग तक ई-रिक्शा में सवार हुए।

उस समय ई-रिक्शा के पीछे दो महिलाएं और एक बच्चा बैठा था जबकि ई-रिक्शा के आगे चालक समेत दो पुरुष बैठे थे। कुछ दूर चलने के बाद ड्राइवर के साथ आगे बैठे व्यक्ति ने अपनी सीट बदली और शिकायतकर्ता के बगल में पीछे बैठ गया। इसी दौरान एक महिला ने बैग की जिप खोली और उसके बैग से 03 जोड़ी सोने की हीरे की चूड़ियां निकाल लीं।

# पोस्टमार्टम में शव से खोपड़ी अलग करने का आरोपी हाई कोर्ट पहुंचा

● चिकित्सक ने आरोपों को सबूतों से रहित और बेदम बताया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज में एक अजीबोगरीब घटना में पोस्टमार्टम के दौरान गैरकानूनी रूप से शव से खोपड़ी को अलग करने के आरोपी चिकित्सक ने दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। चिकित्सक ने दावा किया कि उसके खिलाफ लगाया गया जघन्य आरोप बेदम और सबूतों से रहित है।

ये आरोप मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज के परास्नातक विद्यार्थी और जूनियर रेजीडेंट चिकित्सक के खिलाफ लगाया गया है, जिसे संस्थान ने पोस्टमार्टम करने से प्रतिबंधित कर दिया है। आरोप के मुताबिक चिकित्सक ने जिस शव का पोस्टमार्टम किया उसकी खोपड़ी को अवैध रूप से निकाल लिया। मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज के फोरेंसिक मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष (विभागाध्यक्ष) की ओर से 29 जुलाई को जारी आदेश में कहा गया कि अज्ञात शव से खोपड़ी अलग करने के अनैतिक कृत्य में शामिल रहने की शिकायत पर चिकित्सक को तत्काल प्रभाव से पोस्टमार्टम करने से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

आदेश के मुताबिक चिकित्सक को तब तक इस तरह के काम से प्रतिबंधित रखा जाएगा।

# सुबह का मौसम सुहाना पर दोपहर को बढ़ी उमस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में रविवार को अधिकतम तापमान 34.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि दिल्ली में सुबह में मौसम सुहाना रहा। न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 23.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शाम साढ़े पांच बजे सापेक्षिक आर्द्रता 58 प्रतिशत रही, जिससे दोपहर को उमस बढ़ गई। सोमवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहने और अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान जताया है। न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है।शनिवार को अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 22.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# शेयर में निवेश के नाम पर बुज़ुर्ग से सवा करोड़ की ठगी

● विदेश से जुड़ रहे तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

शेयर बाजार में निवेश के नाम 64 साल के बुजुर्ग के साथ 1.22 करोड़ की ठगी कर ली गई। बुजुर्ग को विदेशी कमोडिटी एक्सचेंज में निवेश कर मोटा मुनाफे कमाने का झांसा देकर आयल और क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर यह जालसाजी की गई।

क्राइम ब्रांच की साइबर यूनिट ने धोखाधड़ी, जालसाजी और आइटी एक्ट के तहत प्रथमिकी दर्ज की है। बताया जा रहा है कि इस वारदात को विदेशी ठगों ने अंजाम दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, राकेश कुमार परिवार सहित पीतमपुरा इलाके में रहते हैं। इंटरनेट मीडिया पर एक विदेशी महिला ने खुद को यूके की आनलाइन ट्रेडिंग कंपनी की पदाधिकारी बताते हुए बुजुर्ग से संपर्क किया।

विदेशी कमोडिटी एक्सचेंज पर निवेश मुनाफे का दिया लालच उसने बुजुर्ग को विदेशी कमोडिटी एक्सचेंज पर निवेश कर काफी मुनाफा होने का लालच दिया। इस बारे में बुजुर्ग को अधिक जानकारी नहीं दी गई। बुजुर्ग महिला के झांसे में आ गए। बुजुर्ग ने शुरू में दो हजार रुपये महिला के बताए खाते में ट्रांसफर किए। इससे उन्हें कंपनी वेबसाइट पर 1200 रुपये का मुनाफा दिखाया गया।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 19 सितंबर, 2022



# अब सेक्टर-15-2 में नहीं रहेगी बिजली की किल्लत : विधायक सिंगला

### बिजली सब-स्टेशन पर पावर अपग्रेडेशन का कार्य शुरू

### मौजूदा 66केवी से बढ़कर 22केवी होगी सब-स्टेशन की क्षमता

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के सेक्टर-15-2 में बिजली सब-स्टेशन की क्षमता 66केवी से 220केवी करने के काम का शुभारंभ करते विधायक।

**सेक्टर**-15 पार्ट-2 में बिजली की भी मांग बढ़ती जा रही है। कम क्षमता यानी मात्र 66केवी के सब स्टेशन से क्षेत्र में बिजली सुचारू नहीं जा रही थी। लोगों की मांग पर विधायक सुधीर सिंगला ने सब-स्टेशन की क्षमता 66केवी से बढ़ाकर 220केवी करने के लिए रविवार को यहां पावर अपग्रेडेशन कार्य का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि भविष्य में सेक्टर-15 पार्ट-2 में बिजली की किल्लत या बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होगी। यहां के पावर सब-स्टेशन की क्षमता को बढ़ाया जा रहा है। कुल 5 करोड़ रुपये खर्च करके 66केवी सब-स्टेशन को 220केवी का किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आंधी, तूफान के समय खंभों पर बिजली के तारों के टूट जाने से भी बिजली अधिक बाधित होती है। इसी स्थिति को सुधारने के लिए बिजली की तारों को भी भूमिगत (अंडरग्राउंड) किया जाएगा, ताकि बिजली सप्लाई में किसी तरह की बाधा ही ना आए। इससे लोगों को भी सुविधा होगी और बिजली विभाग का काम भी नहीं बढ़ेगा। नुकसान होने से भी बचेगा। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि पूरे गुरुग्राम शहर में बिजली की तारों को अंडरग्राउंड करने का काम किया जा रहा है।

समय के साथ बिजली विभाग ने बहुत से परिवर्तन किए हैं। उन्होंने गुरुग्राम के लोगों से अपील की कि वे अपने बिजली के बिलों का भुगतान समय पर करें। बिजली चोरी करने जैसे अपराध से बचें। यह हमारी सुविधा के लिए है। इसका सदुपयोग करें। बिजली की बचत जरूर करें। घरों, दफ्तरों में बिजली के उपकरणों को व्यर्थ में ना जलाएं, चलाएं। विधायक ने कहा कि बिजली विभाग के कर्मचारियों का अधिक समय बिजली की टूटी तारों को सही करने में लगता है।

जब तक काम पूरा नहीं होता, तब तक लोग भी परेशान रहते हैं। इस अवसर पर वार्ड-18 के पार्षद सुभाष सिंगला, एक्सईएन अमित मलिक, एसडीओ पूनमचंद, जेई अमरजीत यादव, प्रवीण यादव, पीके मिश्रा व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## निर्देश : डंपिंग स्थलों से तुरंत कचरा उठाना सुनिश्चित करे इको ग्रीन


कचरा डंपिंग स्टेशन का दौरा करती मेयर मधु आजाद व निगमायुक्त मुकेश कुमार आहुजा।

**गुरुग्राम।** शहर में कचरा डंपिंग स्टेशनों पर लंबे समय तक पड़े रहने वाले कचरे को लेकर मेयर और नगर निगम आयुक्त ने सख्ती दिखाई है। उन्होंने रविवार को यहां खांडसा डंपिंग स्टेशन का दौरा करके वहां की स्थिति का आंकलन किया। इस दौरान उन्होंने कूड़ा उठाने वाली कंपनी इको ग्रीन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर डंपिंग स्टेशन से कूड़ा तुरंत उठाना सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को दिक्कत ना आए।

मेयर मधु आजाद ने रविवार को अधिकारियों की टीम के साथ गांव खांडसा स्थित वेस्ट डम्पिंग प्वायंट का निरीक्षण किया। उनके साथ निगमायुक्त मुकेश कुमार आहुजा, सयुंक्त आयुक्त (एसबीएम) डॉ. नरेश कुमार, निगम पार्षद सुनील गुर्जर, उदयबीर अंजना व वरिष्ठ सफाई निरीक्षक ऋषि मालिक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। मेयर तथा निगमायुक्त ने मौके पर डंपिंग प्वाइंट की हालत देखकर सफाई विंग से जुड़े अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सफाई अधिकारियों व इकोग्रीन एनर्जी के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि यहां पर आने वाले कचरे का तुरन्त ही उठान करवाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि यहां पर ज्यादा समय तक कचरा न पड़ा रहे। इसके साथ ही यहां की पर्याप्त सफाई भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। जब तक कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होती है, तब तक यहां इस प्रकार की प्रक्रिया की जाए कि नागरिकों को कोई भी परेशानी न हो।

## संक्षिप्त समाचार

### अब ई-पत्रिका के माध्यम से बीएलओ से होगा सीधा संपर्क




**गुरुग्राम।** अब देश का कोई भी नागरिक अपने क्षेत्र के बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) से सीधा संचार स्थापित कर सकता है। इसके लिए भारतीय निर्वाचन आयोग ने बीएलओ ई-पत्रिका जारी की है। इस पत्रिका के माध्यम से आयोग बूथ स्तर के अधिकारी के साथ अब सीधा संवाद कर सकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने बीएलओ के कार्य को और आसान बनाने के लिए यह बीएलओ ई-पत्रिका जारी की है। इस पत्रिका में आयोग अपने अनुभव, चुनौतियों को सांझा करते हुए बीएलओ के कर्तव्य और कहानी को प्रकट करेंगे। बीएलओ हर मतदाता के लिए सूचना का प्राथमिक स्त्रोत है। इस पत्रिका से बीएलओ को मतदाताओं की सेवाओं के लिए अधिक से अधिक जानकारी मिलेगी और अच्छा मार्गदर्शन मिलेगा। चुनाव आयोग के अनुसार बीएलओ ई-पत्रिका में ईवीएम-वीवीपीएटी जैसे विषय शामिल होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त निशांत कुमार यादव के मुताबिक इसमें प्रशिक्षण, आईटी, विशेष सारांश संसोधन, नवीनतम स्वीप, मतदान केन्द्रों पर गतिविधिया, पोस्टर बैल्ट सुविधा, सुगम चुनावी साक्षरता क्लब, अद्वितीय जागरूक मतदाता पहल, राष्ट्रीय मतदाता दिवस के साथ-साथ बीएलओ के साथ औपचारिक बातचीत भी शामिल होंगी। बीएलओ ई-पत्रिका को ईसीआई वेबसाईट पर पढ़ा जा सकता है।

### बिना हार-जीत के लोक अदालत में लोगों को मिलेगा न्याय

**गुरुग्राम।** एक बार फिर से अदालतों में विचाराधीन केसों का बिना हार-जीत के निपटारा करके लोगों को न्याय दिया जाएगा। इसके लिए आगामी 12 नवम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई जाएगी। दोनों पक्षों की आपसी सहमति से यहां विवादों को निपटारा किया जाएगा। अदालत में लंबित मुकदमों के शीघ्र निपटारे के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से यह राष्ट्रीय लोक अदालत लगेगी। वादकारी इस अदालत में सुलह समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निपटारा करा सकते हैं। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव ललिता पटवर्धन ने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को आपसी सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से लोक अदालत में निपटाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का कोई प्रकरण न्यायालय में लंबित है तो वह 12 नवम्बर को लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करा सकता है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है। इससे शीघ्र व सुलभ न्याय, कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत जैसे लाभ मिलते हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआईएक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाएगा। पटवर्धन ने बताया कि आपसी सहमति से हल हो सकने वाले मामलों में लोक अदालत बहुत ही कारगर सिद्ध हो रही हैं। लोक अदालत में सुनाए गए फैसले की भी उतनी ही अहमियत है, जितनी सामान्य अदालत में सुनाए गए फैसले की होती है। लोक अदालत में सुनाए गए फैसले के खिलाफ अपील दायर नहीं की जा सकती। राष्ट्रीय लोक अदालतों के माध्यम से लोगों का बिना समय व पैसा गवाएं केसों का समाधान किया जाता है। राष्ट्रीय लोक अदालतों में ना तो किसी पक्ष की हार होती है और ना ही जीत।

### शहर के तीन स्थानों पर होगा रामलीला का मंचन

**सोहना।** शहर के तीन स्थानों पर 25 सितम्बर से रामलीला का मंचन होगा। पहली बार तीनों स्थानों की एक दूसरे से मात्र 200 मीटर की दूरी होगी। शानदार रामलीला क्लब पहली बार शौभा यात्रा से मंच की शुरूआत करेगा। वहीं सनातन धर्मसभा रामलीला क्लब पहली शहर में राम बारात का आयोजन करेगा। शहर की हनुमान बगीची, पंजाबी धर्मशाला और देवीलाल खेल स्टेडियम में रामलीला का अलग-अलग सामाजिक संगठनों द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है। सतनातन धर्मसभा रामलीला क्लब ने इस बार अपने मंचन स्थान में परिवर्तन करते हुए पंजाबी धर्मशाला को चूना है। जहां पर डिजिटल स्क्रीन के सामने कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। सनातन धर्मसभा रामलीला क्लब के उपप्रधान वीनित रतत्रा ने बताया कि पहली बार उनकी संस्था रामबारात का आयोजन करेगी। मंच के सामने 400 से 500 दर्शकों के लिए स्थान निरधारित किया जाएगा। देवीलाल खेल स्टेडियम में शिव रामलीला क्लब इस बार भी उत्तर प्रदेश से आने वाले कलाकारों के माध्यम से रामलीला का संचालन करेगा। शानदार रामलीला क्लब 25 सितम्बर को शहर में शोभा यात्रा निकालकर मंच का संचालन करेगा। क्लब के प्रधान सतेन्द्र गर्ग उर्फ बंटी ने बताया कि उनका क्लब 150 वर्ष पुराना है, लेकिन पहली बार क्लब ने रामलीला का मंचन शहर में शोभा यात्रा निकालकर शुरूआत करने का फैसला लिया है। उन्होंने बताया कि मंच सजावट का कार्य शुरू हो गया है। दो से तीन दिन में रामलीला का मंच तैयार हो जाएगा।

### अभयपुर से लापता युवक 48 घंटा बाद भी सुराग नहीं

**सोहना।** सदर थाना पुलिस का गांव अभयपुर में अरावली पहाड़ी में गाय-बछड़ा को छोड़ने गये 18 वर्षीय युवक का 48 घंटा बीत जाने के बाद भी सुराग नहीं लगा। पुलिस ने पीड़ित पिता की शिकायत पर बेटा के लापता होने का मामला दर्ज करने के बाद पुलिस युवक की तलाश में जुट गई है। अभयपुर निवासी सिंहराज उर्फ टोनी ने सदर थाना पुलिस सोहना को दी शिकायत बताया कि उसका 18 वर्षीय बेटा अनुज शुक्रवार की सुबह सवा छह बजे गाय व बछड़ों को अरावली पहाड़ी में चरने के लिए छोड़ने गया था, लेकिन 48 घंटा बीत जाने के बाद भी उसका बेटा घर वापस नहीं आया है। लापता युवक के पीड़ित पिता ने बताया कि अनुज गांव में ही स्थित राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल की कक्षा 11वीं में पढ़ता है। जिसकी उम्र 18 वर्ष हो गई है। उसने अपने स्तर बेटा अनुज की काफी तलाश की है, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका है। सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जयसिंह ने बताया कि अनुज शुक्रवार को अरावली पहाड़ में ही नहीं गया। उसने गाय व बछड़ों को पहाड़ी के निकट छोड़ने के बाद पास के ठेका से बीयर लेकर पी। लापता युवक अपने पास मोबाइल फोन नहीं रखता है। जिसके कारण उसका सुराग लगाने में पुलिस अलग-अलग तरीके से प्रयास कर रही है।

### नीट पास कर नाम रोशन करने वाली अंजलि का हुआ सम्मान


गुरुग्राम के गांव खंडेवला में नीट परीक्षा पास करने वाली अंजलि का सम्मान करते लोग।

**गुरुग्राम।** जिले के गांव खंडेवला की मध्यम परिवार में पैदा हुई अंजलि महलावत ने नीट परीक्षा में 626 अंक लेकर परीक्षा पास की है। इस सफलता से अंजलि ने अपने माता पिता व गांव का नाम रोशन किया है। अंजलि की इस सफलता पर उनके घर बधाई देने के लिए लोग पहुंचे। रविवार को समाजसेवी यशपाल फरीदपुर की अगुवाई में लोगों ने अंजलि के निवास स्थान पहुंच उनको पगड़ी बांधी और फूल मालाओं सहित बुके व डायरी देकर सम्मान किया। इसी के साथ ही अंजलि के अध्यापक पिता दिनेश कुमार का भी शॉल भेंटकर सम्मान किया गया। अंजलि ने बताया कि उनका सपना है कि वह बहुत बड़ी डॉक्टर बन गरीब व असहाय लोगों का इलाज करे। उनको यह मुकाम अपने परिवार से मिली हुई शिक्षा से ही हासिल हुआ है। यशपाल फरीदपुर ने कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में कम नहीं हैं। हमें बेटियों का सम्मान करना चाहिए। इसलिए उन्होंने ये मुहिम चलाई है। मास्टर सुरेन्द्र चौहान ने कहा कि गांवों में भी प्रतिभाओं की कमी नहीं है, बशर्ते उनको उजागर करने की देर है। इस अवसर पर उनके साथ अंजलि की दादी शांति देवी, मास्टर राज सिंह, धर्मवीर नंबरदार, मास्टर राजेश, मास्टर देवेंद्र, राज सिंह राठी,धर्मेंद्र कटारिया, सतबीर राठी, सतबीर फौजी, नवल सिंह, महावीर, कृष्ण सिंह, जयनारायण सिंह, सूबेदार वीरेंद्र, फूल सिंह, राकेश सैनी, डाक्टर अनिल चौहान मौजूद रहे।

## दो सरकारी विभागों की लापरवाही से आम रास्ते में भरा गंदा पानी

### नप और जन स्वास्थ्य विभाग एक दूसरे को जलभराव का जिम्मेदार बता रहे

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


सोहना के वार्ड-19 के माता मंदिर आम रास्ते में जमा नाले का गंदा पानी।

**शहर** में स्थापित दो सरकारी विभाग नगर परिषद और जनस्वास्थ्य विभाग अधिकारियों की लापरवाही के कारण शहर के वार्ड-19 के माता मंदिर आम रास्ते में पिछले चार दिन से गंदा पानी जमा हो रहा है। सुबह-शाम आम रास्ते में जमा होने वाले गंदे पानी में से ही नागरिक पैदल निकलने को मजबूर हो रहे हैं, लेकिन दोनों ही सरकारी विभागों के अधिकारी एक दूसरे विभाग को इसका जिम्मेदार बता रहे है।

शहर के वार्ड-19 में माता मंदिर रास्ते के मध्यम में गंदे पानी का नाला जा रहा है। उक्त नाले के पानी का सही ढंग से निकास नहीं होने के कारण यह आम रास्ते में सुबह 6 से 10 तथा शाम को 5 से रात्रि 8 बजे तक भर जाता है। यहा के निवासी भोलू राम सैनी ने बताया कि गंदा पानी आम रास्ते में भरने से यहा बनी दुकान व मकानों से बाहर निलना मुश्किल हो जाता है। बंदे पानी में से उठती बदबू के कारण दुकान पर बैठना भी मुश्किल हो जाता है। सतप्रकाश का कहना है कि इस रास्ते से सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों को भी गंदे पानी में से निकलना होता है। उक्त जमा होने वाले पानी की शिकायत मौखिक रुप से नगर परिषद और जनस्वास्थ्य विभाग अधिकारियों की जा रही है। लेकिन दोनों ही विभाग के अधिकारी इस समस्या का समाधान करने के बजाय एक दूसरे को दोषी ठहरा रहे हैं।

### कहां बनी है समस्या

**आम** रास्ते में गंदा पानी जमा होने का कारण शहर के दमदमा मोड़ पर बनी गंदे व बरसाती पानी की पुलिस के पास कूड़ा-कचरा जमा होना है। जिसके कारण यह पानी सीवर में नहीं जा रहा है। पानी की निकासी न होने कारण पुलिस से गंदा पानी वापस शहर की तरफ जा रहा है। जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी जेई खुर्शीद अहमद नगर परिषद को इसका दोषी ठहरा रहे हैं। जबकि नगर परिषद के अधिकारी जेई ओमप्रकाश सीवर जाम होने की बात कह रहे हैं।

### एसडीएम से की जाएगी शिकायत

**वार्ड**-19 के निवासी सोमवार की सुबह भारी संख्या में एकजुट होकर आम रास्ते में जमा हो रहा गंदे पानी की लिखित में शिकायत करेंगे। नेमसिंह ने बताया कि दोनों ही सरकारी विभाग अधिकारियों की शिकायत की जाएगी। स्थानीय नागरिक अपनी मांग को लेकर एसडीएम कार्यालय में समस्या का समाधान न होने तक धरना पर भी बैठ सकते है।

## बर्बाद होते पानी को टोटी लगाकर रोकेगा जनस्वास्थ्य विभाग

### सोहना सब डिविजन के 6 गांवों में अभियान की कवायाद शुरू की

### आठ गांव में करीब 3 खुले में चलते हुए नालों पर टोटियां लगाई

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


सोहना सबडिविजन में खुले में बहते पानी को रोकने के उद्देश्य से टोटी लगाकर बंद करते हुए महिला।

> **सोहना** और सबडिविजन-4 के अधीन 90 गांवों में इस अभियान को एक साथ शुरू किया है। जिसमें सबडिविजन-4 में 30 गांव आते है। इस अभियान से पेयजल आपूर्ति का बर्बाद होता पानी का बचाव होगा। उपभोक्ताओं को पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी मिलेगा।
>
> **प्रेम सिंघल-एक्सईएन ( जनस्वास्थ्य विभाग )**

**जन** स्वास्थ्य विभाग ने जल संरक्षण के तहत घरों के बाहर तथा आम रास्तों में खुले नल से बहते पानी को रोकने का अभियान शुरू किया है। सोहना सबडिविजन के 60 गांवों में अभियान की कवायाद शुरू करते हुए 8 गांव में करीब 300 खुले में चलते हुए नालों पर टोटियां लगाई गई हैं।

जल ही जीवन मिशन के तहत भविष्य के लिए पानी बचत आदि योहजनाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए तत्पर रहने वाले जनस्वास्थ्य विभाग ने अब गांवों में पेयजल आपूर्ति करने वाली लाइन से खुले में बहते हुए पानी को रोकने का अभियान शुरू किया है। सोहना सबडिविजन के अधीन आने वाले 60 गांवों में यह अभियान 30 सितम्बर तक पूरा कर लिया जाएगा।

इस अभियान की उच्चाधिकारियों ने 9 सितम्बर से शुरूआत की थी। अभियान की शुरुआत घंघौला से करते हुए अब तक 8 गांवों में करीब 300 खुले में चल रहे नालों पर टोटियां लगाकर बंद किया है। सुपरवाइजर लखमीचंद शर्मा ने बताया कि घंघौला समेत बाईखेडा, करणकी, खेड़ली, लाला खेड़ली, खूटपुरी, राहाका शामिल है। शनिवार को निमौठ व नाईनंगला में अभियान के तहत खुले में बहते पानी को रोका जाएगा। एसडीओ ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि सबडिविजन के अधीन प्रत्येक गांव में 30 से 40 खुले में लगे नल से पानी बहकर बर्बाद हो रहा है। इस बहते हुए पानी से 100 से 150 परिवार की पेयजल आपूर्ति हो सकती है। उन्होंने बताया कि सबडिविजन के 60 गांवों में 2000 से 2200 टोटियां लगाने का अनुमान माना जा रहा है। विभाग के एसडीओ ने बताया कि पेयजल आपूर्ति के पानी को बर्बाद करने वालों की पहचान की जाएगी। ताकि ऐसे आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराने के बाद विभाग के नियमानुसार जुर्माना भी लगाया जा सके।

## पेयजल आपूर्ति की लाइन पर है 50 फीसदी अवैध कनेक्शन



पायनियर समाचार सेवा। सोहना

> **अवैध** कनेक्शनों को विभाग कर्मचारी जल्द ही बंद करेंगे। खुले चलने वाले नालों पर टोटियां लगाकर बंद किया जाएगा। भविष्य में अवैध कनेक्शन न हो। इसके लिए पूरी तरफ से निगरानी रखी जाएगी।
>
> **ओमप्रकाश सिंह ( एसडीओ जनस्वास्थ्य विभाग )**

**ग्राम** पंचायत घामडौज में ग्रामीणों ने 50 फीसदी अवैध पानी के कनेक्शन किए हुए है। जिनसे 30 से 40 फीसदी पेयजल आपूर्ति बर्बादी हो रही है। जनस्वास्थ्य विभाग अवैध कनेक्शनों को तुरन्त प्रभाव से बंद करने की कवायद शुरू करेगा।

जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा शनिवार को खंड की ग्राम पंचायत घामडौज में पेयजल आपूर्ति की लाइन पर हो रहे अवैध कनेक्शनों का सर्वे कराया। सर्वे के दौरान गांव में 50 फीसदी अवैध कनेक्शन पाए गए। जिनसे पेयजल आपूर्ति के दौरान खुला पानी नालियां व आम रास्तों में बह रहा है। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने अवैध कनेक्शन अपने मवेशियों के लिए बनाएं सीमेंट के कुंडा से लेकर मकानों के साथ बनी नालियों के ऊपर किए हुए है। विभाग के सुपरवाइजर लख्मीचंद शर्मा ने बताया कि जेई अंकित के नेतृत्व में गठित टीम ने घामडौज में सर्वे किया। सर्वे के दौरान आम रास्तों में अपनी भैसों को नहलाने के उद्देश्य से घर के बाहर पेयजल आपूर्ति की लाइन पर कनेक्शनों से खुला में पानी बह रहा है।

### ऊंचाई वाले स्थानों पर पानी नहीं

**गांव** में अवैध कनेक्शन होने के कारण प्रत्येक मोहल्ले के हर घर तक पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा हर नल को जल पहुंचाने के उद्देश्य से वार्ड अनुसार पेयजल आपूर्ति दे रहा है, लेकिन अवैध कनेक्शनों के कारण ऊंचाई वाले मोहल्लों में पीने का पानी नहीं पहुंच पा रहा है। जिसके चलते 30 से 40 फीसदी पेयजल आपूर्ति का पानी नालियों से लेकर आम रास्तों में खुला बहने से बर्बाद हो रहा है।

### 2000 से 2200 हैं कनेक्शन

**जनस्वास्थ्य** विभाग की सर्वे के अनुसार पेयजल आपूर्ति के करीब 2200 कनेक्शन है। जिनमें से 950 से 1000 कनेक्शन वैध है। शेष कनेक्शन ग्रामीणों ने अपनी मर्जी से किए हुए है। कनेक्शन के दौरान घटिया पाइप का उपयोग किया जा रहा है। जिससे पेयजल आपूर्ति की लाइन में अवैध कनेक्शनों के कारण सप्लाई में गंदा पानी भी आता रहता है। जिससे पीलिया (जोंडिस) की जान लेवा बीमारी से ग्रामीण ग्रस्त होने का पूरा-पूरा खतरा बना हुआ है। गांव में मच्छरों का आतंक बढ़ने से डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारी से ग्रामीण ग्रस्त होने की संभानाएं बनी हुई है।

## मारुति कुंज कॉलोनीवासियों ने मालिकाना हक को लेकर निकाली रैली

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


अपनी मांग को लेकर रैली निकालते भोंडसी की मारुति कुंज कॉलोनी निवासी।

**भोंडसी** स्थित मारुति कुंज कॉलोनी निवासियों ने अपनी मांग को लेकर रैली निकाली। रैली के दौरान महिलाओं से लेकर पुरुष और युवाओं ने अपने हाथों में पट्टियां लेकर न्याय की गुहार दिलाएं जाने के संदेश अंकित थे।

भोंडसी में 1995 में मारुति कुंज कॉलोनी की सस्थापना की गई थी। उस समय 916 कर्मचारियों को मेंबर बनाते हुए फ्लैट दिए गए थे। लेकिन 28 वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक कर्मचारियों को जमीन का मालिकाना हक नहीं दिया गया है। जिसको लेकर एक मई को स्थानीय मारुति कुंज कॉलोनीवासियों की गठित एसोसिएशन ने अपनी मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया था। यह धरना आज भी जारी है। अपनी मांग को लेकर कॉलोनीवासियों ने स्थानीय सड़कों पर रैली निकालते हुए प्रशासनिक अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। एसोसिएशन के वरिष्ठ नेता महेन्द्र सिंह मिश्रा का कहना है कि उन्हें जब तक न्याय नहीं मिलेगा। सभी कर्मचारियों का संघर्ष जारी रहेगा। 20 अप्रैल को रद्द की गई सोसायटी को तीन माह के बाद हाई कोर्ट द्वारा 20 जुलाई को सोसायटी को बाहल करते हुए मामले पर स्टे दे दिया गया था। उन्होंने बताया कि उनकी मांग कंपनी व प्रशासन के माध्यम से सभी 916 कर्मचारियों को जमीन का मालिकाना हक दिया जाए। सोसायटी के प्रधान विजय सांगवान ने बताया कि यह लड़ाई न्याय मिलने से पहले समाप्त होने वाली नहीं है। इसके लिए उन्हें चाहे देश की सबसे बड़ी अदालत का दरवाजा क्यों ना खटखटाना पड़े।

## तीन लाख 62 हजार बच्चे पीएंगे दो बूंद जिंदगी की

### पोलियो रोधी अभियान के तहत जिला में बनाए गए 1544 बूथ

### विधायक सुधीर सिंगला ने की पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



बच्चों को पोलिरोधी दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत करते विधायक सुधीर सिंगला।

**पल्स** पोलियो अभियान के तहत रविवार को जिला में 3 लाख 62 हजार 424 नौनिहालों को पोलियोरोधी दवा पिलाने के लक्ष्य के साथ काम शुरू किया गया। इसके लिए 1544 बूथ बनाए गए। अभियान की शुरुआत गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने बच्चों को दवा पिलाकर की।

उन्होंने यहां पटेल नगर स्थित राजकीय पॉलीक्लिनिक और सेक्टर-33 पॉलीक्लिनिक में शिशुओं को दवा पिलाई। इससे पहले रिब्बन काटकर उन्होंने पोलियो रोधी दवा केंद्र की शुरुआत की।

इस अवसर पर अपने संबोधन में विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि भारत से पोलियो को खत्म करने का श्रेय सभी हेल्थ वर्कर्स के साथ देश की जागरुक जनता को जाता है। अकेले स्वास्थ्य विभाग किसी भी बीमारी से लड़ने में तब तक कामयाब नहीं हो सकता, जब तक जनता का साथ ना हो। उन्होंने कि पोलियो की बीमारी हमारे देश से खत्म हो चुकी है। काफी वर्षों से यहां पोलियो का कोई केस सामने नहीं आ रहा। पूरी दुनिया में पोलियो के खात्मे के लिए पोलियोरोधी अभियान चलाए जा रहे हैं। हमें दवा पिलाने के लिए इस क्रम को अभी जारी रखना है। उन्होंने सभी अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने 0 से 5 साल के बच्चों को बूथों पर, घरों पर पोलियोरोधी खुराक जरूर दिलाएं। यह उनके स्वस्थ रहने का माध्यम है। जीवन में किसी भी पड़ाव पर वे पोलियो जैसी शारीरिक अक्षमता झेलें, इसका हमें पूरा ध्यान रखना है।

दोनों बूथों पर उन्होंने हेल्थ वर्कर्स के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सभी हेल्थ वर्कर्स ने कोरोना महामारी में खुद दिक्कतें झेलकर गुरुग्राम की जनता का ध्यान रखा है। एक सैनिक की तरह से काम किया है। सभी हेल्थ वर्कर बधाई के पात्र हैं। इस दौरान सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव, पार्षद सुभाष सिंगला, अजय जैन, निर्मला नागेश, संत कुमार, सत्यनारायण गुप्ता, अनुपम झा, गौरव गुप्ता, राकेश कुमार गर्ग, आशुतोष गुप्ता व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# 28 शिकायतों में से 10 प्रतिशत अस्पताल ही पाए गए दोषी

**कविता।** फरीदाबाद

**जिला** स्वास्थ्य विभाग के डिस्ट्रिक्ट नेगलिजेंस बोर्ड द्वारा शहर के प्राइवेट और सरकारी अस्पतालों के खिलाफ आ रही शिकायतों में 90 प्रतिशत को न्याय नहीं मिल रहा है। इस बात का खुलासा आरटीआई के माध्यम से हुआ है। समाजसेवी तरूण चोपड़ा की आरटीआई के जबाब में सीएमओं ने बताया है कि जनवरी से अगस्त 2022 में 28 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें बोर्ड द्वारा केवल तीन शिकायतों में अस्पतालों को दोषी पाया गया। शेष अस्पतालों को बोर्ड ने निर्दोष करार दिया है।

जिले के निजी और सरकारी अस्पतालों में होडल, पलवल, हथीन, मेवात, बल्लभगढ़ समेत दिल्ली बॉर्डर से सटे इलाकों से मरीज

## आठ महीने में बोर्ड को मिली 28 अस्पतालों पर लापरवाही की शिकायत

आते हैं। कई बार उन्हें अस्पतालों परेशानियां आती है। कई बार मरीजों को दिल्ली रेफर कर दिया जाता है। वहीं कुछ मरीजों के इलाज में लापरवाही बरती जाती है। अस्पतालों द्वारा कुछ मरीजों से शुल्क अधिक ले लिया जाता है। ऐसे में पीड़ित डिस्ट्रिक्ट नेगलिजेंस बोर्ड को शिकायत करते हैं। लेकिन इस बोर्ड में आने वाली 28 शिकायतों से मात्र तीन को न्याय मिला है।

**90 प्रतिशत को न्याय नहीं:** समाजसेवी तरूण चोपड़ा ने बताया



कि आरटीआई से प्राप्त आंकड़ों में जनवरी से अगस्त 2022 के बीच में कुल 28 शिकायतें बोर्ड को प्राप्त हुई। जिसमें केवल तीन अस्पतालों को दोषी पाया गया। आंकड़े स्पष्ट है कि बाकी 90 प्रतिशत दोषी अस्पतालों को बाइज्जत इस बोर्ड के द्वारा बरी कर दिया गया। मतलब स्पष्ट है कि 90 प्रतिशत लोगों को न्याय नहीं मिल पाया। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व कि मेरी आरटीआई



तरूण चोपड़ा।

में शिकायतों के जो आंकड़े मुझे विभाग द्वारा दिए गए थे। उसमें चार वर्षों में 88 प्राप्त शिकायतों में इस बोर्ड द्वारा किसी को भी दोषी नहीं पाया गया। सिविल सर्जन फरीदाबाद द्वारा किसी के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई और न ही किसी को कारण बताओ नोटिस तक जारी किया गया।

**संज्ञान ले एचएम :** तरूण चोपड़ा ने कहा कि दोनों आरटीआई से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार कुल 56 महीनों में 116 प्राप्त शिकायतों में केवल तीन शिकायतों में अस्पतालों को दोषी पाया गया। उन्होंने कहा कि आंकड़े इस बोर्ड की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह है। स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज को इस पर संज्ञान लेना चाहिए तथा एक विशिष्ट बोर्ड द्वारा इन सभी शिकायतों की निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए। ताकि लोगों को न्याय मिल सके। इसके साथ ही नए बोर्ड का गठन किया जाना चाहिए। ताकि पीड़ितों को मेडिकल नेगलिजेंस की दायर शिकायतों में न्याय प्राप्त हो सके।

# नरेन्द्र मोदी अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के विकास को समर्पित : बिप्लब देव

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**त्रिपुरा** के पूर्व मुख्यमंत्री व हरियाणा भाजपा के प्रदेश प्रभारी बिप्लब देव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा पखवाड़ा के दौरान आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारम्भ करने के लिए रविवार को फ़रीदाबाद पहुंचे। जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा और ज़िला महामंत्री मूलचंद मित्तल और आरएन सिंह ने जिला कार्यालय अटल कमल पर उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक राजेश नागर, सीमा त्रिखा, नरेन्द्र गुप्ता, मुख्यमंत्री के राजनैतिक सचिव अजय गौड़, निवर्तमान सीनियर डिप्टी मेयर देवेन्द्र चौधरी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संदीप जोशी, नीरा तोमर, सोहनपाल छोकर, रामेश्वर प्रजापति, पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य आशा हुड्डा, जिला भाजपा के पदाधिकारी, अनिल नागर, लख्मी चंद भारद्वाज, संजीव भाटी, बिजेन्द्र नेहरा, रविन्द्र त्यागी, पुनीता झा, भारती भाकुनी, अमित मिश्रा, मुकेश अग्रवाल, राज मदान, सचेत जैन, सुखबीर मलेरना, भगवान सिंह, कार्यालय सचिव सचिन गुप्ता,



ओल्ड फरीदाबाद बसेलवा कालोनी स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित बैठक को संबोधित करते जिला कमेटी के सदस्य वीरेन्द्र सिंह डगवाल।

मुख्य तौर पर उपस्थित रहे। फरीदाबाद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष में प्रदेश प्रभारी बिप्लब देव ने सेवा पखवाड़ा ( 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर ) के तहत सेक्टर 16 सामुदायिक भवन में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष पंकज रामपाल, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पंकज सिंगला, युवा मोर्चा महामंत्री सचिन ठाकुर,गोल्डी अरोड़ा, समीर टंडन और कृष्ण आर्य,योगेश तेवतिया, कार्तिक वशिष्ठ, करण गोयल,आदेश यादव, गौरव तंवर,पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदेश प्रभारी बिप्लब देव ने भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आयोजित आंगनवाड़ी वर्कर सम्मान समारोह में भाग लिया और आंगनवाड़ी बहनों का सम्मान किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महिला मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य और आंगनवाडी कार्यकर्त्ता सम्मान समारोह की प्रभारी कायनाथ काजी, प्रदेश उपाध्यक्षा प्रवीण जोशी, प्रदेश महिला मोर्चा प्रभारी संतोष यादव, प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्षा सुमित्रा चौहान, महिला मोर्चा अध्यक्षा राजबाला सरदाना महामंत्री ममता राघव प्रतिभा तिवारी और महिला मोर्चा की जिला पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे । इस अवसर पर बोलते हुए बिप्लब देव ने कहा कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन से प्रेरणा लेकर नरेन्द्र मोदी देश के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के विकास के लिए समर्पित हैं। अंत्योदय की भावना के साथ पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। उज्जवला योजना, जन धन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, गरीब कल्याण योजना के तहत अन्न का वितरण करना, आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत देश में रोजगार के मौके उपलब्ध कराना आदि सैंकड़ों जन कल्याण कारी योजनाओं को लागू कर देश और देशवसियों को सशक्त करने का कार्य कर रहे हैं।

मोदीजी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार व मनोहर लाल जी के नेतृत्व में प्रदेश की सरकार गरीब कल्याण व उत्थान के लिए कार्य कर रही है। ज़िला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा के हजारों कार्यकर्ताओं द्वारा फरीदाबाद में विभिन्न कार्यक्रम के द्वारा सेवा के कार्यक्रम किए किये जा रहे हैं। जिले के भाजपा कार्यकर्त्ता पूरी मेहनत, लगन निष्ठां के साथ सेवा और समर्पण अभियान के तहत कार्यक्रम कर रहे हैं। जिला महामंत्री मूलचन्द मित्तल व आरएन सिंह सेवा पखवाड़े के कार्यक्रमो की देख रेख कर रहे है।

# बीपीटीपी के खिलाफ लोगों ने 23वें दिन भी जारी रखा प्रदर्शन





बीपीटीपी के अफिस के बाहर प्रदर्शन करते लोग।

**फरीदाबाद।** हमकों ठगा है, आपकों को भी ठगेगा... कुछ ऐसे ही नारों के संग रविवार को 23वें दिन भी बीपीटीपी द्वारा ओसी (ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट) व अन्य मूलभूत सुविधाओं को वायदानुसार पूरा न करने पर पार्क फ्लोर 2 का धरना प्रदर्शन जारी रहा। बीपीटीपी सेल्स ऑफिस सेक्टर 81 पर जोरदार प्रदर्शन हुआ। पूरे 23 दिन से ही रेजिडेंट्स के साथ कंधे से कंधा मिला कर आंदोलन कर रही है। इस आंदोलन को जितना ज्यादा समय होता जा रहा है, यह उतना ही मजबूत और बड़ा बनता जा रहा है। यकीनन यह शासन व बीपीटीपी कंपनी की चूलें हिलाने का काम करेगा।

बिल्डर को अभी तक इस परियोजना के लिए ओसी प्राप्त नहीं हुई है, हालांकि परियोजना को 2008 में बहुत पहले शुरू किया गया था और 2013 में फ्लैट खरीदारों को कब्जा दिया गया था। जाहिर है, चूंकि ओसी नहीं है, अभी सोसायटी के नाम पर कोई बिजली कनेक्शन नहीं है। एसटीपी कनेक्शन अभी तक कनेक्ट नहीं है। साथ ही 2014 में हैंड ओवर के समय जो बिल्डिंगों का प्लास्टर उतरा हुआ था। उसको अभी तक मेंटेनेंस और रिनोवेशन नहीं किया है।

चौधरी कर्मवीर सिंह ने बताया कि बीपीटीपी बिल्डर ने सोसायटी की 20 एकड़ जमीन को धोखे से श्वक्र बिल्डर को बेच दिया। और बच्चो के लिए जनरेटर और बिजली घर के उपर पार्क बना दिया है जो कि बच्चों के जीवन के लिए खतरनाक है। साथ ही लिफ्ट भी 80 के दशक की लगा रखी है। ऐसी ही बहुत सारी समस्यों के लिए आज के धरने में वरिष्ठ नागरिकों सहित महिलाएं, पुरूष की संख्या अधिक रही।

# तीन बिल्डरों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिले** में बिल्डरों की धोखाधड़ी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा, जहां नहरपार हजारों लोग निजी बिल्डरों की मनमानी और तानाशाही रवैये के चलते अपने जीवनभर की पूंजी खो बैठे है वहीं शहर में कुछ ऐसे बिल्डर भी सक्रिय है, जो प्लाटों के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी कर उनकी खून-पसीने की कमाई को लूटने में लगे है।

ऐसा ही एक मामला थाना छांयसा में दर्ज किया गया है, जिसमें सेक्टर-9 निवासी एक बिल्डर व उसके साझेदारों ने मिलकर नौ प्लाट होल्डरों को रास्ते की जमीन ही धोखे से बेच दी और उनकी मेहनत की कमाई हड़प ली। लम्बी रस्साकशी के बाद अब इन धोखेबाज बिल्डरों के खिलाफ पुलिस ने धारा 420, 120बी के तहत मामला दर्ज किया है। फिलहाल इस मामले में अभी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। जानकारी के अनुसार सेक्टर-9 निवासी अरुण सिंगला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2016 में सेक्टर-10 डीएलएफ निवासी राजेश्वर गोयल और सेक्टर-9 निवासी सतपाल गोयल ने वर्ष 2016 में दयालपुर गांव के निकट एक जमीन में प्लॉटिंग की थी, जिस जमीन में प्लॉटिंग की गई, उसका नक्शा भी बना हुआ था और बिल्डरों ने उन्हें यहां प्लाट देने का लालच दिया और वह उनकी बहकावे में आ गए। इस दौरान उसने व उसके अलावा उनके करीब 14 परिचितों ने यहां प्लाट ले लिए। प्लॉट लेने के बाद बिल्डरों को उनका पूरा भुगतान देने के बाद सभी ने रजिस्ट्री भी करा ली।

# अतिथि अध्यापकों ने खून से लिखा ज्ञापन

## परिवहन मंत्री से ट्रांसफर प्रक्रिया के विरोध में गेस्ट टीचर्स ने किया विरोध प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सरकार** द्वारा चलाई गई अव्यवहारिक स्थानांतरण प्रक्रिया के प्रति शहर में अतिथि अध्यापकों ने अपना जोरदार विरोध दर्ज कर, घर से दूर करने वाली इस प्रक्रिया को वापिस लेने की मांग की। जिसके तहत अतिथि अध्यापकों ने अपने खून से लिखकर परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के नाम का पत्र उनकी अनुपस्थिति में उनके बड़े भाई टिपरचंद शर्मा को सौंपा है।

विदित हो कि अतिथि अध्यापकों की पोस्ट को खाली मानकर तथा अधिकतर पदों को कैप्ट कर विभाग ने अध्यापकों के स्थानांतरण किए। इस प्रक्रिया से अपने जिलों में रिक्त पद ही



मंत्री मूलचंद शर्मा के नाम का ज्ञापन उनके बड़े भाई को सौंपते अतिथि अध्यापक तथा अतिथि अध्यापकों के द्वारा खून से लिखा पत्र।

नहीं बचे। जिस कारण अतिथि अध्यापकों को 200 से 300 किमी दूर स्टेशन दिए गए जोकि अव्यवहारिक है। प्रदेश महासचिव पारस शर्मा ने बताया कि ट्रांसफर से पहले सरकार के द्वारा पूरी एक्सरसाइज नहीं की गई। सरकार ने रिक्त पदों से अधिक अध्यापकों की संख्या ज्यादा है। ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी में भी हजारों की संख्या में शिकायत निदेशालय पहुंची हैं। 28 गेस्ट टीचर्स का तबादला रेगुलर के साथ कर दिया गया। प्रीतम सिंह प्रदेश उपप्रधान ने कहा सैंकड़ों अतिथि अध्यापकों ने जो अपनी पसंद के स्कूल भरे ही नहीं उनको एनिवेयर के नाम पर सैंकड़ों किमी दूर भेज दिया गया। अध्यापकों के पसंद के स्कूल खाली रह गए। जिन अध्यापकों के नम्बर अधिक थे उन्हें दूर भेज दिया गया और जिनके अंक कम थे उन्हें नजदीक जिले में ही स्कूल दे दिया गया।

# आम आदमी पार्टी ने मनाया सरपंच का जन्मदिन

**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी ने रविवार को पार्टी के दक्षिण हरियाणा अध्यक्ष बीर सिंह सरपंच का जन्मदिन नीलम बाटा रोड स्थित होटल ओला में धूमधाम से मनाया।

आम आदमी पार्टी के सह प्रभारी महेंद्र चौधरी, जिला अध्यक्ष धरमबीर भड़ाना, पटौदी के पूर्व विधायक रामबीर, सोहना से जावेद अहमद, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर श्यामलाल, पलवल जिला अध्यक्ष कौशल, गुड़गांव वार्ड जोन अध्यक्ष सुरेंद्र तंवर, डॉक्टर मनीष महेंद्रगढ़ जिला अध्यक्ष, धर्मेंद्र हिंदुस्तानी, प्रवक्ता राकेश भड़ाना, युवा जिला उपाध्यक्ष हितेश पल्टा आदि मौजूद रहे। सभी ने बीर सिंह सरपंच को शुभकामनाएं दी और कहा कि वह पार्टी के सच्चे सिपाही है। हरियाणा सह प्रभारी महेंद्र चौधरी ने बीर सिंह सरपंच का केक खिलाकर मुंह मीठा कराया और कहा कि उन्होंने दक्षिण हरियाणा में पार्टी के संगठन को मजबूती देने का काम किया है।

# चैंपियनशिप में आरती ने सोना और साजिद ने जीती चांदी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एथलेटिक्स** हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि 17वीं नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन तांत्या टोपे स्टेडियम भोपाल मध्यप्रदेश में 17 सितम्बर से 19 सितम्बर तक तीन दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान (पानीपत) ने बताया 17 नेशनल यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हरियाणा टीम का मैनेजर सत्यवीर धनखड फरीदाबाद और टीम कोच ऋषि कुमार करनाल को बनाया गया है। हरियाणा से 42 लड़के और 33 लड़की सहित कुल 75 एथलीट खिलाड़ियों का दल एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया के नियम अनुसार भाग ले रहा है।

एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान (पानीपत) ने बताया कि प्रतियोगिता में 5000 मीटर रेस वाक में आरती ने 24 मिनट 33



सेकेण्ड और 15 माइक्रोन का समय देकर स्वर्ण पदक जीता। इस इवेंट में वंशिका नेगी उत्तराखंड ने दूसरा और खुशबु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। ट्रिपल जंप में मोहम्मद अता साजिद ने 14 मीटर 68 सैंटीमीटर की छलांग लगाकर रजत पदक विजेता बनकर फरीदाबाद जिले और हरियाणा राज्य का नाम भारत वर्ष में रौशन किया। ट्रिपल जंप में पहला स्थान प्रणय कोठारी ने और तीसरा स्थान दीपक दिल्ली ने प्राप्त किया। एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष एवं वर्तमान विधायक ऐलानाबाद चौधरी अभय सिंह चौटाला सिरसा, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान सिंह भादू हिसार,



उपाध्यक्ष राजीव खत्री सोनीपत, दिलबाग सिंह भिवानी, वरिष्ठ संयुक्त सचिव कुलदीप अहलावत जींद, मुख्य चयनकर्ता यशपाल चोपडा पंचकुला, कोषाध्यक्ष जसवंत सिवाच जींद, कार्यकारिणी सदस्य रोहताश सिवाच रोहतक और प्रतियोगिता निदेशक जितेंद्र बांगर पंचकुला सभी खिलाड़ियों को अच्छा खेल प्रदर्शन कर पदक विजेता बनकर हरियाणा राज्य का नाम रौशन करने पर हार्दिक बधाई प्रदान की। यूथ नेशनल में फरीदाबाद जिले के सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को जिला सचिव एडवोकेट ओमवीर सिंह और प्रधान एडवोकेट भगत सिंह ने फोन पर हार्दिक बधाई दी।

# दस हजार का इनामी नशा तस्कर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा शहर को नशा मुक्ति बनाने के लिए नशे के मामलों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 प्रभारी सेठी मलिक की टीम ने नशा तस्करी करने वाले इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम सोनू है। आरोपी उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले के गांव अट्टा गुजरान का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को थाना सेक्टर 58 के नशा तस्करी के मामले में सेक्टर 12 से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने आरोपी विकास उर्फ कानिया को 10.100 किलोग्राम गांजा पत्ती सप्लाई किया था। जिसे क्राइम ब्रांच टीम ने 3 मार्च को गांजा सहित गिरफ्तार किया था। आरोपी विकास गांजा आरोपी सोनू गौतम बुध नगर यूपी से खरीद कर लाता था।

# रोजगार मेला में सैकड़ों को मिली नौकरी : नागर



**फरीदाबाद।** भाजपा विधायक राजेश नागर ने कहा कि रोजगार व्यक्ति की पहली जरूरत होती है। इसके लिए व्यक्ति पढ़ाई करता है और अपने लायक रोजगार प्राप्त करता है। इससे हमें हमारे परिवार का भरण पोषण करने में मदद मिलती है।

वह यहां अपने तिगांव कार्यालय में आयोजित रोजगार मेला में संबोधित कर रहे थे। विधायक राजेश नागर की पहल पर एक निजी एजेंसी क्वेस कॉर्प ने यह रोजगार मेला का आयोजन किया था। इसमें करीब 30 कंपनियों ने भागीदारी कर लोगों को रोजगार के अवसर ऑफर किए। मेला में करीब 500 लोगों ने पंजीकरण करवाया जिसमें से करीब 300 लोगों को रोजगार दे दिए गए वहीं 200 अन्य के साथ कल भी साक्षात्कार चलेंगे।विधायक राजेश नागर ने इस रोजगार मेला का रिबन काट कर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि हमारी केंद्र व राज्य की सरकारें रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई साल पहले कहा था कि केवल नौकरी ही रोजगार नहीं होती है। जिस भी काम से परिवार का भरण पोषण हो सकता हो और उससे किसी का नुकसान न होता हो, उसे रोजगार कहेंगे। नागर ने कहा कि रोजगार का अर्थ आर्थिक रूप से मजबूत होना है।

# संक्षिप्त समाचार

## सरकारी राशन की कालाबाजारी में चार डिपो पर कार्रवाई



**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ जॉन के कुछ राशन डिपो धारकों द्वारा राशन वितरण में भारी अनियमितताएं बरतने की शिकायत सीएम फ्लाइंग स्क्वॉड के डीएसपी राजेश चैची को गुप्त सूत्रों से मिली थी। उन्होंने तुरंत टीमें गठित कर जांच के आदेश दे दिये। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की तीन टीमों द्वारा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ विपिन राशन डिपो होल्डर सुभाष कॉलोनी बल्लभगढ़ के राशन डिपो को गिरीश मिश्रा निरीक्षक, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा चेक करने पर पाया कि डिपो में कोई सूचना पट्ट नहीं लगा और सरकारी राशन को दूसरे मकान में रखा हुआ है। इस डिपो पर माह अगस्त का 405 बैग (202.5 क्विंटल) गेहूं रखा मिला। डिपो की पीओएस मशीन खराब होने के कारण माह अगस्त का राशन वितरित ही नहीं किया गया। जिस के संबंध में डिपो होल्डर द्वारा विभाग को ईमेल के माध्यम से सूचना भी दी हुई है। वहीं सुमन पत्नी स्व. राजदेव शर्मा निवासी श्याम कॉलोनी बल्लभगढ़ के राशन डिपो को वीरेंद्र निरीक्षक व अखिल उप निरीक्षक द्वारा चेक किया गया। जिस पर ज्ञात हुआ कि यहां पर सुमन के अलावा हरिओम राशन डिपो धारक व सुषमा राशन डिपो धारक के भी राशन डिपो यहीं पर स्थित है। तीनों राशन डिपो को चेक करने पर पाया कि इन तीनों राशन डिपो पर 19372 किलो गेहूं व 209 किलो चीनी रिकॉर्ड अनुसार कम मौजूद है। इस संबंध में वीरेंद्र सिंह निरीक्षक खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की शिकायत पर तीनों राशन डिपो होल्डरों सुमन, हरिओम व सुषमा के खिलाफ थाना शहर बल्लभगढ़ में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत आपराधिक अभियोग अंकित कराया जा रहा है। इसके अलावा राजीव के राशन डिपो को गिरीश मिश्रा निरीक्षक खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा चेक किया गया। इस राशन डिपो पर भी रिकॉर्ड अनुसार 209 क्विंटल गेहूं व करीब 1.54 क्विंटल चीनी कम पाई गई। जिसके द्वारा सरकारी राशन के गेहूं व चीनी की कालाबाजारी की जानी पाई गई।

## गांव में लगाया बीपी, शुगर और नेत्र जांच शिविर

**फरीदाबाद।** भारत विकास परिषद् फरीदाबाद शाखा ने डाक्टर सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र की टीम द्वारा आज गांव भुपानी में आखों की जॉच, बीपी और शुगर टैस्टिंग का कैंप लगाया। विशेष सहयोग सेवा भारती का रहा। इस दौरान शिविर में कुल जांच 212 हुई। जिसमें कैटरैक्ट ऑपरेशन के लिए 40 लोग चिंहित हुए। नज़दीक के 70 चश्मे जरूरतमंदों को नि:शुल्क दिए। भुपानी से सरपंच संजय भाटी इस दौरान बहुत सहयोग रहा और उन्होंने आगे के लिए भी आश्वासन दिया। विकास परिषद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट से राकेश गुप्ता उपस्थित रहे। एडवोकेट श्याम सुंदर, महेश, विजय पाल ने भी व्यवस्था में मदद की। पार्षद जगत सिंह, हरपाल जी भी कैंप में उपस्थित रहे। सेवा भारती से सुमीत, राजत, संजय, विक्रम, रविंद्र एवं वीरू और उनके साथियों का आयोजन और व्यवस्था में भरपूर सहयोग रहा।

## मार्कसवादी कम्युनिस्ट पार्टी की बैठक सम्पन्न

**फरीदाबाद।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के आह्वान पर आगामी 25 सितंबर को गुड़गांव में होने वाली जन प्रतिरोध सभा में फरीदाबाद से सैकड़ों मजदूर भाग लेंगे। यह निर्णय रविवार को बसेलुवा कालोनी स्थित पार्टी ऑफिस में संपन्न हुई जनरल बॉडी की मीटिंग में लिया गया। यह जानकारी पार्टी के जिला सचिव कामरेड शिव प्रसाद ने दी। इस फैसले के तहत 20 सितंबर को प्रात: 12 बजे धौज में बैठक की जाएगी। इसके बाद शाम को 5 बजे संजय कॉलोनी में भी सभा होगी। दूसरे दिन 21 सितंबर को पाली और पावटा गांव में प्रात: 12.30 बजे सभा होगी। इसके बाद शाम को 5 बजे अंबेडकर पार्क, दयाल नगर, ग्रीन फील्ड ,एनएचपीसी के पास सभा की जाएगी। आगामी 22 तारीख को मूजेसर फाटक पर सायं काल 5 बजे पर्चे वितरित किए जाएंगे। 23 सितंबर को 5 बजे शॉपिंग सेंटर सेक्टर 23 में सभा होगी। इसके बाद 24 सितंबर को डीएलएफ एरिया राजीव नगर में सभा की जाएगी। सभी कानून मालिक के हक में बना दिए गए। सभा को वीरेंद्र पाल सिंह, केपी सिंह, विभूति सिंह, कामरेड मंजू, ने भी संबोधित किया।

## मंत्री ने की पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत



**बल्लभगढ़।** हरियाणा के परिवहन, खनन एवं कौशल विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज रविवार को जिला फरीदाबाद के लिए बल्लभगढ़ के एम्स अस्पताल की शाखा से पल्स पोलियो अभियान का ड्राप्स बच्चों को पिला कर शुभारंभ करवाया। प्रदेश परिवहन मंत्री ने पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत के मौके पर नन्हे बच्चों को पल्स पोलियो खुराक पिलाई। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा की भारत पोलियो मुक्त है, लेकिन भविष्य में यह बीमारी फिर से देश में न आए उसके लिए ये अभियान जरूरी है। इसके बाद परिवहन मंत्री पण्डित मूलचंद शर्मा ने स्थानीय सेक्टर-3 के सरकारी अस्पताल एफआरयू-2 में भी बच्चो को भी पोलियो ड्राप्स की दवा पिलाई। इस अवसर पर बल्लभगढ़ के एसडीएम त्रिलोकचंद, डिप्टी सीएमओ डॉक्टर गजराज, डॉक्टर टीसी डिडवाल, डॉक्टर मानसिंह, डॉक्टर तरुण शर्मा सहित शहर के गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

## पीएम के जन्मोत्सव पखवाड़ा में हो रहे जनहितैषी कार्य : गुर्जर

**फरीदाबाद।** भारत सरकार के भारी उद्योग एवं उर्जा विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 72वें जन्मोत्सव पखवाड़ा में जनहितैषी कार्य किए जा रहे हैं। लोगों द्वारा रक्तदान शिविर और पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान सामाजिक उत्थान में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर व विधायक नरेन्द्र गुप्ता ने आज रविवार को फरीदाबाद की बस्लेवा कालोनी वार्ड नम्बर 29 में हीरा मन्दिर वाली गली में आरएमसी रोड़ का लोकार्पण किया। वहीं ओल्ड फरीदाबाद में केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर व विधायक सीमा त्रिखा ने तीन ट्यूबवेल तथा अनखीर गांव में तीन ट्यूबवेल और एक चौपाल का उद्घाटन कर किया। विधायक सीमा त्रिखा, विधायक नरेन्द्र गुप्ता, प्रवीण भास्कर, सचिन, निवर्तमान कौसंलर छत्रपाल, सुन्दर भोर, डाक्टर सुरेन्द्र दत्ता, शेखर तंवर, पूर्व डीआईपीआरओ तिलक विधुडी, महिपाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## ब्रिगेड और जेआरसी का ओजोन परत को बचाने का आह्वान

**फरीदाबाद।** ओजोन दिवस पर गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद की सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड और जूनियर रेडक्रॉस ने प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में हुई विशेष कार्यक्रम में ओजोन परत क्षरण को निरंतर बढ़ रही ग्लोबल वार्मिंग एवम जलवायु परिवर्तन से बचाने का आह्वान किया। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बताया कि विश्व ओजोन दिवस की थीम अंतर्राष्ट्रीय दिवस का विषय मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल एट 35 अर्थात पृथ्वी पर जीवन की रक्षा करने वाला वैश्विक सहयोग है। प्राचार्य मनचंदा, वरिष्ठ प्राध्यापिका प्रज्ञा मित्तल, राजीव लाल, मुकेश सोरोत और एक्टिविटी कॉर्डिनेटर प्राध्यापिका गीता ने ओजोन परत के संरक्षण के लिए बनाई गई पेंटिंग और पोस्टर के लिए सभी छात्र छात्राओं को विशेष रूप से सम्मानित करते हुए उत्साहवर्धन किया। ओजोन दिवस पर छात्र अजय यादव, आशीष, सुनील, सूरज सिंह, स्पर्श, हरिओम, दुर्गेश, अंजली और दीपिका का बहुत बहुत स्वागत करते हुए इन्हें पर्यावरण दूत की संज्ञा दी।

## नीट, आईआईटी कोचिंग के लिए चयन परीक्षा 24 को

**फरीदाबाद।** मानव सेवा समिति द्वारा मानव सुपर 21 मिशन के तहत संचालित नीट, आईआईटी कोचिंग की रिक्त सीटों के लिए चयन परीक्षा शनिवार 24 सितंबर को समिति के सेक्टर 10 मार्केट स्थित कार्यालय मानव भवन में दोपहर 3 बजे आयोजित की जाएगी। मानव सेवा समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा व मानव सुपर 21 के संयोजक सुभाष शर्मा ने कहा है कि सरकारी व प्राइवेट स्कूलों के मेडिकल नॉन मेडिकल के 11वीं के छात्र इस चयन परीक्षा में भाग लेने के पात्र होंगे। किसी भी जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 9810499060 से संपर्क करें।

# वित्त मंत्री का बयान

## उचित आंकलन

**वित्तमंत्री** सुश्री निर्मला सीतारमण का यह कहना ठीक है कि भारत बहुत पहले ही दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता था, पर समाजवाद के दर्शन तथा केन्द्रीकृत नियोजन पर निर्भरता ने देश को नुकसान पहुंचाया। गरुवार को एक आयोजन में बोलते हुए उन्होंने 1991 में कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू उदारीकरण के तरीके की भी आलोचना की और इसे 'आधे अधूरे सुधारों' का नाम दिया। उन्होंने कहा कि यह देश पर अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष-आईएमएफ द्वारा लगाए नियंत्रणों के अनुरूप था। लेकिन उस समय तक कोई आर्थिक प्रगति नहीं हुई जब तक 1998 में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग सरकार सत्ता में नहीं आई। सीतारमण ने कहा, लेकिन उसके बाद कांग्रेस नीत संप्रग सरकार के समय एक दशक बरबाद हो गया। आखिरकार इस कारण ऐसी दु:खद स्थिति पैदा हुई जब नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने 2014 में कामकाज संभाला तथा लीक से हट कर मूलभूत सुधारों की शुरुआत की। इसमें प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण-डीबीटी योजना शामिल है। हालांकि, अनेक बिंदुओं पर उनके दृष्टिकोण में कोई गलती नहीं है, पर यह गंभीर आर्थिक विश्लेषण के बजाय भाजपा का प्रचार अधिक लगता है। भले ही 1991 में सुधार दबावों की स्थिति में शुरू किए गए हों, पर आदिम काल के ज्यूरेसिक पार्क की तरह वामपंथियों को छोड़ कर आज कोई भी यह नहीं कह सकता है कि उदारीकरण खराब है। इसके साथ ही, गंभीर संकट से उचित सबक लेते हुए काम करने वाले तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव व वित्त मंत्री मनमोहन सिंह की निन्दा के बजाय प्रशंसा की जानी चाहिए।



भाजपा के सत्तारूढ़ रहने के समय को शानदार तथा प्रतिद्वंद्वियों के शासन वाले बाकी कालखंड को 'अंधेरा' कहना केवल भाजपा समर्थकों को खुश कर सकता है।

अटल बिहारी वाजपेयी तथा अब नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में काम करने वाली सरकारों ने कुछ अच्छे निर्णय लिए हैं। उदाहरण के लिए, इन सरकारों ने संप्रग सरकारों की तुलना में राजकोषीय घाटे पर लगाम लगाने के मामले में अच्छा काम किया है। इसके लिए कुछ श्रेय निश्चित रूप से सुश्री निर्मला सीतारमण को दिया जाना चाहिए। राजग सरकारों को इस बात का भी श्रेय दिया जाना चाहिए कि उन्होंने वाजपेयी द्वारा शुरू निजीकरण योजनाओं को मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ाया है। अटल बिहारी वाजपेयी ने ढांचागत विकास के अन्य आयामों के साथ ही महत्वाकांक्षी राजमार्ग परियोजना की नीव रखी थी। इसे अब पूरे जोश के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। लेकिन अर्थव्यवस्था में सब कुछ ठीक नहीं है। हाल में जारी मानव विकास रिपोर्ट 2021-22 ने दिखाया है कि भारत की रैंकिंग 2020 में 130 से गिर कर 2021 में 132वें स्थान पर पहुंच गई। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम-यूएनडीपी की रिपोर्ट के अनुसार भारत का एचडीआई मूल्य विश्व औसत 0.732 से कम 0.633 है। पिछले साल दिसंबर में जारी विश्व असमानता रिपोर्ट, 2022 के अनुसार भारत दुनिया के सर्वाधिक असमान देशों में था जहां गरीबों व समृद्ध विशिष्ट लोगों, दोनों की संख्या बढ़ रही थी। सेंटर फार मानीटरिंग इंडियन इकोनोमी ने अनुमान लगाया है कि अगस्त में अनुमानित बेरोजगारी दर 8.3 प्रतिशत थी जो पिछले 12 महीने में सर्वाधिक थी। ब्याज दर में कटौतियों के बावजूद मुद्रास्फीति अभी नियंत्रण से बाहर है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को राजनीति के बजाय इस समस्याओं के समाधान पर अधिक ध्यान देना चाहिए।

# नौजवानों के रोल माडल नरेन्द्र मोदी

विपरीत परिस्थितियों के बावजूद शांति व अजातशत्रु की भावना बनाए रखने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के नौजवानों के लिए रोल माडल हैं।



**सुमित भसीन**
(लेखक, पब्लिक पालिसी रिसर्च सेंटर के निदेशक हैं।)



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'टीम न्यू इंडिया' के 'कैप्टेन कूल' की तरह हैं। वे विपक्षी पार्टियों तथा वैचारिक विरोधियों द्वारा अपने ऊपर फेंके जाने वाले पत्थरों की चिन्ता न कर अपनी योजना पर निरंतर काम करते रहते हैं। नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है क्योंकि उनकी छवि एक ऐसे सुव्यवस्थित व्यक्ति की है जो अभूतपूर्व पैमाने के संकट आने पर भी विचलित नहीं होता है। प्रधानमंत्री मोदी के व्यक्तित्व का अध्ययन कर देश के नौजवानों को अनेक गुण दिखेंगे। उनको पता चलेगा कि विपरीत स्थितियों के बीच भी शांत व सुव्यवस्थित बने रहना सच्चे नेतृत्व की पहचान है। मोदी दशकों से सार्वजनिक जीवन में हैं। उनके सामाजिक जीवन की शुरुआत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 'प्रचारक' के रूप में हुई और उनका राजनीतिक कार्य भारतीय जनता पार्टी में कई दशकों तक फैला हुआ है। यह लगभग दो दशक पहले गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनके पद पर आने से पहले की बात है। सामाजिक-राजनीतिक जीवन ने उनको जीवन में स्थिरता प्रदान की थी जिसे लेकर वे पद पर आए। गुजरात में मुख्यमंत्री और बाद में देश के प्रधानमंत्री के रूप में काम करते हुए यह स्थिरता दिखाई पड़ी है। विपक्षी पार्टियों, खासकर कांग्रेस के सर्वोच्च नेताओं के चुनाव अभियानों में नरेन्द्र मोदी को अपने खिलाफ किए जाने वाले सर्वाधिक जहरीले हमले झेलने पड़े हैं। कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी को 'मौत का सौदागर' व 'जहर की खेती' करने वाला तक कहा। ये सभी अब रिकार्ड का हिस्सा हैं।

जब 'सिविल सोसाइटी' के एक हिस्से ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अभियान चलाया तब मीडिया के कुछ लोग उनके सहयोगी साझीदार बन गए। मोदी 'मीडिया ट्रायलों' के सबसे बड़े शिकार हैं। जहां मीडिया तथा सिविल सोसाइटी का एक हिस्सा प्रधानमंत्री मोदी को पूरी तरह गोधरा के चश्मे से देखता है, गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने राज्य को केवल सामाजिक-आर्थिक रूप से प्रगति दिलाने के प्रयास किए। सुर्खियों से दूर रह कर वे सुरंगों के आकार वाली पाइपलाइनें बिछाने में लगे थे जिससे उन्होंने सूखे कच्छ व गुजरात की जरूरतें पूरी कीं जहां हमेशा से पानी का संकट था। इन क्षेत्रों में किसानों को एक फसल पैदा करने में भी संघर्ष का सामना करना पड़ता था। लेकिन जल्द ही राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने पाइपलाइनों, बांधों तथा जल-लिफ्ट योजनाओं का जाल बिछाने में सफलता प्राप्त की। कई मीटर तक पानी ऊपर उठा कर उन्होंने सूखे क्षेत्रों में उसे पहुंचा कर लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। पानी की कमी वाले क्षेत्रों में पानी पहुंचा कर उन्होंने न केवल गुजरात, बल्कि पड़ोसी राजस्थान की जनता को भी लाभ पहुंचाया। वास्तव में मोदी को नई दिल्ली में मनमोहन सिंह की सरकार के कारण अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ा जो उनकी योजनाओं में लगातार अडंगा लगा रही थी।

आज सारी दुनिया पानी की कमी का संकट पहचानने लगी है, पर मोदी ने अपनी दूरदृष्टि से इस चुनौती को पहले ही पहचान लिया था और वे समस्या समाधान के लिए काम कर रहे थे। इससे हमें नेतृत्व के बारे में अनेक सबक मिलते हैं। केवल चुनाव प्रचार अभियानों के दौरान ही मोदी अपने खिलाफ घटिया दर्जे के व्यक्तिगत हमलों का जवाब देते थे, जबकि वे बाकी समय लगातार विकास के कामों में लगे रहते थे तथा उन्होंने जनता में अपने खिलाफ कुछ लोगों द्वारा पैदा की गई भावनाओं को हावी नहीं होने दिया। यह गुण नौजवानों के दृष्टिकोण से उल्लेखनीय है क्योंकि दिल्ली में लोग अक्सर सड़कों पर किसी से अपना वाहन छू जाने पर ही गुस्से से भर जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी का धैर्य उल्लेखनीय है और इस प्रकार वे सच्चे महान नेता के गुण प्रदर्शित करते हैं। यह कहना गलत नहीं होगा कि आज धैर्य, सहनशीलता व केन्द्रीकृत रूप से ध्यान देने के गुण विरल होते जा रहे हैं। अधिकांश लोग विपरीत परिस्थितियों में प्रतिक्रियात्मक, आक्रामक व झगड़ालू हो जाते हैं।

> **भारत कोरोना वैश्विक महामारी के अत्यधिक गंभीर संकट के समय 'कैप्टेन कूल', यानी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में था। आलोचना के बावजूद उनकी नजरें केवल इस बात पर जमी थीं कि भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा हर कीमत पर की जानी चाहिए।**

नोटबंदी का निर्णय लेने पर भी प्रधानमंत्री मोदी को जबसे जहरीले व घृणित हमलों का सामना करना पड़ा। यह एक साहसी निर्णय था। इसके लिए साहस दिखाते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने मजबूती और दृढ़ता से लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित किया, जबकि विपक्षी पार्टियां उनके खिलाफ रोज अफवाहें फैलाती रहती थीं। इस निर्णय के कुछ ही साल बाद आज भारत डिजिटल वित्तीय लेनदेन में दुनिया में अग्रणी नेता बन कर उभरा है। देश में डिजिटल वित्तीय लेनदेन के आंकड़े आश्चर्यचकित करने वाले हैं। अब 'रूपे' कार्ड को अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिल गई है। 'जैम' त्रयी ने बैंकिंग कार्रवाइयों से सर्वाधिक लोगों को जोड़ा है। इसके अधिकांश लाभार्थी अनौपचारिक क्षेत्र से आजीविका कमाने वाले हैं।

माउस की एक क्लिक से करोड़ों किसानों को अपने खातों में हर चार माह पर 'प्रधानमंत्री किसान निधि' की किश्त मिल जाती है। उनको इसके लिए बिचौलियों को रिश्वत नहीं देनी पड़ती है और ग्राम प्रधान के सामने बैठ कर अपना समय नहीं बरबाद करना पड़ता है। डिजिटल ढांचे ने आश्चर्यजनक काम किया है। कोविड-19 वैश्विक महामारी पिछली शताब्दी में दुनिया पर सबसे बड़े संकट के रूप में आई। इतने व्यापक पैमाने पर आने वाली महामारी से निपटने की किसी के पास कोई जानकारी नहीं थी। विकसित देशों ने स्वयं को पूरी तरह बंद कर लिया था। वे अपनी जानकारी व विशेषज्ञता का साझा करने को तैयार नहीं थे। यह असाधारण संकट था। दुनिया में दूसरे नंबर पर सबसे अधिक जनसंख्या वाले भारत के लिए यह अत्यन्त विशाल चुनौती थी। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी इसके खिलाफ मजबूती से खड़े हुए। वे पूरी तरह शांत और व्यवस्थित थे। उन्होंने वैज्ञानिकों के साथ लंबी-लंबी बैठकों में असाधारण धैर्य प्रदर्शित किया। वे उनकी बातें सुन रहे थे। उन्होंने देश के सर्वाधिक महत्वपूर्ण विद्वानों पर विश्वास किया। सर्वोच्च स्तर पर नेतृत्व द्वारा असाधारण सहनशीलता व धैर्य का प्रदर्शन देख कर वैज्ञानिक समुदाय में अधिकतक विश्वास पैदा हुआ। उन्होंने अपने विचार पूरी ईमानदारी से सामने रखे तथा वैश्विक महामारी से निपटने का रास्ता निकाला।

किसी नेता का सर्वाधिक प्रमुख गुण उसकी संप्रेषणीयता है। प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्रियों के साथ अनेक बैठकें कीं, उनके विचार व सरोकार सुने तथा उनको वैश्विक महामारी के खिलाफ राष्ट्रीय प्रतिक्रिया में शामिल किया। 'टीम इंडिया' कोविड-19 जैसे भयानक शत्रु का मुकाबला कर रही थी जो अक्सर छलावा साबित होता था तथा अपना रूप व पैटर्न बदल लेता था। इसके बावजूद प्रधानमंत्री मोदी ने संकट से निपटने में पूरी शांति व अजातशत्रु की भावना से काम किया। वे न केवल भारत को गहरे संकट से निकालने में सफल हुए, बल्कि देश ने अनेक देशों की संकट से निपटने में सहायता भी की। वैश्विक महामारी से प्रभावित दुनिया में टीकों व दवाओं की असमानता एक कटु सत्य था क्योंकि विकसित देश इसका भंडारण करने लगे। उनको अफ्रीका और एशिया के गरीब देशों की जनता की जरा भी चिन्ता नहीं थी। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने उनके बारे में सोचा तथा कुछ लाख की जनसंख्या वाले कैरीबियन देशों को दवाओं और टीकों से सहायता की। इसके साथ ही बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, भूटान व अन्य देशों की भी भारत ने यथासंभव सहायता की। भारत में निर्मित दवाओं और टीकों ने दुनिया भर में करोड़ों लोगों की जान बचाई।

यह केवल इसलिए संभव हो पाया क्योंकि भारत इस अत्यधिक गंभीर संकट के समय 'कैप्टेन कूल', यानी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में था। उनकी नजरें केवल इस बात पर जमी थीं कि भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा हर कीमत पर की जानी चाहिए। क्या कभी प्रधानमंत्री मोदी गुस्से में दिखाई पड़े हैं? लोगों को याद है कि पुलवामा आतंकी हमले के समय वे काले कपड़े पहनते थे। यह इस बात का स्पष्ट संकेत था कि भारत पर हमले के समय उनके धैर्य व सहनशीलता की परीक्षा नहीं ली जा सकती है।

# मानव विकास पर ध्यान देने की जरूरत

**शिवाजी सरकार**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



संयुक्त राष्ट्रसंघ की मानव विकास रिपोर्ट- एचडीआई रिपोर्ट से भारत में नीति निर्माताओं को लोगों में बढ़ती असमानता और तनाव के प्रति आगाह करना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र मानव विकास सूचकांक में रैंक का गिरना भारत के समग्र सामाजिक और आर्थिक प्रदर्शन का एक गंभीर संकेतक है जिससे निवेश और वैश्विक भागीदारी प्रभावित हो सकती है। भारत पिछले साल की 131वीं रैंक से फिसलकर 132 पर आ गया, जोकि 2015 में 130 था।

संयुक्त राष्ट्र मानव विकास रिपोर्ट (एचडीआर) ने कई देशों में कोविड- 19 के दौरान जीवन की गुणवत्ता, बुनियादी स्कूली शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, नौकरी छूटने, गरीबी और अवसरों की कमी पर ध्यान दिया। भारत भी इन स्थितियों से अलग नहीं था। हालांकि, भारतीय अर्थव्यवस्था ने कोरोनाकाल के बाद काफी सुधार एवं गतिशीलता के संकेत दिए हैं। लेकिन भारत को महज दिखावटी उपलब्धियों के बजाय, जनता के समग्र सुख के लिए व्यापक व जमीनी सुधार की आवश्यकता है। एचडीआई के अनुसार विकास केवल जीडीपी की वृद्धि दर नहीं है बल्कि उसे समग्र विकास प्रदर्शित करने के लिए इससे परे जाने की आवश्यकता है। इसे इस बात पर जोर देने के लिए बनाया गया था कि किसी देश के विकास का आंकलन करने के लिए लोगों व उनकी क्षमताएं अंतिम मानदंड होने चाहिए, न कि केवल आर्थिक विकास।

मानव विकास सूचकांक-एचडीआई एक जटिल समग्र सूचकांक है जो सकल घरेलू उत्पाद से ज्यादा, आय या उत्पादन का माप अधिक प्रकट करता है। एचडीआई की गणना तीन मापदंडों के आधार पर की जाती है – जीवन प्रत्याशा, स्कूली शिक्षा के औसत वर्ष और औसत प्रति व्यक्ति राष्ट्रीय सकल आय। एक भारतीय की प्रति व्यक्ति आय 2019 में 94,270 रुपये से गिरकर 2021 में 85,110 रुपये और विश्व बैंक के अनुसार प्रति व्यक्ति जीडीपी 1961.42 डॉलर है, जो विश्व औसत का 16 प्रतिशत है।

भारत का एचडीआई मान 0.633 है, जो 2020 में 0.642 से कम है, जो 'मध्यम मानव विकास श्रेणी के देश' से मेल खाती है, और दयनीय परिस्थितियों को दर्शाती है, जिसमें जीवन प्रत्याशा 69.7 से गिरकर 67.2 हो गई है। यह बांग्लादेश (129वें), भूटान (127वें), श्रीलंका (73वें) और चीन (79वें) से पीछे है। इसमें 0.962 के साथ स्विट्जरलैंड को शीर्ष वैश्विक रैंकिंग मिली, जिसका अर्थ है भारत की एचडीआई संयुक्त राष्ट्रसंघ के सर्वश्रेष्ठ मापदंडों से कम है।

आय असमानता मानव विकास के अन्य एचडीआई सूचकांकों पर विफलताओं को बढ़ाती है। जबकि अधिकांश रिपोर्टें बताती हैं कि भारत में गरीबी में वृद्धि और मध्यम वर्ग के सिकुड़ने के कारण असमानता बढ़ी है, राष्ट्रीय आर्थिक अनुसंधान ब्यूरो की रिपोर्ट भी असमानता में गिरावट दिखाती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि आय वितरण के उच्च प्रतिशत में भारतीयों ने महामारी के दौरान सापेक्ष आय में भारी गिरावट देखी। माना जाता है कि महामारी के कारण गरीबों व तुलनात्मक रूप से गरीबों की आय में भारी कमी आई है। हालांकि, यह गरीब परिवारों के अभावों को दर्शाने में विफल रहती है। आधिकारिक एजेंसियों के मुताबिक पक्षपाती मानी जाने वाली ऑक्सफैम की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले तीन दशकों में देश-दुनिया में असमानता तेजी से बढ़ी है। इन तीन दशकों के लिए, 1990 के नव-उदारवाद के बाद से, खुले और मुक्त बाजारों की बयानबाजी, कम सरकार और कम विनियमन, अधिक निजी खिलाड़ी और उद्यमी, प्रमुख सार्वजनिक संस्थानों की धीमी मौत के साथ सहवर्ती रहे हैं।

हालांकि, खुशी की बात है कि एचडीआर रिपोर्ट कमजोर वर्गों, दक्षिण-दक्षिण सहयोग, अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन और आपदा-प्रतिरोधक अवसंरचना के लिए गठबंधन और शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्यों के लिए भारत के समर्थन की सराहना करती है। मई, 2022 में प्रधानमंत्री (ईएसी-पीएम) की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष, बिबेक देबरॉय द्वारा जारी भारत में असमानता की स्थिति की रिपोर्ट बताती है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि स्वास्थ्य, शिक्षा, घरेलू विशेषताओं और श्रम बाजार के क्षेत्रों में असमानता, बहुसंख्य जनसंख्या को अधिक असुरक्षित बनाती है और उसे बहुस्तरीय गरीबी में धकेलती है। डब्लू आई आर यानि विश्व असमानता रिपोर्ट 2022 कहती है कि भारत में दुनिया की सबसे चरम असमानता देखी गई है। यह गौर करती है कि भारत एक 'गरीब देश है और एक अत्यंत समृद्ध अभिजात वर्ग को ध्यान में रखते हुए यहां आम जनजीवन में भयंकर असमानता व्याप्त है। डब्लूआईआर का कहना है कि देश की शीर्ष 10 प्रतिशत आबादी के पास राष्ट्रीय आय का 57 प्रतिशत है, जिसमें से 22 प्रतिशत संपदा शीर्ष 1 प्रतिशत के पास है। हालांकि भारत की आबादी के एक बहुत छोटे हिस्से को 5-सितारा विशेषाधिकार प्राप्त हैं, जबकि निचले स्तर पर रहने वाली 50 प्रतिशत आबादी के लिए जीवन की स्थिरता अभी भी एक चुनौती बनी हुई है। यह कई कारकों की वजह से है, जिनमें रोजगार-अवसरों का खोना, एक अनिश्चित असंगठित क्षेत्र, और बढ़ती गरीबी व मुद्रास्फीति जैसे कारक प्रमुख रूप से शामिल हैं। यह चिन्ताजनक, लेकिन कटु सत्य है कि देश में सबसे निचले आर्थिक स्तर वाली 50 फीसदी आबादी के व्यक्ति औसतन 53,160 रुपये कमा पा रहे हैं, जबकि इसके एकदम उलट शीर्ष दस प्रतिशत तुलनात्मक रूप से अमीर आबादी के व्यक्ति औसतन 11,66,520 रुपये कमा रहे हैं। इस प्रकार गरीबों की तुलना में अमीरों की औसत आमदनी 20 गुना अधिक है।

दुनिया भर में गरीबी-अमीरी का अंतर बताने वाला गिनी (आय वितरण में असमानता) गुणांक भी भारत में बढ़ती असमानता की ओर इशारा करता है। 2014 में यह गुणांक 34.4 प्रतिशत था (जो 100 प्रतिशत पूर्ण असमानता और 0 प्रतिशत पूर्ण समानता दर्शाता है)। 2018 में यह गुणांक बढ़कर 47.9 प्रतिशत हो गया। इस प्रकार जनता में गरीबों व अमीरों के बीच असमानता के मामले में भारत दुनिया में रूस के पीछे कहा जाता है।

रिपोर्ट यह भी बताती है कि पिछले एक दशक में जनता के बड़े हिस्से में तनाव, उदासी, गुस्सा और चिंता बढ़ी है, जो अब रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। एचडीआर चेतावनी देता है कि 'अनिश्चितता, असमानता और असुरक्षा, ध्रुवीकरण व विश्वास की कमी के साथ हाथ मिलाकर चलती है।' रिपोर्ट के अनुसारइस विसंगति के कारण राजनीतिक अस्थिरता वास्तविकता बन रही है।

विकासशील देश एक अलग सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक दौर में प्रवेश कर रहे हैं, जिसमें सबसे असुरक्षित एवं लैंगिक समानता में घिरते जाने के भयंकर नकारात्मक खतरे हैं। भारत का प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2000 में 4.43 और 2019 में 2014 के बीच पांच गुना बढ़ गया।

इसका मतलब आय में एक समान वृद्धि नहीं है। भारत में शीर्ष एक प्रतिशत ने 2019 में देश की कुल आय का 21 प्रतिशत अर्जित किया। यह 1990 में 11 प्रतिशत था।

## आप की बात

### मुनाफाखोरी पर लगाम

**इस** वर्ष मानसून के विचित्र व्यवहार को देखते हुए फसलों की पैदावार गिरने की आशंका है। देश की विशाल आबादी की खाद्य आपूर्ति के मद्देनजर गेहूं के बाद चावल का निर्यात रोकना स्वागत योग्य है। अभी इसमें पूरी साइज के बासमती चावल निर्यात की छूट है, इस पर भी पाबंदी लगाई जाना अनिवार्य है। उत्पादन में पर्याप्त प्रगति के बावजूद आज भी हमें दालों व खाद्य तेल का आयात करना पड़ता है। सरकार को देश में दालों, और तिलहनी फसलों का रकबा बढ़ाने के लिए पर्याप्त प्रोत्साहन व संसाधन उपलब्ध कराने चाहिए, ताकि इन चीजों के लिये किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़े। चावल निर्यात रोकने से कृषकों की आमदनी में कमी ना आए इसके लिए चावल का न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी बढ़ाया जाना चाहिए। दूसरे, देश के अंदर खाद्यान्न स्टॉक पर नियंत्रण पूरी तरह हटा लिया गया और इसका व्यापार मुनाफाखोरों के हाथ में में चला गया है। इसलिए कृषि उत्पादों की न्यूनतम भंडारण सीमा फिर से लागू की जानी चाहिए ताकि बाजार में सभी प्रकार के खाद्यान्न उचित मूल्य पर जनता को मिलते रहे और कोई अनुचित मुनाफाखोरी ना करने पाए।

–**सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### त्वरित कार्रवाई जरूरी

**उत्तर प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री केशवप्रसाद मौर्य ने निघासन में दो दलित बहनों के साथ हुए सामूहिक बलात्कार व हत्या मामले में पुलिस को उचित कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए विपक्षियों से कहा कि वे मामले का राजनीतिकरण न करें। यदि पुलिस बिना देरी किए गंभीर मामले में संज्ञान लेकर तुरंत कार्रवाई आरम्भ कर दे तो शायद विपक्ष को बोलने का मौका ही न मिले। बहुत से ऐसे गंभीर मामलों में पुलिस की ढिलाई/लापरवाही के चलते फरियादी परेशान हो जाते हैं और आरोपी भाग निकलने में सफल हो जाते हैं। जनता द्वारा सड़क रोकने या विपक्षियों द्वारा आवाज उठाने के बाद ही आनन- फानन कार्रवाई शुरू होती है। आखिर जिस महकमे की जो जवाबदारी है, वह उसे तुरंत क्यों नहीं उठाता? क्यों ऐसी नौबत आती है कि विपक्षियों, जनता अथवा फरियादियों को सड़क पर आना पड़ता है प्रशासन और शासन को जगाने के लिए? केंद्र सरकार हो या राज्य सरकार, उच्च प्रशासन व पुलिस को अपने तंत्र के भीतर बैठे लापरवाहों पर भी फौरन उचित कार्रवाई करनी चाहिए ताकि पुलिस की छबि उज्जवल बन सके।

–**शकुन्तला महेश**, इंदौर

### यूक्रेन से लौटे छात्र

**केंद्रीय** शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा था कि यूक्रेन से भारतीय छात्रों को निकालने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किया गया ऑपरेशन गंगा "130 करोड़ भारतीयों के सामूहिक ज्ञान" का प्रमाण है। उन्होंने यह भी कहा था कि जब हम उन्हें लाए हैं, तो सरकार भविष्य में उन्हें डॉक्टर बनने में सक्षम बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्था पर विचार करेगी। लेकिन आज सरकार सुप्रीम कोर्ट में लिख कर दे रही है कि जहां तक ऐसे छात्रों का संबंध है, भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम, 1956 या राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2019 के साथ-साथ मेडिकल छात्रों को किसी भी संस्थान से समायोजित करने या स्थानांतरित करने के लिए ऐसे कोई प्रावधान नहीं हैं। मतलब यूक्रेन से लौटे हज़ारों छात्रों का भविष्य अंधकार के दलदल में धकेल दिया गया है। इन्हें जो आश्वासन दिया गया था, उससे सरकार पूरी तरह मुकर चुकी है। सरकार इन छात्रों के साथ भगोड़ा एवं बाहरी जैसा सौतेला व्यवहार कर रही है। यह बेहद दुखद एवं चिंताजनक है।

–**जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**पाकिस्तान** को एफ-16 बेड़े में और सहायता के निर्णय पर मैंने अमेरिका से भारत का विरोध जता दिया है।

– **राजनाथ सिंह**
रक्षा मंत्री

**हमारे** सैनिक यहां हैं। जनता से मुलाकात कर उनको पता चलता है कि जनता उनका कितना अधिक समर्थन करती है।

– **वोलोदिमिर जेलेन्स्की**
यूक्रेन के राष्ट्रपति





**भारत** को अशांत म्यांमार में शांति लाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका अदा करनी चाहिए।

– **जोरामनथंगा**
मिजोरम के मुख्यमंत्री

# स्वस्थ समाज से ही सशक्त राष्ट्र की परिकल्पना संभवः योगी

- भारत ने पोलियो उन्मूलन के लक्ष्य को एक दशक पहले ही प्राप्त कर लिया थाः सीएम
- मुख्यमंत्री ने पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारम्भ
- 50 जनपदों में दो करोड़ 28 लाख से अधिक पोलियो की खुराक दी जाएगीः ब्रजेश पाठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पोलियो एक संक्रामक बीमारी है। सामूहिक रूप से प्रयास से इस संक्रामक बीमारी का समाधान निकला है। देश में पल्स पोलियो अभियान इसी सामूहिक ताकत का एहसास कराता है। बीमारी में उपचार से महत्वपूर्ण बचाव होता है। प्रारम्भिक स्तर पर उचित कदम उठाते हुए लोगों को रोगों के प्रति जागरूक कर बड़ी संख्या में जनहानि से रोका जा सकता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह बात रविवार को अपने सरकारी आवास पर पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ अवसर पर कहीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 10 बच्चों को पोलियो ड्रॉप की खुराक भी दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वस्थ समाज ही सशक्त राष्ट्र की परिकल्पना को साकार कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारत ने पोलियो उन्मूलन के लक्ष्य को एक दशक पहले ही प्राप्त कर लिया था। विगत 12 वर्षों से प्रदेश में पोलियो का कोई मामला देखने को नहीं मिला है। पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए गांवों, मोहल्लों में बूथ लगाने व जागरूकता के कार्यक्रम संचालित किए गए हैं। डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ तथा विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों ने स्वास्थ्य विभाग के साथ सहभागी बनकर इस अभियान को नई ऊंचाई तक पहुंचाया है। इसके परिणाम हम सबके सामने हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश व प्रदेश को पोलियो मुक्त बनाने के लक्ष्य के प्रति समर्पित पल्स पोलियो अभियान आज से प्रारम्भ हो रहा है। इस अभियान के तहत 1 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी। पोलियो अभियान के शुभारम्भ के अवसर पर पहले दिन 77 हजार से अधिक पोलियो बूथ बनाये गये हैं। दूसरे दिन से 48 हजार से अधिक सचल टीमें गठित कर घर घर भेजी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जब तक पूरी दुनिया इस बीमारी से मुक्त नहीं होगी, तब तक हमें सतर्कता की दृष्टि से इस कायक्रम से जुड़ना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में स्वास्थ्य के प्रति भारत की जागरूकता सफलता की नई कहानी कहती है। लोकतांत्रिक मूल्यों व आदर्शों के साथ जीवन जीते हुए 135 करोड़ लोग इस संक्रामक रोग से मुक्त हुए हैं। पोलियो रोग संक्रामक होने के कारण आसानी से एक जगह से दूसरी जगह फैल सकता है। पाकिस्तान, अफगानिस्तान व दुनिया के कुछ चुनिन्दा देशों में पोलियो पर नियंत्रण नहीं पाया जा सका है। इस दृष्टि से प्रतिवर्ष सतर्कता हेतु पोलियो उन्मूलन के लिए पल्स पोलियो अभियान शासन स्तर पर संचालित हो रहा है। दो बूंद पोलियो ड्रॉप पिलाने से बच्चे को जीवन पर्यन्त स्वस्थ रखा जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में मध्य जुलाई से मध्य नवम्बर के बीच इंसेफेलाइटिस के प्रकोप की सम्भावना बनी रहती थी। प्रदेश में राज्य सरकार द्वारा उठाये गये कदमों से इंसेफेलाइटिस पर नियंत्रण पाया गया है। इस वर्ष सितम्बर माह तक इंसेफेलाइटिस के मात्र 40 मरीज मिले हैं। इसमें 7 मरीज जापानी इंसेफेलाइटिस के तथा 33 एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिण्ड्रोम के हैं। इस वर्ष मृत्यु शून्य है। मौजूदा संसाधनों का सदुपयोग, अन्तर्विभागीय समन्वय तथा प्रत्येक स्तर पर क्लोज मॉनिटरिंग के कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू करने का परिणाम सबके सामने है। इंसेफेलाइटिस पर नियंत्रण की कहानी प्रदेश के सफलतम मॉडल की ओर सबका ध्यान आकर्षित करती हैं।

मुख्यमंत्री ने देश में संचारी रोग नियंत्रण के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों को संचालित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार वर्ष में 3 बार संचारी रोग नियंत्रण का कार्यक्रम संचालित कर रही है। बरसात के मौसम में डेंगू, कालाजार, मलेरिया के मामले देखने को मिलते हैं। प्रदेश सरकार द्वारा इन रोगों पर प्रभावी नियंत्रण प्राप्त किया गया है। नेपाल के तराई व पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ जनपदों में इंसेफेलाइटिस का असर होता था। लखनऊ, कानपुर, आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा तथा अलीगढ़ जनपद डेंगू के प्रति संवेदनशील थे। बरेली और बदायूं के आस.पास के क्षेत्र मलेरिया के प्रति संवेदनशील थे। बुन्देलखण्ड का क्षेत्र कालाजार के प्रति संवेदनशील था। प्रदेश सरकार द्वारा समय से किये गये प्रभावी प्रयास व जागरूकता के परिणामस्वरूप इन सभी संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण प्राप्त करने में सफलता प्राप्त हुई है। आज प्रदेश में सभी व्यक्ति सुरक्षित महसूस करते हैं।

मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि पल्स पोलियो अभियान वर्तमान और भविष्य को बचाने का राष्ट्रीय कार्यक्रम है। इसमें धर्म गुरुओं, समाज के साथ ही, स्वास्थ्य संगठनों को जोड़ना होगा। कोई बच्चा पोलियो की खुराक पाने से न छूटे। इस अभियान का हिस्सा बनकर हम कार्य करें। सभी प्रकार के टीके सभी बच्चों को दिये जाएंए यह हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य होगा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सभी बच्चों को पल्स पोलियो अभियान के तहत दो बूंद जिन्दगी की पिलानी है। दुनिया के कुछ देशों व पड़ोस के देशों में पोलियो के संक्रमण की स्थिति को देखते हुए, सतर्कता हेतु पल्स पोलियो अभियान का संचालन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत 50 जनपदों में 2 करोड़ 28 लाख से अधिक पोलियो की खुराक दी जायेगी। प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि पोलियो एक संक्रामक बीमारी है। बचपन में स्थायी अपंगता के कारण कई बार यह जानलेवा भी साबित होता है। सरकार और आमजन के सहयोग से भारत में पोलियो का उन्मूलन सम्भव हो सका है। डब्ल्यूएचओ ने 27 मार्च 2014 को भारत को पोलियो मुक्त घोषित किया था। इस अवसर पर मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री गृह एवं सूचना संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव चिकित्सा पार्थ सारथी सेन शर्मा सहित शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

# चिकित्सालय आने वाले मरीजों की संतुष्टि हमारी जिम्मेदारीः पाठक



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सेवा पखवाड़े के अंतर्गत बलरामपुर हॉस्पिटल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया

**प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर 2 अक्टूबर तक मनाए जाने वाले सेवा पखवाड़े के अंतर्गत रविवार को बलरामपुर हॉस्पिटल में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया। प्रदेश भर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने अस्पताल में मरीजों को दी जा रही चिकित्सकीय सेवाओं के संबंध में जायजा भी लिया।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में देश के बेहतरीन चिकित्सक उपलब्ध हैं। प्रदेश के चिकित्सक मरीजों को उत्कृष्ट कोटि की चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं । उत्तर प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग मरीजों को विश्वस्तरीय सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। हम सभी उत्तर प्रदेश को स्वस्थ प्रदेश बनाने की ओर काम कर रहे हैं। हमारे चिकित्सक प्रदेश के लोगों को स्वस्थ बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि चिकित्सालय में आने वाले मरीज एवं उनके तीमारदार पूरी तरह से संतुष्ट होकर वापस जाएं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश में सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है। यहां सरकारी चिकित्सालयों में प्रतिदिन औसतन 1 लाख से अधिक मरीज आते हैं जिनमें दुर्घटना, गंभीर रोग, ऑपरेशन एवं अन्य बीमारियों से संबंधित मरीज शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हमारे चिकित्सालयों में निजी क्षेत्र के बड़े चिकित्सालयों से भी मरीज रेफर होकर आते हैं और ठीक होकर जाते हैं। उन्होंने कहा कि देश और दुनिया की चिकित्सक जो कर सकते हैं उससे कहीं बेहतर हमारे चिकित्सक कर सकते हैं। उप मुख्यमंत्री ने अपील की की मादक द्रव्यों तंबाकू, पान, बीड़ी, सिगरेट जैसे घातक चीजों का सेवन ना करें। यह हमारे स्वास्थ्य की दृष्टि से बहुत हानिकारक होते हैं। योग, व्यायाम और अच्छे खान-पान से बीमारियों को दूर भगाया जा सकता है और शरीर निरोग होता है।

# लोगों को डराने, धमकाने का काम कर रही है भाजपाः सपा

- विधायक दल की बैठक में जनता से जुड़े सवाल, उनकी परेशानियों तथा प्रदेश के समक्ष मौजूद ज्वलंत समस्याओं पर की गई चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



### अखिलेश के नेतृत्व में सपा विधायक पैदल मार्च कर पहुंचेंगे विधानसभा

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने बताया है कि सोमवार 19 सितम्बर 2022 को समाजवादी पार्टी के विधानसभा एवं विधानपरिषद सदस्य समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय 19 विक्रमादित्य मार्ग लखनऊ से विधानमण्डल सत्र में शामिल होने के लिए पैदल विधानसभा पहुंचेंगे। इस पैदल मार्च का नेतृत्व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नेता विरोधी दल विधानसभा अखिलेश यादव करेंगे। सपा के सभी विधानसभा एवं विधान परिषद सदस्य प्रातः 9 बजे पार्टी कार्यालय पर एकत्र होंगे और 9:45 बजे अखिलेश के नेतृत्व में विधान भवन के लिए कूच करेंगे। सपा के विधायक पार्टी कार्यालय से चलकर राजभवन के सामने से होते हुए जीपीओ स्थित गांधी की प्रतिमा के सामने से गुजरेंगे। वहां से विधायक हजरतगंज चौराहे से लोकभवन के समक्ष विधानभवन के अंदर गेट नम्बर एक से प्रवेश करेंगे। पैदल मार्च में विधायकगण के हाथों में तख्तियां होंगी जिसमें बेरोजगारी, महंगाई, महिलाओं के शोषण, कानून व्यवस्था की बदहाली, शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में गड़बड़ी, बिजली संकट, किसानों नौजवानों के साथ हो रहे अन्याय आदि का उल्लेख होगा।

**समाजवादी** पार्टी के विधानसभा एवं विधान परिषद सदस्यों की बैठक रविवार को सपा मुख्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उत्तर प्रदेश विधानमण्डल के वर्तमान सत्र में जनता से जुड़े सवाल और उनकी परेशानियों तथा प्रदेश के समक्ष मौजूद ज्वलंत समस्याओं पर गम्भीर चर्चा हुई। सपा विधायक दल की बैठक में कहा गया कि भाजपा ने राज्य को बर्बाद कर दिया है। भाजपा लोगों को डराने, धमकाने का काम कर रही है। जनता की कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। भाजपा ने कानून व्यवस्था चौपट कर दी है। अवैध खनन जारी है। शिक्षा-स्वास्थ्य के क्षेत्र में बदहाली है। यह भी कहा गया कि राजनीतिक विद्वेष के कारण सपा के नेताओं के खिलाफ झूठे मुकदमें लगाए जा रहे हैं। बैठक में किसानों, नौजवानों तथा छात्रों के मुद्दों पर चर्चा के साथ इस बात पर चिंता जताई गई कि महंगाई और बेरोजगारी में वृद्धि हो रही है। नौजवान बेरोजगारी झेल रहे है। उनका भविष्य अंधकार में है। सूखे से किसानों की फसल बर्बाद हुई है, पशुओं की बीमारी बढ़ी है। गन्ना, धान की फसल सूखे से प्रभावित हुई है। बिजली संकट से लोग परेशान है। महंगी बिजली और बढ़े हुए बिजली बिलों के आने से लोगों में आक्रोश है। रजबहों में पानी नहीं आ रहा है। शिक्षा क्षेत्र में भाजपा सरकार लापरवाही बरत रही है। शिक्षामित्रों की आत्महत्याओं से नौजवानों में रोष है। बिजनौर में शिक्षामित्र ने आत्महत्या कर ली। प्राइमरी स्कूलों में पाठ्य पुस्तके नहीं पहुंची है। शिक्षा पर कंपनियां कब्जा करने की साजिश रच रही है। स्वास्थ्य क्षेत्र में हालत बदतर है। अस्पतालों में दवाए इलाज का अभाव है। डॉक्टर समय से नहीं बैठते हैं। मरीजों को इलाज नहीं मिल रहा है। कानून व्यवस्था बर्बाद है।

# बच्चों के ज्ञानार्जन की स्थिति अभिभावकों संग साझा करें शिक्षकः संदीप सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शिक्षक** बच्चों के अभिभावकों से बातचीत करें और उनके बच्चों की शिक्षा ज्ञान अर्जन की स्थिति क्या है उसकी जानकारी से भी अवगत कराने का काम करें। जिससे अभिभावक भी अपने बच्चों की शिक्षा पर ध्यान दे सकें। यह विचार रविवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित निपुण भारत मिशन के अंतर्गत कक्षा 4 व 5 के लिए बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान कार्यक्रम व शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने व्यक्त किये।

बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने कहा कि निपुण भारत मिशन के अंतर्गत उत्तर प्रदेश को निपुण प्रदेश बनाना है। जिसके अंतर्गत हम सभी को मेहनत से कार्य करना है, इसका ध्यान अवश्य रखना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षक निर्देशिका का विमोचन किया। इस निर्देशिका में स्कूल में की जाने वाली सभी गतिविधियों की जानकारी दी गई है। उन्होंने इस अवसर पर पांच मास्टर ट्रेनर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और यह भी कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को और बेहतर ढंग से किया जाए इसके साथ ही सरस्वती वंदना प्रस्तुत करने वाली पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोसाईगंज की बालिकाओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक मेहनत से कार्य करते हुए इस कार्यक्रम को सफल बनाएंगे और बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने का काम करेंगे। शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए विभाग द्वारा विभिन्न तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री बच्चों को अच्छे ढंग से शिक्षा मिले इसके लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं और सभी सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए भी प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा की मुझे आशा है कि शिक्षक बेहतर ढंग से काम करेंगे और उत्तर प्रदेश को निपुण प्रदेश बनाएंगे। महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरण आनंद ने कहा कि मंत्री के निर्देशन में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत निरंतर कार्य किया जा रहा है और उत्तर प्रदेश को निपुण प्रदेश बनाने की ओर अग्रसर है। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां से संबंधित प्रशिक्षण आदि की जानकारी प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि निपुण भारत मिशन को सफल बनाने में शिक्षकों की अहम भूमिका है शिक्षक अपनी अहम भूमिका को निभाते हुए कार्य करे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत पूरे देश में निपुण भारत कार्यक्रम संचालित है। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत कक्षा एक से कक्षा तीन तक के लिए बुनियादी शिक्षा पर शिक्षण कार्य सभी स्कूलों में किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के साथ मिलकर कक्षा 4 व 5 के बच्चों के लिए बुनियादी शिक्षा पर आधारित उपचारात्मक शिक्षण हेतु शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया जा रहा है।

# 36 करोड़ से अधिक कोविड डोज लगाकर प्रदेश ने रचा इतिहासः राजेश्वर सिंह

- पीएम मोदी के जन्मदिन पर स्वास्थ्य दिवस का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के 72वें जन्मदिन के अवसर पर देश भर में मनाये जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत रविवार को सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने लोकबंधु राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवा शिविर का शुभारम्भ किया। इस विशाल स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञों की परामर्श, जांच व दवा, टीकाकरण एवं आयुष्मान कार्ड बनवाने की नि:शुल्क सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि डॉक्टर्स के ही कारण देश और प्रदेश सुरक्षित है, लखनऊ के लोग सुरक्षित हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में 36 करोड़ से अधिक कोविड डोज लगाकर उत्तर प्रदेश ने इतिहास रचा है, इसके लिए डाक्टर्स भी बधाई के पात्र हैं।

डॉ. सिंह ने बताया कि कोरोना काल में चिकित्सकों ने जिस प्रकार देश की सेवा की है, उसके लिए लिए उनकी जितनी सराहना की जाए उतनी कम है। आज देश में जेंडर रेसियो सुधरा है, प्रति 1000 लड़कों पर लड़कियों का अनुपात 1020 हुआ है तो उसके पीछे भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ का संकल्प और चिकित्सकों की मजबूत इच्छाशक्ति भी शामिल है।

शिशु मृत्यु दर और बाल मृत्यु दर में सुधार हुआ है, पहले पैदा हुए 1000 बच्चों में से 47 बच्चे पैदा होते ही मर जाते थे अब यह आंकड़ा घटकर 35 हो गया है। उन्होंने आगे कहा कि देश में मातृ मृत्यु दर भी कम हुआ है, इन उपलब्धियों के लिए भी डॉक्टर्स बधाई के पात्र हैं। सरोजनी नगर विधायक ने बताया कि देश और प्रदेश में तेजी से स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हो रहा है, आयुष्मान भारत योजना देशवासियों के लिए वरदान साबित हुई है, गरीब से गरीब लोग भी अपना इलाज नि:शुल्क करवा रहे हैं। उत्तर प्रदेश के हर जिले में मेडिकल कॉलेज बन रहा है, आने वाले समय में प्रदेशवासियों को विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त होंगी। सरोजनी नगर विधायक ने लोकबंधु राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय को आदर्श चिकित्सालय बनाने का संकल्प लेते हुए कहा कि अस्पताल में सीटी स्कैन की सुविधा शीघ्र ही प्रारंभ हो रही है और ब्लड बैंक व ट्रामा सेंटर की स्थापना हेतु प्रयासरत हूं। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. लिली सिंह का आभार व्यक्त किया। लोकबंधु राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवा शिविर का शुभारम्भ करने के पश्चात डॉ राजेश्वर सिंह ने रविवार को केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर के अन्नपूर्णा कॉम्प्लेक्स, आशियाना स्थित संसदीय कार्यालय पर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में भी सहभगिता की। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों जिसमें कार्डियोलॉजिस्ट, ऑर्थोपेडिक, फिजियोथैरेपिस्ट, साइकोलॉजिस्ट, जनरल फिजिशियन, डाइटिशियन डेंटल के डॉक्टरों द्वारा ईसीजी, डायबिटीज जी जाँच और स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित परामर्श एवं दवाएं भी दी गयी।

## पंचायतों में तैनात कम्प्यूटर आपरेटर करेंगे ग्रामीणों की मदद, मिलेगा कमीशन

**लखनऊ।** प्रदेश की ग्राम पंचायतों में तैनात कम्प्यूटर आपरेटर अब ग्रामीणों की भी मदद करेंगे। वह जरूरतमंद ग्रामीणों को जाति, भूलेख, आय, निवास, जन्मतिथि आदि के प्रमाणपत्र उपलब्ध कराने के साथ ही आवेदन में उनकी मदद भी करेंगे। इसके एवज में मिलने वाले पारिश्रमिक में उन्हें कमीशन भी मिलेगा। ग्राम पंचायतों में तैनात कम्प्यूटर आपरेटर को वर्तमान में अभी छह हजार रुपये मासिक का वेतन मिलता है। यह व्यवस्था लागू होने के बाद इनकी आमदनी में और इजाफा हो सकेगा। निदेशक पंचायती राज अनुज झा ने बताया कि केंद्र सरकार के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में आदर्श ग्राम योजना लागू की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हर ग्राम पंचायत से गांव को आदर्श ग्राम बनाने की अपेक्षा की है। ऐसे आदर्श ग्राम में आधारभूत बुनियादी ढांचा, सरकारी स्कूल का साफ सुथरा सुसज्जित सुविधायुक्त भवन, ग्राम पंचायत का अपना भवन, आनलाइन कामकाज को अनिवार्य किया गया है।

# प्रदेश में लोकतांत्रिक व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी हैः गोप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द सिंह गोप ने कहा कि देश व प्रदेश में लोकतांत्रिक व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है, सरकार के विपक्ष में आवाज़ में बुलन्द करने वालों को देशद्रोही की संज्ञा जाती है। इस सुनियोजित षड्यंत्र को बेनक़ाब करने का माद्दा सिर्फ़और सिर्फ़ सपा प्रमुख अखिलेश यादव में है। श्री गोप ने कहा कि इसीलिये पूरी सरकार सपा मुखिया अखिलेश यादव को घेरने में लगी है, किन्तु समाजवादी पार्टी का एक एक कार्यकर्ता इस साज़िश को बेनक़ाब करने को आतुर हैं और आगामी लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सरकार तय करने में मुख्य भूमिका में लाने के लिये हम सब सदस्यता अभियान की ऐतिहासिक सफलता सुनिश्चित करने में लगे हैं जिससे 2027 में एक बार फिर यूपी में समाजवादी सरकार बने और अखिलेश के ओजस्वी नेतृत्व में प्रदेश में विकास और खुशहाली आये। पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द सिंह गोप ने यह बात रविवार को पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत फैजुल्लागंज चतुर्थ वार्ड में सभासद जगलाल यादव द्वारा आयोजित समाजवादी पार्टी सदस्यता अभियान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कही। इस मौके पर श्री गोप ने भारी संख्या में लोगों को समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी व सभी को समाजवादी पार्टी के सदस्यता अभियान को सफल बनाने की अपील किया।

इस अवसर पर महिला सभा की अध्यक्षा जूही सिंह, नगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित, पूर्व प्रत्याशी पूर्वी लखनऊ पूजा शुक्ला, डॉ. हमज़ा, वीरेन्द्र भार्गव सहित भारी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

# सीएम आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 5346 लोगों ने लिया लाभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**जनपद** के सभी नगरीय व ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। आरोग्य मेले में ओपीडी की सेवाओं के साथ ही फाइलेरिया, दिमागी बुखार, टीबी, मलेरिया, डेंगू, एवं कुष्ठ रोग से सम्बंधित जानकारी, आवश्यक जांच, उपचार और रेफर की सुविधाएँ प्रदान की गयीं। मेले के दौरान 5346 लोगों ने लिया चिकित्सकीय लाभ लिया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी लखनऊ डॉक्टर मनोज अग्रवाल ने बताया कि यदि लोगों को बुखार आए तो स्वयं कोई इलाज न करें। पास के स्वास्थ्य केंद्र पर जांच और इलाज कराएं। स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच और इलाज नि:शुल्क उपलब्ध है। सभी को कोविड का टीका लगवाने, कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के साथ मास्क लगाएं, 2 गज की शारीरिक दूरी का पालन करें और बार-बार अपने हाथ साबुन और पानी से धोते रहें।

आरोग्य मेले में गर्भावस्था एवं प्रसवकालीन सेवाएं, पूर्ण टीकाकरण, बच्चों में डायरिया व निमोनिया के रोकथाम, बचाव और उपचार की जानकारी और सुविधाएँ दी जा रही हैं। कुपोषित बच्चों की पहचान और उनके उपचार के लिए समुचित कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जनआरोग्य अभियान की जानकारी देने के साथ ही आयुष्मान कार्ड का वितरण किया जा रहा है। आरोग्य मेले के नोडल अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि जनपद के स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित इस आरोग्य मेले का कुल 5346 लोगों ने लाभ उठाया, जिनमें 1936 पुरुष, 2583 महिलायें और 846 बच्चे शामिल हैं। इस दौरान आयुष्मान भारत योजना के 30 लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। इसके साथ ही 58 लोगों ने कोविड एंटीजन टेस्ट कराया, सभी निगेटिव आए।

# रेउसा में दिखा मगरमच्छ ग्रामीणों ने रस्सी से बांधा

**संवाददाता।** रेउसा सीतापुर



**सीतापुर के** जिस रेउसा इलाके में यह मगरमच्छ ग्रामीणों द्वारा पकड़ा गया दरअसल वह बाढ़ प्रभावित इलाका है इस इलाके में अक्सर मगरमच्छ भटक कर आबादी के बीच पहुंच जाते हैं जिससे लोगों की जान का खतरा हमेशा बना रहता है इस बार मगरमच्छ भटक कर रहा कि भरथा गांव में पहुंच गया था ट्रैक्टर से खेत जा रहे जितेंद्र ललित और राजेश ने सबसे पहले मगरमच्छ को तालाब में देखा वन विभाग को सूचना दी हमेशा की तरह इस बार भी वन विभाग की टीम काफी देर से पहुंची तब तक ग्रामीणों ने तालाब को घेरकर मगरमच्छ को रस्सी से बांध दिया हालाकि ग्रामीणों का यह कदम जोखिम भरा था जिसे उन्हें नहीं उठाना चाहिए था उधर ग्रामीणों का कहना है कि मगरमच्छ देखे जाने के तुरंत बाद वन विभाग को सूचना दी गई थी लेकिन वन विभाग का कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा। रात भर ग्रामीणों ने जाग कर मगरमच्छ से अपने घर की सुरक्षा की है और रविवार की सुबह होने पर ग्रामीणों ने प्रयास कर उस मगरमच्छ को बांध लिया जिसके बाद वहां पहुंची वन विभाग की टीम बंधे हुए मगरमच्छ को अपने साथ ले गई।

# नयागांव ग्राम प्रधान ने एमएलसी से की विकास कराने की मांग

**● ग्राम प्रधान ने एमएलसी को मिलकर सौंपा पत्र**

**संवाददाता।** सीतापुर



**विधान परिषद** सदस्य पवन कुमार सिंह चौहान से मिलकर प्रधान जनक कुमारी सिंह ने ग्राम पंचायत नवागांव के विकास कार्यों में सहयोग की मांग की प्रधान जनक कुमारी सिंह ने बताया कसमंडा विकासखंड में सराय नदी के किनारे बसी ग्राम पंचायत नयागांव उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य ,सिंचाई,पानी की टँकी,श्मशान स्थल,आंगनबाड़ी केंद्र भवन,खेल के मैदान,बारात घर मजरों को जोड़ने वाली सड़को आदि मूलभूत आवश्यकताओं से आज भी वंचित है। विधान परिषद सदस्य पवन कुमार सिंह चौहान ने कहा ग्राम पंचायत नवागांव के विकास कार्यों में हम पूरा सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा सरकार बहुत सारी लोक कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है आप उनके माध्यम से गांव के लोगों को लाभान्वित कराएं साथ में ही उन्होंने कहा शिक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है आप सरकार के द्वारा लाई गई कायाकल्प योजना के द्वारा परिषदीय विद्यालयों की तस्वीर बदल सकती हैं और ऐसे छात्र एवं छात्राएं विद्यालय नहीं आते हैं उनके अभिभावकों को मिलकर छात्र छात्राओं को नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित करें, क्योंकि शिक्षित व्यक्ति का समाज के विकास में विशेष सहयोग होता है ।उन्होंने प्रधान की कर्मठता की प्रशंसा की और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## क्विक न्यूज

### ट्रेन की चपेट में आकर किशोर की मौत

**बरेली।** कल दिन में घर से निकले एक किशोर की आज सुबह घर से कुछ ही दूरी पर रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी ।भोजीपुरा थाने के गांव मेंमोर ढकिया निवासी मुन्ने सैफी के 16 वर्षीय बेटे इमरान कि आज सुबह लगभग 10रू00 बजे गांव से कुछ ही दूरी पर रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि इमरान को कुछ दिन पहले बुखार आया था जिसके बाद से वह मानसिक रूप से परेशान लग रहा था कल दिन में वह बिना बताए घर से बाहर गया था और वापस नहीं लौटा उसे तलाशने की कोशिश जारी थी लेकिन आज सुबह जंगल में जा रहे गांव के लोगों ने उसकी लाश को रेलवे लाइन पर देखा और घटना की जानकारी उसके घर वालों को दी जो मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दे दी जिसने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी मृतक की मां का नाम मुन्नी बेगम है वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था और हाई स्कूल का छात्र था।

### खेत से लौट रहे बाइक सवार की दुर्घटना में मौत

**बरेली।** खेत से वापस लौट रहे मोटरसाइकिल सवार एक युवक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी उसकी मौके पर ही मौत हो गई शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के गांव बाकरगंज निवासी 20 वर्षीय गोपी पुत्र नन्हे लाल कि कल शाम घर से कुछ ही दूरी पर हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि गोपी कल दिन में मोटरसाइकिल से अपने खेत पर गया था जहां से शाम को लगभग 8 बजे वह मोटरसाइकिल से ही घर वापस लौट रहा था लेकिन गांव के पास ही किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई रास्ते से गुजर रहे लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की जेब से मिले मोबाइल फोन से उसके घर वालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक दो भाइयों में बड़ा था उसकी मां का नाम प्रेमवती है ।

### शादी का सामान खरीदने गए युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

**संडीला(हरदोई)।** अपनी और अपने भाई की शादी का सामान खरीदने गए एक युवक की अज्ञात वाहन की चपेट में आकर दुखद मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कासिमपुर के अंतर्गत ग्राम मौलवीखेड़ा निवासी अब्दुल खालिद का पुत्र तालिब अली सऊदी अरब में काम करता था। पिता ने उसकी और उसके भाई आरिफकी शादी 6 नवंबर का तय कर दी थी। इस कारण तालिब कुछ समय पहले सऊदी अरब से वापस लौटा। बताया जाता है कि तालिब शादी का सामान खरीदने के लिए बेंहदर चौराहे गया था। खरीदारी करके वह घर वापस लौट रहा था। बताते हैं कि जब उसकी बाइक ग्राम जेठवें के मोड़ पर पहुंची तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसको टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आस पास के लोगों ने पुलिस को सचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची और उसे सीएचसी बेंहदर ले जाकर भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। मृतक के परिवार में इस अचानक मौत से कोहराम मच गया तथा शादी की खुशियां मातम में बदल गयीं।

### आग से झुलसी महिला की मौत

**बरेली।** रसोई गैस सिलेंडर से लीक हो रही गैस में लगी आग की चपेट में आकर बुरी तरह झुलसी एक महिला की विवाह के 9 माह बाद ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतका के भाई ने दहेज हत्या का आरोप लगाया ।बदायूं के कस्बा व थाना ककराला निवासी शिवम की 21 वर्षीय पत्नी दिव्यांशी की बीती रात बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उसे 12 सितंबर को झुलसी अवस्था में भर्ती कराया गया था पोस्टमार्टम हाउस पर मृतका के भाई मोनू उपाध्याय ने बताया कि बदायूं के बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव जरेड़ा निवासी उसके पिता 29 ने लगभग 9 माह पूर्व दिव्यांशी का विवाह शिवम से किया था लेकिन विभाग के बाद से ही शिवम और उसके घर वाले दिव्यांशी पर मायके से दहेज में रकम व अन्य सामान लाने की मांग करते थे और उसे प्रताड़ित करते थे 12 सितंबर को पति और ससुरालियों ने रसोई में रखा गैस सिलेंडर लीक कर दिया और जब दिव्यांशी रसोई में खाना बनाने गई तब चूल्हा जलाने की कोशिश करते ही गैस ने आग पकड़ ली जिससे दिव्यांशी के कपड़ों में भी आग लग गई उसके चीखने की आवाज सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और घरवालों की मदद से आग को बुझा दिया लेकिन तब तक दिव्यांशी बुरी तरह झुलस गई उसे इलाज के लिए उसी दिन बरेली के निजी अस्पताल लाया गया जहां बीती रात उसने दम तोड़ दिया मृतक के भाई ने दहेज हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने उसने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी ।

# प्रधानमंत्री कर रहे हैं तीव्र गति से देश का विकास : अलका अर्कवंशी

**संवाददाता।** संडीला(हरदोई)

**● विधायक ने किया प्रदर्शनी का उद्घाटन**



**नगर पालिका** परिषद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए क्षेत्रीय विधायक अलका अर्कवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद से मोदी जी लगातार देश को विकास के मार्ग पर ले जा रहे हैं और उनके नेतृत्व में भारत विश्व की एक महाशक्ति बन रहा है। विधायक अलका अर्कवंशी के नगर पालिका परिषद परिसर में आयोजित प्रदर्शनी स्थल पर पहुंचने पर अधिशासी अधिकारी रुद्रप्रताप सिंह, अवर अभियंता, गौरव शुक्ला एवं सुनील यादव, लेखाकार परवेज खान समेत तमाम प्रबुद्ध लोगों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंनें प्रधानमंत्री मोदी के जीवन से संबंधित प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया। अपने संबोधन में क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि केन्द्र की सत्ता में आने बाद प्रधानमंत्री मोदी जी ने लगातार प्रयास करके न केवल देश का को विकास के मार्ग पर बढ़ाने का कार्य किया और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के सबसे कमजोर तबके और विभिन्न उपेक्षित वर्गों की तरक्की के लिए योजनाएं बनाकर उनका गंभीरता से क्रियानवयन कराया वरन विश्वमंचों पर भी देश को सशक्ति और मजबूत बनाने का कार्य किया। उनके लगातार प्रयास से ही आज देश एक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है तथा आगामी 2024 के चुनाव में उनके कार्यों के प्रति ऐतिहासिक विजयश्री उन्हें प्राप्त होगी। उन्होंनें प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि वे भी 2017 से लगातार मोदी जी के विजन को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर सभासद अभय गुप्ता, विनोद कुमार, सभासद प्रतिनिधि बब्लू के अलावा ग्राम प्रधानसंघ संडीला के अध्यक्ष डॉ0 उमेश सूर्या, संजय जायसवाल, रिषभ खन्ना, रामरतन वर्मा, गुड्डू, अंगूरी शंकर सिन्हा के अलावा समस्त नगर पालिकाकर्मी एवं प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

# पीएम जन्मदिन पर सीएचसी पर लगाए गए स्वास्थ्य शिविर

**संवाददाता।** सीतापुर

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी के जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी बेहटा मण्डल के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तंबौर में स्वास्थ मेले में नि: शुल्क परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि सांसद राजेश वर्मा ने किया। वही नगर पंचायत कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कृतित्व व व्यक्तित्व पर नमो प्रदर्शनी का सांसद ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस मौके पर डिप्टी सीएमओ डॉ. पीके सिंह, अधिशाषी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी, अधीक्षक डॉक्टर अनन्त मिश्र, मण्डल अध्यक्ष सलिल श्रीवास्तव सहित तमाम लोग मौजूद रहे। उधर महमूदाबाद में प्रधानमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में एमएलसी पवन सिंह चौहान ने नगर पालिका परिषद सभागार में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। एमएलसी ने कहा कि नरेंद्र मोदी जननायक हैं। एमएलसी ने नगर पालिका क्षेत्र में विकास के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। एमएलसी का स्वागत चेयरमैन प्रतिनिधि अम्ब्रीश गुप्त, वरिष्ठ लिपिक वसी अहमद ने माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर एसडीएम मिथिलेश त्रिपाठी, भाजपा नेता मोहन प्रसाद बारी, चंद्रभूषण शुक्ल, नगर अध्यक्ष रमाशंकर वर्मा, संजय वर्मा, सरोज शुक्ल, सीपी तिवारी, रामकुमार वर्मा नन्हा आदि उपस्थित रहे। इसके बाद विधायक शशांक त्रिवेदी ने महोली सीएचसी में स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन किया। सीएचसी में लगे स्टाल में आयुष्मान कार्ड भी वितरित किए गए। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वास्थ्य पखवाड़े को लेकर विधायक शंशाक त्रिवेदी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विश्व में एक बेहतर पहचान दिलाई है, आज वह विश्व के सर्वमान्य नेता है। इस मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष श्रीनाथ बाजपेई, बड़ागांव मंडल अध्यक्ष रजनीश श्रीवास्तव, ब्लाक प्रमुख जगदीश प्रसाद, पिसावां ब्लाक प्रमुख मिथिलेश सिंह यादव, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी सीतापुर डॉक्टर महेश चंद्र, सीएचसी महोली के अधीक्षक डॉक्टर इमरान अली अवनीश मिश्र, संदीप मिश्र संजीव मिश्र दीपेश यादव सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे। उधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में सीएचसी सिधौली में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उद्धघाटन अधीक्षक डा. आर. के .वर्मा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष राकेश पाण्डेय ने किया। इस मौके पर महामंत्री अनूप श्रीवास्तव, सूरज गुप्ता, आदित्य नारायन, राजेन्द्र यादव सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे। शिविर में 150 लोगों ने अपना पंजीकरण कराकर नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

# विधायक अरविंद गिरि के पदचिन्हों पर चल जनसेवा का दृढ़ संकल्प लेकर निकले अमन

**गोला गोकर्णनाथ,खीरी।** विकासखंड बिजुआ के बेला सिकटिया विगत दिनों हुई लगातार बारिश के चलते कई गांव बाढ़ की समस्या का सामना कर रहे है। विदित है कि विधायक अरविंद गिरि गोला विधानसभा के बा? प्रभावित क्षेत्र के प्रति अत्यंत गंभीरता से प्रयासरत रहे। इसी क्रम में उनके अथग प्रयासों से पैंटून पूल के निर्माण का रास्ता खुला। विधायक पुत्र अमन गिरि ने भाजपा जिलाध्यक्ष के साथ बाढ़ पीड़ितों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना व दूर करने हेतु सतत गंभीर प्रयास करने का आश्वाशन दिया। तदोपरान्त मूसेपुर पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया व शासन की ओर से हर संभव सहायता दिलवाने का आश्वाशन किया।

जिलाध्यक्ष सुनील सिंह में कहा कि विधायक अरविंद गिरि को प्रेम स्नेह देने वाली क्षेत्र की जनता अपने आप को बिल्कुल भी अकेला न समझे भारतीय जनता पार्टी व विधायक का परिवार का एक एक सदस्य गोला विधानसभा की सेवा वैसे ही करेगी जैसा विधायक अरविंद गिरि करते थे। उनके गोला के विकास के सपनो को पूरा करना साथ ही जनता दरबार में सभी के साथ बिना किसी भेदभाव के न्याय दिलाने का सिलसिला पूर्व की भांति निरंतर जारी रहेगा।

विधायक पुत्र अमन गिरि ने कहा कि वे अपने पिताजी के पदचिन्हों पर चलकर जनसेवा की जिम्मेदारियों को उसी तरह से निभाएंगे जैसे उनके पिताजी किया करते थे। विधायक पुत्र ने कहा कि क्षेत्र की जनता जब भी उन्हें आवा? देगी वे पिताजी जी की ही तरह समर्पित होकर कार्य करंगे।

विधानसभा संयोजक अवधेश मिश्रा ने कहा कि आमजनमानस अपने दिवंगत विधायक को इतना पर। करती रही है जिसके कारण ही विधायक की एक आवाज पर लाखों की संख्या में लोग विधायक रवि द गिरी की सभाओं में उत्साह से पहुंचते थे यह आपस का जो विश्वास है वह संबंध इतना मजबूत रहा कि विधायक पांचवी बार विधानसभा पहुंचे किन्तु दुर्भाग्यवश आज वह हमारे बीच नही है लेकिन उनके सपनों को हम सब मिलकर साकार करेंगे ।उक्त अवसर पर गोला विधानसभा संयोजक अवधेश मिश्रा, धर्मेंद्र गिरि, अजय गिरि, राजा अंसार, वेद दीक्षित, संजय सिंह, धीरेंद्र सिंह , सुधील पांडेय, श्रवण मिश्र,रामनरेश मौर्य, दिनेश गुप्ता, जवाहर वर्मा (विधायक प्रतिनिधि), रमेश वर्मा, डॉक्टर बच्चू सिंह, बिजुआ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विजेंद्र भूषण, विश्वनाथ सिंह, विनीत पांडे इत्यादि सहित प्रमुख साथी उपस्थिति रहे।

# पल्स पोलियो अभियान का हुआ शुभारंभ

**बरेली ।** पल्स पोलियो की दवा सुरक्षित और असरदार है । इसके प्रति मिथक और भ्रांतियों के कारण पड़ोसी देश पाकिस्तान और अफगानिस्तान में पोलियो का उन्मूलन नहीं हो सका, जबकि भारत में पोलियो उन्मूलन संभव हो गया । चूंकि पड़ोसी देशों में पोलियो के वायरस मौजूद हैं, इसलिए एहतियातन भारत के भी हर शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चे को पोलियो से पूर्ण प्रतिरक्षित किया जाना अनिवार्य है । इसलिए प्रत्येक अभिभावक का दायित्व है कि वह अपने बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं। उक्त बातें मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने यूपीएचसी बानखाना में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मेले के शुभारंभ करते हुए कहीं। इस अवसर पर मंत्री डॉ. अरुण कुमार, जिलाअधिकारी शिवाकांत द्विवेदी, सीएमओ डॉ बलवीर सिंह एवं मेयर उमेश गौतम ने बच्चों को पल्स पोलियो की ड्राप पिलाई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरीदपुर में विधायक डॉ श्याम बिहारी लाल , सुभाषनगर में विधायक संजीव अग्रवाल , सी बी गंज में मेयर उमेश गौतम , दलेल्नगर में जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के रविन्द्र सिंह , फतेहगंज में जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी पवन शर्मा , नवाबगंज में विधायक ?म पी आर्या , शेरगढ़ में चेयरमैन जिला सहकारी बैंक के भिनु गंगवार द्वारा स्वास्थ्य मेले एवं पल्स पोलियो कार्यक्रम बूथ का उद्घाटन किया गया। जिसमें क्षेत्र के अन्य सभी गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में चिकित्सा अधीक्षक डॉ अनुराग गौतम , डॉ विवेक, डॉ तौफीक अहमद व अन्य मौजूद थे । वहीं बाकरगंज यूपीएचसी पर शहर काजी मौलाना शहाबूददीन ने बच्चों को पोलियो की दो बूदं पिलाकर बूथ का उदघाटन किया। वहां बाकरगंज असपताल की इंचार्ज डॉ. सुमन जीत कौर,यूनिसेफ से डीएमसी इरशाद हसन खांन मौजूद थे ।जिला प्रतिरक्षा अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन ने बताया कि 19 से 23 सितंबर तक घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग की टीम पोलियो की दवा पिलाएंगी । पोलियो का टीका नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में भी शामिल है। डॉ प्रशांत रंजन ने बताया कि जिले में रविवार को आयोजित बूथ दिवस पर 2823 बूथों पर पोलियो की दवा पिलाई गई।

# धूमधाम से मनाया गया रीवा का वार्षिकोत्सव

**लखीमपुर-खीरी।** रिटायर्ड इम्प्लाईज़ वेलफेयर एसोसिएशन का वार्षिकोत्सव मेजर यज्ञ दत्त मिश्र की अध्यक्षता में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। संगठन के मुख्य संयोजक चन्द्र शेखर मिश्र ने अवगत कराया कि समारोह पूर्ण सफ़ल रहा। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी विशिष्ट अतिथि के रूप में आनंद कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी, डा पीके शुक्ल, सहायक निबंधक (सहकारिता), सबल गुप्ता, महाप्रबंधक (अर्बन कोआपरेटिव बैंक) तथा श्रीमती निरुपमा मौनी, अध्यक्षा, नगरपालिका परिषद उपस्थित रहे ।संगठन का सफल संचालन श्री राम मोहन गुप्त द्वारा किया गया ।समारोह में शहर के गणमान्य व्यक्ति धर्म चन्द्र जैन, अनिल कुमार शुक्ला, डा इरा श्रीवास्तव, रोटरी अध्यक्ष श्रीमती मधुलिका त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे। समारोह में संगठन के 80 वर्ष से ऊपर के 18 सदस्यों को सम्मानित किया गया। सभी बोर्डों के हाई स्कूल तथा इंटर के 7 मेधावी छात्रों को, जिन्होंने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है,को सम्मानित किया गया ।संगठन की बैठकों में अधिकतम उपस्थिति हेतु संगठन के चार सदस्यों को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट समाज सेवा के लिए डा गिरीश चन्द्र मिश्र, जसपाल सिंह पाली एवं आनंद अग्निहोत्री को सम्मानित किया गया ।हिंदी भाषा की सेवा हेतु डा. शशिप्रभा बाजपेई जी आपको सम्मानित किया गया। संगठन की वार्षिक पत्रिका चिंतन का विमोचन भी किया गया ।भारी संख्या में संगठन के सदस्य उपस्थित रहे। सभा को वरिष्ठ पत्रकार एवं वरिष्ठ समाजसेवी श्री नंद कुमार मिश्रा, रोटरी अध्यक्ष मधुलिका त्रिपाठी,श्री राज कुमार त्रिवेदी, पूर्व अध्यक्ष, बार एसोसिएशन ने संबोधित किया ।अध्यक्ष, रीवा मेजर यज्ञ दत्त मिश्र ने अपनी ओजस्वी कविता से सभा में समा बांध दिया।

## रामलीला के कार्यक्रम तय

**मोहम्मदी खीरी।** अधिशासी अधिकारी प्रदीप नारायण दीक्षित ने मोहम्मदी मे श्री राम लीला के संबंध में बताया कि मोहम्मदी के श्री राम लीला मैदान में 26 सितंबर से श्री राम लीला प्रारंभ हो रहा है। 21 सितंबर से भूमि आवंटन, 9 अक्टूबर को रावण वध, 15 अक्टूबर को होगा समापन, 26 सितंबर से सुंदर पाठ होगा वही 26 सितंबर से 9 अक्टूबर तक श्रीरामचरितमानस नौटंकी और मौत की छलांग का आयोजन किया गया है। 27 सितंबर को श्री शंकर जी की और 01 अक्टूबर को श्री रामचंद्र जी की बारात जो नगर भ्रमण करेगी। 28 और 29 सितंबर को रात 7 से 10 बजे तक निशुल्क दंगल का आयोजन किया गया है। 9 अक्टूबर को भोजपुरी संगीत, 10 अक्टूबर को धार्मिक नृत्य संध्या, 11 अक्टूबर को भजन गायन, 12 अक्टूबर को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन,13 अक्टूबर को कुल हिंद मुशायरा ,14 अक्टूबर को संगीत सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

# पेज एक का शेष

## चंडीगढ़ विवि...

है और किसी छात्रा के आत्महत्या की कोशिश करने का मामला सामने नहीं आया है और इस मामले में किसी की मौत नहीं हुई है। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा- 354 सी और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है। मुख्यमंत्री मान ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं और कहा कि दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मैं प्रशासन के संपर्क में हूं। इसके साथ ही मान ने लोगों से अफवाहों पर गौर नहीं करने की अपील की। विश्वविद्यालय परिसर में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए एडीजीपी देव ने कहा कि कई सोशल मीडिया मंचों पर इस मामले को लेकर कई अफवाह चल रही हैं। देव के पास महिला एवं बाल मामलों का भी प्रभार है। उन्होंने कहा कि हॉस्टल में 4,000 छात्राएं रहती हैं। पुलिस ने एक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसका फोन अपने कब्जे में ले लिया है और राज्य साइबर अपराध शाखा उसका विश्लेषण कर रही है। देव ने कहा कि तीन से चार छात्राओं ने आरोपी छात्रा को साझा शौचालय में देखा, जहां वह अपने फोन के साथ कुछ तस्वीरें ले रही थी जो उन्हें लगा कि वह शौचालय के दरवाजे के नीचे से ले रही है। उन्होंने फिर वार्डन को मामले की सूचना दी और बाद में पुलिस को सूचित किया गया। एडीजी देव ने कहा कि मैं लड़कियों के समूह के साथ बातचीत के बाद स्पष्ट करना चाहती हूं कि वे खुश हैं कि उनकी चिंताओं का समाधान किया गया है। उनकी चिंता यह थी कि कहीं उसके (आरोपी के) फोन में दूसरी लड़कियों का कोई वीडियो तो नहीं है। प्रथम दृष्टया हमें अन्य लड़कियों का कोई वीडियो नहीं मिला। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर आर.एस. बावा ने यहां एक बयान में कहा कि ऐसी अफवाहें हैं कि लड़कियों ने आत्महत्या की है, जबकि सच्चाई यह है कि किसी भी लड़की ने ऐसा कोई कदम नहीं उठाया है। घटना में किसी लड़की को अस्पताल में भर्ती नहीं कराया गया है। बावा ने कहा कि एक और अफवाह है, जो मीडिया के माध्यम से फैल रही है कि विभिन्न छात्राओं का आपत्तिजनक एमएमएस मिला है।

## राजनीतिक दलों...

कोशिश नहीं करनी चाहिए। राज्य में नेता विपक्ष बाजवा ने कहा कि चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की घटना व्यथित कर रही है। इस अपराध के अपराधियों से सख्ती से निपटा जाना चाहिए और मिसाल दिए जाने योग्य सजा दी जानी चाहिए। यदि कोई वीडियो अग्रसारित करता है, तो हमें एक समाज के रूप में इसकी जानकारी अधिकारियों को देनी चाहिए और इस कठिन समय में हम अपनी बहनों के साथ खड़े हैं।

## नौकरी का...

कामगारों को अवैध रूप से म्यांमार ले जाये जाते हैं, जबकि उनके पास वैध दस्तावेज भी नहीं होते। वहां जाकर वे फंस जाते हैं। मिशन ने चेतावनी दी थी कि विदेश में नौकरी की चाह रखने वाले लोग पूरी तरह सावधानी बरतें और भर्ती एजेंटों के बारे में अच्छी तरह जानकारी कर लें। नौकरी या अन्य रोजगार को अपनाने से पहले उसके बारे में जैसे नौकरी का विवरण, कंपनी की स्थिति, स्थान, रोजगार अनुबंध आदि सभी आवश्यक जानकारी जुटा लें। म्यांमार भारत के रणनीतिक पड़ोसियों में से एक है और यह नागालैंड और मणिपुर सहित कई पूर्वोत्तर राज्यों के साथ 1,640 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है।

## देश के...

विदेशों में बड़े-बड़े भाषण देकर भारत नंबर एक देश नहीं बन सकता। भारत को दुनिया का शीर्ष देश बनाने के लिए अपने छह सूत्रीय एजेंडे को सामने रखते हुए केजरीवाल ने कहा कि आपको सभी को उत्कृष्ट शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, रोजगार, महिलाओं की सुरक्षा और किसानों की फसलों का उचित मूल्य देना ही होगा। आप के अपनी तरह के पहले सम्मेलन में पार्टी के दिल्ली के सभी 62, पंजाब के 92 और गोवा के दो विधायकों समेत दिल्ली-पंजाब के 10 राज्यसभा सांसद शामिल हुए। आप संयोजक ने आप के राष्ट्रव्यापी विस्तार में विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि जनता हमारी ईमानदारी, मुफ्त शिक्षा-स्वास्थ्य देखभाल और कल्याण की राजनीति को पसंद करती है। दिल्ली और पंजाब के बाद जनता का प्यार हमें गुजरात में भी जीत दिलाएगा। पार्टी की साख पर भरोसा करते हुए उन्होंने कहा कि आज आप के पास 20 राज्यों में 1,446 निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ एक मजबूत देशव्यापी संगठन है। केजरीवाल ने कहा कि मुख्यधारा के मीडिया को पार्टी को कोई कवरेज देने के खिलाफ धमकी दिए जाने के बावजूद पूरे गुजरात में आप की चर्चा हो रही है, क्योंकि सोशल मीडिया ने लोगों को सूचना तक पहुंच प्रदान की है। आप सिर्फ 10 साल पुरानी पार्टी है। देश की शक्तिशाली ताकतों से लड़ने के साथ यह भ्रष्टाचार एवं मूल्य वृद्धि जैसे मुद्दों से भी निपट रही है। इस साल के अंत में गुजरात और हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनावों के लिए केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच कड़ी टक्कर होने की संभावनाओं के बीच राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। सांसदों और विधायकों के अलावा, 20 राज्यों के शहरी स्थानीय निकायों और पंचायतों में 1,400 से अधिक निर्वाचित प्रतिनिधि पार्टी के राष्ट्रीय जनप्रतिनिधि सम्मेलन में शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर तीखा हमला करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को उन पर भ्रष्टाचार से लड़ने के नाम पर आप को कुचलने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा को गुजरात चुनाव में उनकी पार्टी से हार का डर सता रहा है। केजरीवाल ने यह भी आरोप लगाया कि मोदी सरकार उनकी पार्टी के मंत्रियों और नेताओं को झूठे भ्रष्टाचार के मामलों में फंसाने की कोशिश कर रही है, क्योंकि भाजपा गुजरात में आप की बढ़ती लोकप्रियता को पचा नहीं पा रही है। केजरीवाल ने प्रधानमंत्री के मीडिया सलाहकार पर मीडिया को धमकाने का आरोप लगाया।

## पीएफआई के...

आतंकी कृत्यों को अंजाम देने और धर्म के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर रहे थे। प्रवक्ता ने कहा कि मामले में जांच जारी है।

## एनएससीएन-आईएम...

आगे आने तथा अंतिम समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए मनाने को कहा था, जिसके बाद यह बैठक हुई। केंद्र सरकार 1997 से ही एनएससीएन (आईएम) तथा 2017 से सात संगठनों वाले नगा नेशनल पॉलिटिकल ग्रुप्स (एनएनपीजी) के साथ अलग-अलग बातचीत कर रहा है। केंद्र ने तीन अगस्त 2015 को एनएससीएन (आईएम) के साथ रूपरेखा के समझौते पर हस्ताक्षर किए थे और दिसंबर 2017 में एनएनपीजी के साथ भी सहमति बनाई थी। एनएससीएन-आईएम के मई से बातचीत न करने पर जेलियांग ने कहा, वे राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण कुछ बिन्दुओं को हटाए जाने को लेकर वार्ताकार ए. के. मिश्रा से खुश नहीं हैं। इन बिन्दुओं को पूर्व वार्ताकार एन.एन. रवि ने शामिल किया था। जेलियांग के अनुसार, एनएससीएन-आईएम ने कोर समिति को बताया है कि वे तभी शांति वार्ता बहाल करेंगे जब यह रवि द्वारा सौंपे समझौते की रूपरेखा और संबंधित दस्तावेज पर आधारित होगी। जेलियांग ने कहा, कुछ चीजों पर काम चल रहा है और हमें उम्मीद है कि वार्ता बहुत जल्द बहाल होगी। एनएससीएन-आईएम नेतृतव के एक सदस्य आर. रायसिंग ने पत्रकारों से कहा कि संगठन का एक दल केंद्र से बातचीत करने के लिए जल्द ही दिल्ली रवाना होगा।

## टेलीग्राम के...

जरिये भी मंगाते थे। डीसीपी अभिषेक वर्मा ने बताया कि जो नशे की खेप हमारे द्वारा पकड़ी गई है। यह कैलिफोर्निया वीड है जोकि विदेश से तस्करी के जरिए यहां पर मंगाई गई है। यह विदेशों से यहां तक पहुंची है और इसकी पेमेंट भी क्रिप्टो करेंसी के द्वारा की जाती थी। टेलीग्राम के माध्यम से उनके ग्रुप के बारे में पता चला। जिसके बाद खुद डीसीपी अभिषेक वर्मा एक ग्राहक बनकर इन लोगों से मिलने के लिए गए और उसी दौरान इन तीनों को शारदा अस्पताल गोल चक्कर वाले रास्ते से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए तीनों आरोपी दिल्ली में एक कॉलेज के छात्र हैं।

## सेना ने...

उद्योग के लिए छह महीने तक खुली रहेगी और खरीद अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के एक साल के भीतर उपकरणों की आपूर्ति करने की अपेक्षा उद्योग से होगी। सेना ने इस खरीद प्रक्रिया को खुली निविदा पर आधारित बताते हुए कहा कि बंदूकों, मिसाइल, ड्रोन, संचार एवं ऑप्टिकल प्रणाली, विशेषज्ञ वाहन, इंजीनियरिंग उपकरण और वैकल्पिक ऊर्जा संसाधन के लिए प्रस्ताव लाए जा रहे हैं। सेना की जरूरतों को पूरा करने के लिए पिछले कुछ समय में सैन्य उपकरणों को स्वदेशी स्तर पर विकसित करने पर जोर दिया जाता रहा है। सरकार ने भी इस दिशा में कई सकारात्मक कदम उठाए हैं।

# अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने को राहुल पर दबाव बढ़ा

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस के** अध्यक्ष पद के लिए चुनाव की अधिसूचना जारी होने में कुछ ही दिन शेष रह जाने के बीच गांधी परिवार के प्रति निष्ठा रखने वालों और (कांग्रेस की) प्रदेश इकाइयों ने पार्टी की बागडोर संभालने के लिए राहुल गांधी पर दबाव बनाने की कोशिशें तेज कर दी हैं।

राहुल कथित तौर पर यह संकेत देते रहे हैं कि वह अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का प्रमुख नहीं बनने के अपने रुख में बदलाव नहीं करना चाहते। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की इकाइयों ने राहुल को पार्टी का अध्यक्ष बनाने के लिए प्रस्ताव पारित किए हैं। सिर्फ इन्हीं दोनों राज्यों में कांग्रेस अपने बूते सरकार में है। कुछ दिन पहले पार्टी ने कहा था कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि प्रस्ताव पारित कर कांग्रेस के आगामी अध्यक्ष को प्रदेश प्रमुखों और एआईसीसी प्रतिनिधियों को नियुक्त करने के लिए अधिकृत करेंगे।

कांग्रेस के आगामी अध्यक्ष को



प्रदेश प्रमुखों और एआईसीसी प्रतिनिधियों को नियुक्त करने के लिए अधिकृत करने संबंधी प्रस्ताव पारित करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने राहुल गांधी को पार्टी अध्यक्ष बनाए जाने का भी प्रस्ताव पारित किया। इससे एक दिन पहले, शनिवार को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने इस तरह के दो प्रस्ताव पारित किए थे। पार्टी की अन्य प्रदेश इकाइयों के भी इस तरह के प्रस्ताव पारित करने की संभावना है। राजस्थान में अशोक गहलोत और छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की सरकार है। उन दोनों ने राहुल से बार-बार पार्टी की बागडोर संभालने का अनुरोध किया है। गहलोत और बघेल क्रमशः सचिन पायलट और टी एस सिंहदेव से अपने-अपने पद के प्रति आंतरिक रूप से दबाव का सामना कर रहे हैं। पायलट और सिंहदेव को क्रमशः राजस्थान और छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री पद के आकांक्षी के तौर पर देखा जा रहा है। कुछ राजनीतिक विश्लेषक इन प्रस्तावों को पारित किए जाने संबंधी गहलोत और बघेल की पहल को गांधी परिवार के प्रति उनके द्वारा अपनी निष्ठा जताए जाने के तौर पर देखते हैं, जबकि अन्य इसे पार्टी की बागडोर संभालने के लिए राहुल को मनाने की वास्तविक कोशिश मानते हैं।

गहलोत ने कांग्रेस अध्यक्ष बनने की दौड़ में खुद के शामिल होने की खबरों को तवज्जो नहीं देने की कोशिश की है। एक बार फिर से पार्टी की

## ● प्रदेश इकाइयों ने कोशिशें तेज की

बागडोर संभालने के लिए राहुल गांधी को मानने के वास्ते आखिरी क्षण तक प्रयास किया जाएगा। इस साल जून में भी सीपीसीसी ने राहुल गांधी को पार्टी अध्यक्ष बनाए जाने का एक प्रस्ताव पारित किया था। बघेल ने रायपुर में संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने राहुल गांधी को पार्टी का अध्यक्ष नियुक्त करने का प्रस्ताव पेश किया, जिसका अनुमोदन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख मोहन मरकाम, राज्य विस अध्यक्ष चरण दास महंत, मंत्रियों-टी एस सिंह देव, शिवकुमार डहरिया और प्रेमसाय टेकाम- ने किया। बघेल ने एक सवाल के जवाब में कहा, सीपीसीसी ने आज प्रस्ताव (राहुल को अध्यक्ष बनाने का) पारित किया और पार्टी की राजस्थान इकाई ने भी ऐसा किया है। उन्होंने कहा, यदि इसी तरह के प्रस्ताव अन्य राज्यों में भी पारित किए जाते हैं तो राहुल जी इस पर पुनर्विचार करेंगे, क्योंकि पार्टी के अध्यक्ष पद का चुनाव नजदीक आ रहा है। पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए, मुझे लगता है कि राहुल जी (पार्टी प्रमुख बनने के लिए) राजी हो जाएंगे। पार्टी प्रमुख की जिम्मेदारी संभालने के लिए राहुल से की गई कोशिशों और अपील के बावजूद, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने इस महीने की शुरूआत में कहा था कि उन्होंने फैसला कर लिया है, लेकिन अपनी योजनाओं का खुलासा नहीं करेंगे। यदि पार्टी के अध्यक्ष पद के लिए वह आगामी चुनाव नहीं लड़ेंगे तो वह इसके कारण बता देंगे। राहुल की टिप्पणी को पार्टी में इस संकेत के तौर पर देखा गया है कि वह पार्टी के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ने को इच्छुक नहीं है। उन्होंने हाल में कन्याकुमारी में संवाददाता सम्मेलन में इस संबंध में पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा था, मैं अध्यक्ष बनूंगा या नहीं, यह कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होने के समय पूरा स्पष्ट हो जाएगा।



त्रिशूर में आरएसएस मुखिया मोहन भागवत मन्दिर में पूजा अर्चना करते हुए।

# गिरफ्तार मौलवी कई चेतावनियों के बावजूद युवाओं को भड़काते रहे: एडीजीपी कश्मीर

**भाषा।** श्रीनगर

**कश्मीर** के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) विजय कुमार ने रविवार को कहा कि कड़े लोक सुरक्षा कानून (पीएसए) के तहत गिरफ्तार मौलवी कई चेतावनियों के बावजूद युवाओं को भड़काते रहे। कुमार ने उत्तरी कश्मीर के बारामूला में संवाददाताओं से कहा, हमारे पास पर्याप्त सबूत थे और इसीलिए हमने उन्हें कई बार बुलाकर आगाह किया तथा समझाने की कोशिश की कि वे युवाओं, लोगों को न भड़काएं। जब वे नहीं रुके तो उन पर पीएसए के तहत मामला दर्ज किया गया।

पिछले कुछ दिनों में मौलवियों सहित छह लोगों को पीएसए के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। कुमार ने कहा कि यदि जरूरी हुआ तो इन लोगों के खिलाफ सबूत मीडिया के साथ साझा किए जा सकते हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या और मौलवियों पर भी नजर है, अधिकारी ने कहा कि पुलिस के पास अन्य लोगों के खिलाफ भी सबूत हैं तथा वह उसी के अनुसार कार्वाई करेगी। उन्होंने कहा, हमारे पास पीएसए के अलावा कई साधन हैं। हम उन्हें (मौलवियों को) बुलाते हैं और समझाने की कोशिश करते हैं। अगर वे नहीं समझते हैं, तो हम कार्वाई करते हैं...पीएसए अंतिम उपाय है। कुमार ने यह भी दावा किया कि प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी (जेआई) के बारे में ऐसी सूचना मिली है कि कि वह गुप्त रूप से गतिविधियों को अंजाम दे रहा है। कुमार ने कहा, कानून और व्यवस्था बनाए रखना केवल पुलिस की नहीं, बल्कि नागरिकों, सेना या मीडिया सबकी जिम्मेदारी है। इस साल, कानून और व्यवस्था बहुत अच्छी तरह से बनाए रखी गई, पर्यटक आए, इंटरनेट बंद नहीं हुआ, बाजार, स्कूल और कॉलेज बंद नहीं किए गए। इससे किसे फायदा हुआ? इससे समाज को फायदा होता है। हमें इस माहौल को बनाए रखना है।

# कोणार्क सूर्य मंदिर के रथ के पहिए से प्रेरित आकृति इंटरपोल की 90वी महासभा का लोगो होगी

**भाषा।** नई दिल्ली

**तेरहवीं शताब्दी** के प्रसिद्ध कोणार्क सूर्य मंदिर के रथ पहियों से प्रेरित आकृति इंटरपोल की 90वीं महासभा का लोगो होगी। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अगले महीने होने वाली इस महासभा में 195 देशों के कानून लागू करने वाले अधिकारियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। अधिकारियों ने कहा कि महासभा का आयोजन करने वाले केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने हाल ही में लोगो का अनावरण किया, जिसमें तीन पत्तियों वाली एक गोलाकार आकृति है, जिनके बीच में पहिया है।

इंटरपोल के साथ संपर्क करने के लिए सीबीआई भारत की राष्ट्रीय एजेंसी है। सीबीआई को इस लोगो का विचार ओडिशा के नक्काशीदार सूर्य मंदिर के पहियों से आया, जिनमें 16 तीलियां हैं। इस मंदिर का निर्माण सूर्य भगवान के रथ के रूप में पत्थर से किया गया है। एक अधिकारी ने कहा, जब इंटरपोल की प्रतिबद्धता और जुड़ाव का संदर्भ आता है, तो इस लोगो में कोणार्क का पहिया वैश्विक निकाय के चौबीस घंटे कामकाज को प्रेरित करने का काम करता है और यह तीन पत्तियों वाले गोलाकार आकृति से घिरा हुआ है, जो भारतीय ध्वज के रंगों वाला है। उन्होंने कहा कि तीन घेरे वाली गोलाकार आकृति इंटरपोल के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय बंधनों के निर्माण, विश्व स्तर पर सुरक्षा के संरक्षण के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता और कानून प्रवर्तन लक्ष्यों की उपलब्धि दर्शाती है।

अधिकारियों ने कहा कि भारत ने 1997 में इस कार्यक्रम का आयोजन किया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के प्रयासों के कारण देश को फिर से महासभा का आयोजन करने का मौका मिला है, जो चाहते थे कि यह भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ वर्ष के दौरान देश में आयोजित किया जाए। महासभा एक वार्षिक कार्यक्रम होता है, जिसका आयोजन प्रत्एक सदस्य देश द्वारा बारी-बारी से किया जाता है।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने इस साल भारत में वैश्विक सुरक्षा कैलेंडर में इस महासभा का आयोजन करने का विचार तत्कालीन इंटरपोल महासचिव जुर्गन स्टॉक के साथ बैठक के दौरान रखा था, जिन्होंने 30 अगस्त, 2019 को उनसे मुलाकात की थी। उन्होंने कहा कि 18 अक्टूबर से शुरू होने वाले तीन दिवसीय कार्यक्रम में भ्रष्टाचार और साइबर अपराध, इंटरनेट पर प्रसारित बाल यौन शोषण सामग्री, लापता व्यक्तियों और आतंकवाद के अलावा दुनिया भर में भगोड़े अपराधियों पर नज़र रखने के लिए विभिन्न देशों की पुलिस के बीच सहयोग में सुधार के लिए नई तकनीकों और तंत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

# सुनील बंसल ने कोलकाता में घायल भाजपा कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के लिए भाजपा के पर्यवेक्षक सुनील बंसल ने रविवार को पार्टी के उन कार्यकर्ताओं से मुलाकात की, जो हाल ही में राज्य सचिवालय तक मार्च के दौरान घायल हो गए थे। बंसल ने रैली में शांतिपूर्ण समर्थकों पर पुलिस द्वारा ज्यादती करने का आरोप भी लगाया। बंसल ने कोलकाता शहर के एमहर्स्ट स्ट्रीट और बेलीघाट इलाकों में पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। ए कार्यकर्ता 13 सितंबर को भाजपा के नबन्ना अभियान का हिस्सा थे। हम इसे हल्के में नहीं लेंगे। मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि पार्टी हमेशा अपने कार्यकर्ताओं के साथ खड़ी रहेगी, जो पश्चिम बंगाल में तब-तब पुलिस की बर्बरता का शिकार होते हैं, जब-जब वे टीएमसी के कुशासन के खिलाफ आवाज उठाते हैं। उन्होंने कहा, मैं अपनी रिपोर्ट केंद्रीय भाजपा नेतृत्व को भेजूंगा। भाजपा की एक तथ्यान्वेषी टीम ने शनिवार को कहा था कि पश्चिम बंगाल में जंगल राज है और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस अगले संसदीय चुनावों में इससे सबक सीखेगी।

राज्यसभा सदस्य बृजलाल और पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौर सहित भाजपा की पांच-सदर्सीय टीम ने अस्पतालों में इलाज करा रहे भाजपा के कुछ घायल कार्यकर्ताओं से मुलाकात भी की थी। इस बीच, टीएमसी प्रवक्ता कुणाल घोष ने सवाल किया कि बंसल को रैली के दौरान घायल हुए पुलिसकर्मियों से मिलने का समय क्यों नहीं मिला। घोष ने दावा किया, नबन्ना अभियान के वीडियो फुटेज में दिख रहा है कि कैसे पुलिस ने उस दिन हिंसक भाजपा कार्यकर्ताओं का मुकाबला करने में संयम दिखाया। पुलिस ने विरोध के नाम पर शहर में बड़े पैमाने पर अशांति फैलाने के पार्टी के बड़े षड्यंत्र को विफल कर दिया।

## लोकयुक्त पुलिस ने एदियुरप्पा और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की लोकायुक्त पुलिस ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस.एदियुरप्पा और उनके परिवार के कई अन्य सदस्यों के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। विशेष अदालत के निर्देश के बाद शुक्रवार को लोकायुक्त पुलिस ने यह प्राथमिकी दर्ज की। अदालत ने भाजपा के वरिष्ठ नेता एदियुरप्पा, उनके बेटे और भाजपा की राज्य इकाई के उपाध्यक्ष बी वाई विजएंद्र, उनके पोते और बेंगलुरु विकास प्राधिकरण (बीडीए) के तत्कालीन आयुक्त के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था। सामाजिक कार्यकर्ता टी जे अब्राहम की शिकायत पर एदियुरप्पा और उनके परिजनों के खिलाफ भ्रष्टाचार रोधी अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। अब्राहम ने आरोप लगाया है कि आरोपियों को बीडीए का ठेका देने के एवज में रिश्वत की राशि मिली।



मुंबई में नवरात्र पर्व के लिए दुर्गा पण्डाल सजाने के लिए मूर्ति को ले जाते हुए श्रद्धालु।

# पुणे की बेकरी ने खास लाल अमरूद से बनाया खास केक

## ● रियास ने कहा कि ओणम समारोह के दौरान आरएसएस के लोग केरलवासियों की एकता से परेशान है।

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले की पुरंदर तहसील में लाल अमरूद का उत्पादन करने वाले किसानों को खुशी की एक और वजह मिली है क्योंकि नामी कयानी बेकरी अब उनके उत्पाद का इस्तेमाल विशेष केक बनाने में कर रही है। अमरूद की इस किस्म को रत्नदीप अमरूद कहा जाता है जिसका उत्पादन पारंपरिक रूप से महाराष्ट्र की पुरंदर तहसील के किसान करते हैं। इस किस्म के अमरूद की बाजार में इसके स्वाद और अंदर के गुलाबी हिस्से की वजह से बहुत भारी मांग है। रत्नदीप अमरूद उगाने वाले किसान पुणे की कयानी बेकरी से अमरूद का खास अंडा रहित केक बनाने के लिए जुडे हैं और इस केक को पुरंदर पेरु केक नाम दिया गया है। कयानी बेकरी अपने स्ट्राबेरी बिस्कुट और अपने अन्य उत्पादों के लिए प्रसिद्ध है। बेकरी के एक सह-स्वामी ने दावा किया कि इस केक को बनाने की शुरुआत पिछले महीने की गई और ग्राहकों के बीच इसकी भारी मांग है।

कंपनी के अध्यक्ष रोहन उर्सल ने कहा, केक लाल अमरूद से बनाया जाता है जिसका उत्पादन हाइलैंड्स फार्मर्स प्रोड्यूसर्स कंपनी करती है जिसकी शुरुआत 14 किसानों ने मिलकर की थी और जो पूर्णकालिक किसान थे। इन किसानों को खेती और अन्य संबंधित कार्यों की जानकारी थी। उन्होंने बताया कि लाल अमरूद की किस्म को अगले स्तर पर ले जाने के लिए हमने कयानी बेकरी के सह-मालिक रुस्तम कयानी सहित कई बेकर से संपर्क किया। रुस्तम कयानी केक बनाने के लिए फलों में कुछ बदलाव करने के मामले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# रेलवे के नए उपकरण से वास्तविक समय में सीट उपलब्धता की जांच

## ● प्रतिदिन सात हजार यात्रियों को सीट आवंटन

**नई दिल्ली।** कम्प्यूटरीकृत ऑन-बोर्ड टिकट जांच और खाली सीट के आवंटन के लिए बने रेलवे के नए हैंड-हेल्ड टर्मिनल (एचएचटी) ने पिछले चार महीने में औसतन लगभग 7,000 बिना कन्फर्म सीट वाले यात्रियों को रेलगाड़ियों में प्रतिदिन कन्फर्म सीट प्राप्त करने की सुविधा प्रदान की है। आंकड़ों से यह जानकारी मिली। एचएचटी उपकरण आईपैड के आकार में होते हैं जिनमें पहले से लोड किए गए यात्री आरक्षण चार्ट होते हैं। पहले की तरह कागजी चार्ट से गुजरने के बजाय, टिकट जांच कर्मचारी बुकिंग पर रीयल-टाइम अपडेट के लिए इन उपकरणों के माध्यम से सर्च कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं क्योंकि ए यात्री आरक्षण प्रणाली के केंद्रीय सर्वर से जुड़े होते हैं।

इसलिए, यदि आरक्षित टिकट वाला कोई यात्री अंतिम समय पर अपनी यात्रा को रद्द नहीं करता है, तो खाली सीट एचएचटी उपकरण पर प्रदर्शित होती है जिससे ट्रेन टिकट परीक्षक (टीटीई) प्रतीक्षा-सूची वाले यात्री या रिजर्वेशन अगेंस्ट कैंसिलेशन (आरएसी) यात्री को सीट आवंटित कर पाते हैं। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि आरएसी या प्रतीक्षा सूची टिकट वाले यात्री वास्तविक समय के आधार पर खाली बर्थ की उपलब्धता के बारे में एचएचटी के माध्यम से टीटीई से जांच करा सकते हैं और इससे रेलगाड़ियों में सीट आवंटन में पारदर्शिता आती है।

आंकड़ों के अनुसार, लगभग चार महीने पहले शुरू की गई परियोजना के तहत, करीब 1,390 रेलगाड़ियों के टीटीई प्रतिदिन ट्रेन में अपनी यात्रा के विभिन्न चरणों या अपनी यात्रा के कुछ हिस्सों में लगभग 10,745 एचएचटी ले जा रहे हैं। पिछले चार महीनों में, औसतन 5,448 आरएसी यात्रियों और 2,759 प्रतीक्षा-सूची वाले यात्रियों को एचएचटी के माध्यम से प्रतिदिन सीट आवंटित की गई। आंकड़ों के अनुसार, आरएसी या प्रतीक्षा-सूची वाले यात्रियों को सीट आवंटन के अलावा, लगभग 7,000 अप्रयुक्त खाली सीट भी एचएचटी के माध्यम से पीआरएस को प्रतिदिन जारी की जा रही हैं ताकि उन्हें रेलगाड़ियों के मार्ग पर अगले स्टेशन से बुकिंग के लिए उपलब्ध कराया जा सके। अधिकारियों ने कहा कि अगले तीन से चार महीनों में, ए एचएचटी उपकरण साप्ताहिक और द्वि-साप्ताहिक सहित लंबी दूरी की सभी ट्रेन में उपलब्ध करा दिए जाएंगे। एचएचटी का उपयोग डिजिटल भुगतान विकल्पों के माध्यम से यात्रियों से अतिरिक्त किराया, जुर्माना और अन्य शुल्क वसूलने के लिए भी किया जा सकता है।

# तेजस्वी ने सीबीआई, नित्यानंद राय को धमकी दी: बिहार भाजपा अध्यक्ष

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी की बिहार इकाई के अध्यक्ष संजय जायसवाल ने रविवार को कहा कि सीबीआई ने उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव को दी गई जमानत को रद्द करने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटा कर सही कदम उठाया है। दिल्ली की एक अदालत द्वारा सीबीआई की याचिका पर यादव को नोटिस जारी किए जाने के एक दिन बाद यहां पत्रकारों से बात करते हुए जायसवाल ने आरोप लगाया कि राजद नेता ने एजेंसी के अधिकारियों और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय को धमकी दी थी।

जायसवाल ने पिछले महीने यादव द्वारा संबोधित एक संवाददाता सम्मेलन का जिक्र करते हुए कहा, बिहार में हर कोई जानता है कि स्थानीय बोली में ठंडा कर देंगे का क्या मतलब होता है। यादव ने उस संवाददाता सम्मेलन में राय की आलोचना की थी। राय भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हैं। भाजपा नेता ने कहा, यादव ने सीबीआई अधिकारियों को उनके परिवारों और सेवानिवृत्ति के बाद उनकी कमजोरियों की याद दिलाते हुए खुली धमकी भी जारी की थी। जमानत पर रहते हुए उन्हें ऐसी बातें कहने का साहस है? सीबीआई ने उनकी जमानत रद्द करने की उचित मांग की है।

यादव का नाम भ्रष्टाचार के एक मामले से जुड़ा है जो उस समय से संबंधित है जब उनके पिता लालू प्रसाद रेल मंत्री थे, हालांकि वह (यादव) तब खुद नाबालिग थे। जायसवाल ने उन आरोपों का भी खंडन किया कि आठ सालों से केंद्र की सत्ता पर काबिज भाजपा की कानूनी तकरार में भूमिका थी। पिछले महीने हुई उथल-पुथल में राज्य में सत्ता गंवाने वाली भाजपा के नेता ने कहा, तेजस्वी यादव के खिलाफ ज्यादातर जानकारी राज्य में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार द्वारा प्रदान की गई थी। इस बीच राजद, जद(यू) और कांग्रेस समेत सात दलों के सत्तारूढ़ गठबंधन के नेता इस मुद्दे पर कुछ भी बोलने के इच्छुक दिखाई नहीं दिए।

## केंद्रीय मंत्री के ओणम से महाबली को अलग बताने पर विवाद

**तिरुवनंतपुरम।** केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन के उस बयान को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया है, जिसमें उन्होंने केरल में मनाए जाने वाले ओणम उत्सव से महाबली के संबंध को लेकर सवाल उठाया है। माकपा नेता और पर्यटन मंत्री पी ए मोहम्मद रियास ने आरोप लगाया कि मुरलीधरन ने यह बयान अनजाने में नहीं दिया है और इसका मकसद समाज में विभाजन करना था। केरलवासियों द्वारा जाति, पंथ और धर्म से परे जाकर ओणम को उत्साह के साथ मनाने के एक हफ्ते बाद मुरलीधरन ने दावा किया कि केरल में महाबली के शासन का कोई ज्ञात इतिहास नहीं है और यह केवल एक मिथक है। दुबई में भारतीय वाणिज्य दूतावास में हाल ही में हुए ओणम उत्सव समारोह में मुरलीधरन ने कहा कि कोई नहीं जानता कि महान राजा महाबली उत्सव से कैसे जुड़ गए। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में मुरलीधरन ने इस बात की ओर इशारा किया कि उस समारोह के एंकर ने महाबली को केरल पर शासन करने वाले राजा के रूप में उल्लेख किया था।

# पश्चिम बंगाल में स्कूल की छत पर बम विस्फोट मामले में चार गिरफ्तार

## ● भाजपा ने एनआईए जांच की मांग की

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के टीटागढ़ इलाके में एक स्कूल में हुए बम विस्फोट के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। बैरकपुर पुलिस आयुक्तालय के अधिकारी ने बताया कि 18-19 साल की उम्र के आरोपियों को आधी रात के करीब कमरहाटी और टीटागढ़ इलाकों से पकड़ा गया। उन्होंने कहा, हम उनसे पूछताछ करके सभी संभावित पहलुओं का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों में से एक कमरहाटी का है, जबकि बाकी टीटागढ़ के हैं।

शनिवार को कक्षा में पढ़ाई के दौरान स्कूल की इमारत की छत पर देसी बम में विस्फोट हुआ था। पुलिस ने कहा कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, क्योंकि छात्र और शिक्षक तीन मंजिला इमारत की पहली दो मंजिलों पर स्थित कमरों में थे। अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपियों ने स्कूल के गेट पर एक शक्तिशाली देसी बम फेंकने के अपने प्रारंभिक इरादे को बदल दिया था, क्योंकि घटनास्थल पर भीड़ थी। उन्होंने कहा कि वे इस कृत्य को अंजाम देने के लिए बगल की एक इमारत की छत पर चढ़ गए। गिरफ्तार किए गए लोगों में से तीन स्कूल के पूर्व छात्र हैं। घटना के पीछे आरोपी और स्कूल के कुछ अन्य छात्रों के बीच व्यक्तिगत दुश्मनी को प्राथमिक मकसद माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक आरोपी के आवास पर तलाशी अभियान के दौरान 10 देसी बम मिले। इस बीच, भाजपा ने बम विस्फोट मामले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से कराए जाने की मांग की है। बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा, मैं (एनआईए जांच के लिए) सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्रालय के समक्ष मांग रखूंगा।

शुभेंदु अधिकारी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए तृणमूल कांग्रेस सांसद सौगत रॉय ने कहा कि हर घटना के लिए एनआईए जांच की मांग करना भाजपा की आदत हो गई है। इससे पहले दिन में, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा कि शनिवार की घटना इस तथ्य की ओर इशारा करती है कि पश्चिम बंगाल में स्कूली छात्र भी सुरक्षित महसूस नहीं कर सकते। घोष ने दावा किया, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के शासन में राज्य में शिक्षा के क्षेत्र ने अपनी अंतिम यात्रा शुरू कर दी है... युवा पिस्तौल और बम लेकर घूम रहे हैं... क्योंकि पश्चिम बंगाल में कोई रोजगार नहीं है। घोष की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए सौगत रॉय ने कहा कि पुलिस अपना काम कर रही है और जांच जारी है।

# चतरा में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में जवान घायल

**भाषा।** चतरा

**झारखंड में** चतरा जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र में पलामू के सीमावर्ती बिरमाटकुम के जंगल में रविवार को नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच भीषण मुठभेड़ में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। चतरा के अनुमंडल पुलिस अधिकारी अविनाश कुमार ने पीटीआई-भाषा को बताया कि सीआरपीएफ की 190वीं बटालियन के जवान चितरंजन कुमार के पैर व कमर में दो गोलियां लगी हैं। उनकी हालत गंभीर है और उन्हें रांची के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि नक्सली घने जंगल का फायदा उठाकर भाग निकले, यद्यपि इस भीषण मुठभेड़ में कम से कम चार नक्सलियों को भी गोली लगने का अंदेशा है लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। आज दिन में मुठभेड़ की सूचना पर पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 190वीं बटालियन के कमांडेंट मनोज कुमार व एसडीपीओ अविनाश कुमार मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने मुठभेड़ में शामिल सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट मनीष कुमार व थाना प्रभारी बिनोद कुमार समेत जवानों से घटना की जानकारी ली। कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि प्रतापपुर थाना क्षेत्र के बिरमाटकुम व बधार के जंगल में माओवादी कमांडर मनोहर गंझू का दस्ता 15-20 नक्सलियों के साथ मौजूद है। इसके बाद सीआरपीएफ व जिला पुलिस बल की टीम घटनास्थल पर भेजी गई थी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों को देखते ही नक्सलियों ने गोलीबारी प्रारंभ कर दी जिस पर सुरक्षा बलों ने भी जवाबी गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि दोनों ओर से सैकड़ों की संख्या में गोलियां चलीं। एसडीपीओ ने दावा किया कि मुठभेड़ में कम से कम चार नक्सलियों को गोली लगी है।

# ताइवान में शक्तिशाली भूकंप, कई लोग मलबे में दबे

एपी। ताइप

**ताइवान** में रविवार को भूकंप का तेज झटका महसूस किया गया, जिससे तीन मंजिला एक इमारत ध्वस्त हो गई और मलबे में कई लोग दब गए। भूकंप की वजह से एक स्टेशन पर यात्री ट्रेन भी पटरी से उतर गई।

रविवार को आए भूकंप की तीव्रता 6.8 मापी गई, जो शनिवार से इस द्वीपीय देश के दक्षिण पूर्वी हिस्सों में महसूस किए जा रहे दर्जनों झटकों में सबसे शक्तिशाली है। इसी इलाके में शनिवार शाम को 6.4 तीव्रता का भूकंप का झटका महसूस किया गया था। ताइवान के केंद्रीय मौसम ब्यूरो ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि सबसे अधिक नुकसान भूकंप के केंद्र के उत्तरी क्षेत्र में हुआ है। ब्यूरो ने बताया कि भूकंप का केंद्र चिशांग शहर के पास सतह से महज सात किलोमीटर नीचे था।



ताइवान की सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने बताया कि भूकंप की वजह से युली शहर के नजदीक तीन मंजिला एक इमारत ध्वस्त हो गई, जिसके निचले तल पर सात से 11 दुकानें थीं और ऊपरी मंजिल पर लोग रहते थे। एजेंसी ने बताया कि इमारत के 70 वर्षीय मालिक और उसकी पत्नी को बचा लिया गया है तथा बचावकर्मी मलबे में फंसी 39 वर्षीय महिला और उसकी पांच साल की बेटी के संपर्क में हैं। ऊपरी दो मंजिल ध्वस्त होने के बाद मलबा तंग सड़क पर आकर गिरा, जिसकी वजह के बिजली के तार भी टूट गए। खबरों में बताया गया कि युली के ग्रामीण इलाकों को जोड़ने वाली सड़क पर बना पुल ध्वस्त हो गया और पुलिस तथा दमकलकर्मी मौके पर हैं। इस घटना में एक या अधिक वाहनों के पुल से गिरने की आशंका है। सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने बताया कि ऑरेंज डे लिली फूलों के लिए प्रसिद्ध युली में भूस्खलन की वजह से करीब 400 पर्यटक फंस गए हैं। आम तौर पर यहां के पहाड़ी ढलान इन फूलों से ढके रहते हैं जिन्हें देखने पर्यटक आते हैं। एजेंसी के मुताबिक इलाके में बिजली नहीं है और मोबाइल फोन का सिग्नल भी कामजोर है। एजेंसी ने रेलवे प्रशासन के हवाले से बताया कि युली और भूकंप के केंद्र चिशांग के बीच फुली शहर के डोंगली स्टेशन पर प्लेटफॉर्म के ऊपर बनी छतरी गिरने से वहां खड़ी एक ट्रेन के तीन डिब्बे एक ओर झुक गए। ताओयुआन शहर में खेल केंद्र की पांचवीं मंजिल की छत गिर जाने से 36 वर्षीय एक व्यक्ति घायल हो गया। भूकंप के झटके ताइवान की राजधानी ताइपे, पश्चिमी ताइपे से 210 किलोमीटर दूर ताओयुआन शहर में भी महसूस किए गए। जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी ने ताइवान के नजदीक दक्षिण जापान के कई द्वीपों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की, जिसे बाद में वापस ले लिया गया।

## शहबाज समेत अन्य के खिलाफ 50 मामले जवाबदेही अदालतों ने एनएबी को भेजे

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** की जवाबदेही अदालतों ने भ्रष्टाचार के कई आरोपों का सामना कर रहे प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को बड़ी राहत देते हुए शहबाज समेत अन्य संदिग्धों के खिलाफ भ्रष्टाचार के 50 बड़े मामले राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो को लौटा दिए हैं। शहबाज, उनके बेटे और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री हमजा शहबाज, नेशनल असेंबली के अध्यक्ष राजा परवेज अशरफ और पूर्व प्रधानमंत्री यूसुफ रजा गिलानी के खिलाफ भी जवाबदेही अदालतों ने राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) को मामले वापस भेज दिए हैं। जियो न्यूज ने शनिवार को बताया कि एनएबी कानूनों में संशोधन के अनुरूप राहत प्रदान की गई है। शहबाज और उनके बेटे हमजा के खिलाफ रमजान चीनी मिल का संदर्भ भी वापस भेजे गए मामलों में से है।

फरवरी 2019 में, एनएबी ने शहबाज और उनके बेटे हमजा के खिलाफ भ्रष्टाचार का यह मामला दर्ज किया था। भ्रष्टाचार रोधी शीर्ष निकाय ने आरोप लगाया कि पंजाब के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, शहबाज ने अपने अधिकार का दुरुपयोग किया और अपने बेटों के स्वामित्व वाली रमजान चीनी मिल के संबंध में अनियमितताएं कीं। एनएबी ने आरोप लगाया कि दोनों संदिग्धों ने धोखाधड़ी और बेईमानी से राष्ट्रीय खजाने को 21.3 करोड़ पाकिस्तानी रुपए (लगभग 948,565 डॉलर) का नुकसान पहुंचाया। इसी तरह, एक जवाबदेही अदालत ने नेशनल असेंबली के स्पीकर के खिलाफ छह रेंटल पावर प्लांट (आरपीपी) के मामले एनएबी को वापस भेज दिए। ब्यूरो ने आरोप लगाया था कि पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) की सरकार के दौरान जल और बिजली मंत्री रहते हुए अशरफ ने इन परियोजनाओं के लिए अपने पद का दुरुपयोग किया था। पीपीपी सांसद यूसुफ रजा गिलानी के खिलाफ यूनिवर्सल सर्विसेज फंड (यूएसएफ) का मामला भी वापस कर दिया गया। मामले में उन पर अवैध प्रचार अभियान में पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया था। एनएबी नियमों में संशोधन के बाद मोदरबा घोटाले और कंपनी धोखाधड़ी के मामलों को भी जवाबदेही अदालतों से वापस ले लिया गया है। संघीय सरकार के एक सूत्र ने शनिवार को खुलासा किया कि लगभग सभी ऐसे मामले प्रधानमंत्री शहबाज के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार से जुड़े लोगों से संबंधित हैं। सूत्र ने कहा कि यह संभावना नहीं है कि नए एनएबी प्रमुख भ्रष्टाचार के इन मामलों को भ्रष्टाचार रोधी संस्था जैसे अन्य मंचों पर भेजेंगे। नए एनएबी प्रमुख को शहबाज और नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता राजा रियाज द्वारा नियुक्त किया गया था। सूत्र ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि भ्रष्टाचार के ए संदर्भ बंद किए जा रहे हैं, क्योंकि एनएबी उन्हें कार्वाई के लिए संबंधित कानूनी मंचों पर भेजने में कोई जल्दी नहीं दिखा रहा है। संपर्क करने पर एनएबी के प्रवक्ता नदीम खान ने कहा, ऐसे सभी मामलों का फैसला कानून के मुताबिक किया जाएगा। एनएबी, पंजाब के पूर्व निदेशक फारूक हमीद ने इससे पहले डॉन अखबार से कहा कि सरकार के लिए बेहतर होता कि ब्यूरो को बदनाम करने के लिए इस तरह के कानून को पेश करने के बजाय इसे बंद कर दिया जाता। उन्होंने कहा, भ्रष्ट कुलीन वर्ग की जवाबदेही तय करना अब असंभव है। सरकार को एनएबी के लिए बजट में अरबों रुपए क्यों आवंटित करने चाहिए, जब उसने इस बात को सुनिश्चित करने के लिए कानून में बदलाव लाए हैं कि भ्रष्टाचारियों द्वारा लूटे गए अरबों रुपए वसूल नहीं किए जा सकें। अगस्त में, नेशनल असेंबली ने राष्ट्रीय जवाबदेही (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2022 पारित किया, जिसमें निजी लेन-देन को एनएबी के दायरे से बाहर करने का प्रयास किया गया। संशोधित विधेयक के तहत, एनएबी का आर्थिक क्षेत्राधिकार केवल बड़े घोटालों के खिलाफ कार्वाई करने के लिए तय किया गया।

## रूसी सीमा के निकट युद्ध क्षेत्र में अब भी पड़े हैं शव

एपी। कोजापा लोपान (यूक्रेन)

**यूक्रेन** में रूस के कब्जे वाले सीमावर्ती इलाके में इस महीने यूक्रेनी बलों ने एक बड़ी जवाबी कार्वाई की, जिसके बाद युद्ध क्षेत्र पर, खेतों में और जले हुए टैंकों में अब भी शव पड़े हुए हैं। यूक्रेन के पश्चिमोत्तर हिस्से पर रूस के कई महीनों के कब्जे के बाद, रूसी सेना को वापस सीमा पार धकेल दिया गया, लेकिन रूस की ओर से इस इलाके में अब गोलाबारी जारी है। गोलाबारी के बावजूद जवानों का एक समूह ऊबड़-खाबड़ एवं कीचड़ से भरे मार्ग से उस क्षेत्र पर जाने में सफल रहा, जहां यूक्रेनी बलों के शव पड़े हैं। इन शवों का पता ड्रोन के जरिए चला था। दोनों पक्षों के जवानों एवं आम नागरिकों के शवों की तलाश कर रहे नेशनल गार्ड के कमांडर विताली ने कहा, यह जोखिम भरा काम है। हम अपनी जान जोखिम में डालते हैं क्योंकि किसी भी समय रूस की ओर से गोलेबारी हो सकती है। सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए कमांडर ने अपना पूरा नाम नहीं बताया। शवों की तलाश कर रहे दल घटनास्थल का दस्तावेजीकरण कर रहे हैं और शवों के अवशेषों को एकत्र कर रहे हैं। विताली ने बताया कि इन शवों का पोस्टमार्टम किया जाएगा, घटनास्थल की विस्तृत जानकारी रिकॉर्ड करके जांचकर्ताओं को भेजी जाएगी, जो संभावित युद्ध अपराधों की जांच करेंगे। रूसी सीमा से दो किलोमीटर से भी कम दूरी पर स्थित कोजाचा लोपान गांव को यूक्रेनी बलों ने 11 सितंबर को फिर से अपने कब्जे में ले लिया। विताली ने कहा कि अधिकारियों के अनुसार, यहां एक अस्थाई जेल थी, जहां कैदियों के साथ दुर्व्यवहार किया गया था और उनका दल इसके संभावित पीड़ितों की कब्रों की भी तलाश कर रहा है। अस्थाई जेल में कैदियों के साथ रूसी बलों द्वारा दुर्व्यवहार किए जाने के आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है।

## राष्ट्रपति मुर्मू महारानी की अंतएष्टि में शामिल होने लंदन पहुंचीं

भाषा। लंदन

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने और भारत सरकार की तरफ से संवेदनाएं व्यक्त करने के लिए शनिवार शाम तीन दिवसीय यात्रा पर लंदन पहुंचीं।



महारानी के अंतिम संस्कार में दुनियाभर के शाही परिवार के सदस्यों समेत करीब 500 विश्व नेता शामिल होंगे। अंतिम संस्कार वेस्टमिंस्टर एबे में होगा, जिसमें करीब 2,000 लोगों के शामिल होने की संभावना है। शोक समारोह स्थानीय समयानुसार सुबह 11 बजे शुरू होगा और एक घंटे बाद पूरे देश में दो मिनट के मौन के बाद समाप्त होगा। राष्ट्रपति भवन ने ट्वीट किया, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए लंदन पहुंच गई हैं। महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का आठ सितंबर को स्कॉटलैंड के बाल्मोरल कैसल में 96 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। महारानी का पार्थिव शरीर वेस्टमिंस्टर हॉल में रखा गया है और उनका अंतिम संस्कार सोमवार सुबह वेस्टमिंस्टर एबे में किया जाएगा। राष्ट्रपति मुर्मू को रविवार शाम महाराजा चार्ल्स द्वितीय और क्वीन कंसोर्ट कैमिला द्वारा बकिंघम पैलेस में विश्व नेताओं के लिए आयोजित एक भोज में भी आमंत्रित किया गया है। इस आधिकारिक राजकीय कार्यक्रम में ब्रिटेन आ रहे सभी राष्ट्राध्यक्षों और आधिकारिक विदेशी अतिथियों के शामिल होने की संभावना है। राष्ट्रपति मुर्मू शनिवार को वेस्टमिंस्टर हॉल जाएंगी, जहां महारानी का ताबूत रखा हुआ है। वह एक शोक संदेश पुस्तिका पर हस्ताक्षर करने के लिए नजदीकी लैंकेस्टर हाउस का भी दौरा करेंगी।

महारानी के परिवार में 2009 और 2012 के बीच काम करने वाले जाकी कूपर का मानना है कि महारानी के भारत के साथ स्नेहपूर्ण संबंध थे और उन्होंने एक साम्राज्य को राष्ट्रमंडल में बदलने में अहम भूमिका निभाई। राजशाही के बारे में व्यापक रूप से लिखने वाले कूपर ने कहा, कई देशों की आत्म-निर्णय की इच्छा को पहचानते हुए उन्होंने राष्ट्रमंडल को अपनाया था। महारानी के अंतिम संस्कार से कुछ घंटों पहले वेस्टमिंस्टर हॉल को आम जनता के लिए बंद कर दिया जाएगा। सोमवार को स्थानीय समयानुसार सुबह आठ बजे वेस्टमिंस्टर एबे के प्रवेश द्वार विदेशी गणमान्य एवं अतिथियों के लिए खोले जाएंगे। डीन ऑफ वेस्टमिंस्टर राजकीय अंतिम संस्कार की प्रक्रिया प्रधानमंत्री लिज ट्रस और राष्ट्रमंडल महासचिव बैरोनेस पैट्रीशिया स्कॉटलैंड के साथ करेंगे। इस बीच, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन भी महारानी एलिजाबेथ द्वितीय को श्रद्धांजलि देने लंदन पहुंच गए हैं। उनके आधिकारिक शोक संदेश पुस्तिका पर हस्ताक्षर करने और शाम को बकिंघम पैलेज में भोज कार्यक्रम में हिस्सा लेने की संभावना है। वह सोमवार को महारानी की अंतएष्टि में शामिल होंगे।

## नेपाल को 52 अरब रुपए का रियायती कर्ज देगा विश्व बैंक

**काठमांडू।** विश्व बैंक ने रविवार को कहा कि वह संपर्क सुविधा में सुधार और क्षेत्रीय बाजारों में पहुंच बढ़ाने के लिए नेपाल को 52 अरब रुपए से अधिक का रियायती कर्ज देगा। विश्व बैंक की नेपाल इकाई ने एक बयान में इसकी जानकारी दी। इसके मुताबिक, नेपाल सरकार और विश्व बैंक ने क्षेत्रीय परिवहन एवं व्यापार संपर्क परियोजना के लिए 34.96 अरब रुपए और डिजिटल नेपाल प्रोत्साहन परियोजना के लिए 17.79 अरब रुपए के रियायती वित्तीय समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं नेपाल सरकार की ओर से वित्त सचिव कृष्ण हरि पुष्कर और विश्व बैंक के कंट्री निदेशक फारिस हदाद जेरवस ने इन समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इस मौके पर नेपाल के वित्त मंत्री जनार्दन शर्मा और विश्व बैंक के उपाध्यक्ष मार्टिन रेजर भी मौजूद थे। परियोजनाएं संपर्क और कारोबार को बेहतर बनाकर, लोगों और कारोबार के डिजिटलीकरण और क्षेत्रीय बाजारों में पहुंच बढ़ाकर नेपाल की आर्थिक संभावनाओं के दरवाजे खोलने में मददगार होंगी।

# प्रत्यक्ष कर संग्रह 30 प्रतिशत बढ़कर 8.36 लाख करोड़ हुआ

**● अप्रैल-सितंबर के लिए संचई अग्रिम कर संग्रह 17 सितंबर को 2,95,308 करोड़ रुपए रहा, जो एक साल पहले इसी अवधि की तुलना मे 17 प्रतिशत अधिक है**

भाषा। नई दिल्ली

**अग्रिम** कर संग्रह बढ़ने से चालू वित्त वर्ष में 17 सितंबर तक सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 30 प्रतिशत बढ़कर 8.36 लाख करोड़ रुपए हो गया। वित्त मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, वित्त वर्ष 2022-23 के लिए प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह अभी तक (रिफंड के लिए समायोजन से पहले) 8,36,225 करोड़ रुपए है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के संग्रह 6,42,287 करोड़ रुपए की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल-सितंबर के लिए संचई अग्रिम कर संग्रह 17 सितंबर को 2,95,308 करोड़ रुपए रहा, जो एक साल पहले इसी अवधि की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है। बयान में कहा गया कि 8.36 लाख करोड़ रुपए के सकल संग्रह में 4.36 लाख करोड़ रुपए कॉरपोरेट आयकर से और 3.98 लाख करोड़ रुपए व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) से आए। पीआईटी में प्रतिभूति लेनदेन कर शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा, प्रत्यक्ष कर संग्रह मजबूत गति से बढ़ रहा है। यह महामारी के बाद आर्थिक गतिविधियों के पुनरुद्धार का एक स्पष्ट संकेत है। यह सरकार की स्थिर नीतियों का परिणाम भी है, जहां प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया और प्रौद्योगिकी के जरिए कर ह्रास को रोकने पर ध्यान केंद्रित किया गया। रिफंड के समायोजन के बाद शुद्ध संग्रह 23 प्रतिशत बढ़कर 7,00,669 करोड़ रुपए हो गया। मंत्रालय ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान दाखिल आयकर रिटर्न के प्रसंस्करण की गति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सही तरह से सत्यापित लगभग 93 प्रतिशत आईटीआर को 17 सितंबर तक प्रसंस्करित किया जा चुका है। बयान के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में जारी किए गए रिफंड की संख्या में लगभग 468 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।




### सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंकों के प्रमुखों के साथ बैठक करेंगी सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस महीने के अंत में सार्वजनिक क्षेत्रो के बैंको और वित्तीय संस्थानो के प्रमुखो के साथ बैठक करेंगी जिसमें अनुसूचित जाति वर्ग के उत्थान और कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओ की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।सूत्रो ने बताया कि स्टैंड-अप इंडिया, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) और अनुसूचित जातियों (अजा) के लिए ऋण वृद्धि गारंटी योजना और उनकी प्रगति पर इस बैठक में चर्चा होगी। उन्होने बताया कि वित्त मंत्री की अध्यक्षता मे होने वाली बैठक मे राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) के अध्यक्ष, वित्तीय सेवा सचिव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल होगे। इस बैठक मे अनुसूचित जातियो के कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओ के क्रियान्वयन मे बैंको की भूमिका पर विशेष बल दिया जाएगा।

### विदेशी निवेशकों ने सितंबर में अब तक भारतीय शेयर बाजारों में 12,000 करोड़ रुपए लगाए

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सितंबर महीने में अब तक भारतीय शेयर बाजारों में 12,000 करोड़ रुपए लगाए हैं। उनका निवेश इन अनुमानों पर आधारित है कि मुद्रास्फीति में आ रही नरमी के बीच दुनिया भर के केंद्रीय बैंक विशेषकर अमेरिका का फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में वृद्धि को लेकर कुछ नरम रूख अपना सकते हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक एक सितंबर से 16 सितंबर के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजारों में 12,084 करोड़ रुपए लगाए हैं। आर्थिक वृद्धि की गति जारी रहने की उम्मीदों के बल पर एफपीआई शुद्ध लिवाल बने रहे। मॉर्निंग स्टार इंडिया में एसोसिएट निदेशक-प्रबंध शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजारों में इस उम्मीद से निवेश कर रहे हैं कि वैश्विक केंद्रीय बैंक विशेषकर फेडरल रिजर्व दरों में वृद्धि पर नरम रूख अपना सकता है क्योंकि अब मुद्रास्फीति घटना शुरू हो गई है। इन आंकड़ों के मुताबिक अगस्त में एफपीआई ने भारतीय बाजारों में 51,200 करोड़ रुपए और जुलाई में करीब 5,000 करोड़ रुपए का निवेश किया था। भारतीय शेयर बाजारों से लगातार नौ महीनों तक पैसा निकलने के बाद एफपीआई जुलाई में शुद्ध लिवाल बने थे। इसके पहले अक्टूबर 2021 से लेकर जून 2022 के बीच एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजारों से करीब 2.46 लाख करोड़ रुपए की निकासी की थी। कोटक सिक्युरिटीज में प्रमुख (इक्विटी शोध-खुदरा) श्रीकांत चौहान ने कहा कि मौद्रिक सख्ती, बढ़ती मुद्रास्फीति और भू-राजनीतिक चिंताओं को देखते हुए आने वाले समय में एफपीआई का रूख अस्थिर बना रहेगा।

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all concerned that my client Sh. Rajender Singh Mehta S/o Sh. J.S. Mehta, R/o D-119, 3rd Floor, Preet Vihar, Delhi-110092 (hereinafter called as first party)
Reliance Communication Ltd., through its power of attorney holder Sh. A. Mohan (hereinafter called second party), having its officials address Reliance Intratel Ltd., the presidency building, Tower B, 5th Floor, Sector 14, Gurgaon, Haryana-122001.
The first party engage in the business of maintenance of aforesaid lease premises the second party shall pay to the first party Rs.300/- per month as a maintenance charges, the said amount has not been paid since March 2021, the first party is giving last opportunity to the second party to pay all the dues within 30 days from the date of this Publication Notice. In case second party fails to pay within 30 days then the first party has right and entitlement to dispose off all equipments installed in the aforesaid premises and collect the dues amount.
Copy kept in my office for further necessary action.

Rajesh Kumar (Advocate)
Supreme Court of India
SCBA No.: K/1381
Off: Chamber No. 19, R.K. Garge Lane, Supreme Court Building, New Delhi-110001, Mob. 8851180713

# लॉजिस्टिक नीति ने अंतर्संबद्ध ढांचे के विकास का मसौदा तैयार किया: विशेषज्ञ

भाषा। मुंबई

**राष्ट्रीय** लॉजिस्टिक नीति ने अधिक परस्पर संबद्ध ढांचा विकसित करने के लिए मसौदा तैयार किया है जिससे इस क्षेत्र की लागत और परिचालन दक्षता में सुधार होगा। विशेषज्ञों ने यह अनुमान जताया है। स्टेलर वैल्यू चेन सॉल्यूशंस के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अंशुमान सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शनिवार को जारी राष्ट्रीय लॉजिस्टिक नीति लॉजिस्टिक और आपूर्ति श्रृंखला उद्योग की सभी प्रमुख चुनौतियों का समाधान करने के लिए सरकार की सकारात्मक मंशा को दर्शाती है। सिंह ने कहा कि इस नीति से न केवल सभी लॉजिस्टिक खिलाड़ियों के एक साथ आने और विश्व स्तर पर लॉजिस्टिक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि उन निवेशकों का विश्वास भी बढ़ेगा जो लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में निवेश करने के इच्छुक हैं। डीपी वर्ल्ड सबकॉन्टिनेंट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक रिजवान सोमर ने कहा, सरकार द्वारा बुनियादी ढांचे, सेवाओं और मानव पूंजी में नियामक और प्रक्रियात्मक सुधारों के लिए नीति में अपनाया गया बहु-आयामी दृष्टिकोण निवेश आकर्षित करने में प्रमुख उत्प्रेरक होगा। ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक विनीत अग्रवाल के अनुसार निर्बाध मल्टीमॉडल परिवहन और आधुनिक संपर्क को बढ़ावा देने से आमूलचूल बदलाव होंगे। यह परिवहन के दबाव को सड़क से दूसरे माध्यमों की ओर स्थानांतरित कर देगा। अग्रवाल ने कहा कि एनएलपी के तहत प्रस्तावित यूनिफाइड लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म (यूलिप) ग्राहकों के लिए सूचनाओं को बढ़ाएगा और टीसीआई जैसी लॉजिस्टिक कंपनियों को बड़े पैमाने पर डिजिटलीकरण को अपनाने में सक्षम बनाएगा।

### लॉजिस्टिक नीति के तहत विकसित किया जाएगा यूलिप मंच

**नई दिल्ली।** विभिन्न सरकारी और निजी एजेंसियों की मदद के लिए राष्ट्रीय लॉजिस्टिक नीति के तहत एक एकीकृत लॉजिस्टिक इंटरफेस मंच (यूलिप) का विकास किया जाएगा जिसकी मदद से माल भेजने वाले और सेवा-प्रदाता गोपनीय ढंग से वास्तविक समय पर सूचना साझा कर सकेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राष्ट्रीय लॉजिस्टिक नीति का अनावरण किया था। इस नीति का मकसद परिवहन क्षेत्र के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करना और व्यवसायों की लॉजिस्टिक लागत को 13-14 प्रतिशत से घटाकर एक अंक में लाना है। यूलिप का विकास व्यापक लॉजिस्टिक कार्ययोजना के तहत प्रस्तावित आठ हस्तक्षेपों में से एक है, जिसे नीति के जरिए लागू किया जाएगा। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) की तरफ से लॉजिस्टिक नीति के बारे में जारी एक ई-बुक के अनुसार, इस मंच का उपयोग विभिन्न सरकारी और निजी एजेंसियों, सेवा प्रदाताओं, माल भेजने वालों आदि द्वारा गोपनीय तरीके से सभी हितधारकों के बीच वास्तविक समय के आधार पर सूचना के आदान-प्रदान के लिए किया जाएगा। ई-बुक कहती है कि यूलिप मंच भारत के लॉजिस्टिक क्षेत्र में प्रक्रियाओं में देरी और मैनुअल गतिविधियों की चुनौतियों का समाधान करेगा। इससे भारतीय लॉजिस्टिक क्षेत्र में आमूलचूल बदलाव आएंगे। यूलिप को विकसित करने के लिए राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम की लॉजिस्टिक डेटा बैंक परियोजना का इस्तेमाल किया जाएगा।

## अभियंता संघ बिजली 23 नवंबर को दिल्ली में करेगा प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्युत अभियंता संघ बिजली (संशोधन) विधेयक 2022 के खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी में 23 नवंबर को प्रदर्शन करेगा। एआईपीईएफ ने अपने एक बयान में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि अगर सरकार संसद में इस विधेयक को पारित करवाने का कोई भी एकतरफा प्रयास करेगी तो बिजली क्षेत्र के कर्मचारी हड़ताल पर चले जाएंगे। बिजली संशोधन विधेयक 2022 लोकसभा में आठ अगस्त को पेश किया गया था। इसे ऊर्जा पर संसद की स्थाई समिति के पास भेजा गया है। एआईपीईएफ की संघीय कार्यकारी की रविवार को श्रीनगर में हुई बैठक में प्रदर्शन करने का फैसला लिया गया। इस बैठक में तय हुआ कि देशभर के बिजली अभियंता इस विधेयक के खिलाफ दिल्ली में 23 नवंबर को प्रदर्शन करेंगे। इसमें यह फैसला भी किया गया कि अगर केंद्र सरकार विधेयक पारित करवाने का एकतरफा प्रयास करेगी तो देशभर के बिजली कर्मचारी और अभियंता हड़ताल पर चले जाएंगे।

## आरबीआई को दरों में वृद्धि का रुख जारी रखने की जरूरत: रंगराजन

भाषा। कोलकाता

**मुद्रास्फीति** को काबू में करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मौजूदा सख्त रूख को बनाए रखने की वकालत करते हुए केंद्रीय बैंक के पूर्व गवर्नर सी रंगराजन ने यह उम्मीद भी जताई है कि पूंजी की आवक दोबारा शुरू होने से रूपए को मजबूती मिलेगी।



रंगराजन ने शनिवार को रामकृष्ण मिशन इंस्टीट्यूट ऑफ कल्चर में समर कांति पॉल स्मृति व्याख्यान को संबोधित करते हुए कहा कि पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य पाने के लिए भारत को अगले पांच साल तक आठ-नौ फीसदी की सालाना वृद्धि दर हासिल करनी होगी। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में देश की आर्थिक वृद्धि सात फीसदी पर भी पहुंच जाएगी तो उन्हें खुशी होगी। आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने नीतिगत दरों में वृद्धि के संदर्भ में कहा, मौजूदा नीतिगत रूख जारी रहना चाहिए। विकसित देश भी दरों में तीव्र वृद्धि कर रहे हैं, मैं दरों में और वृद्धि की उम्मीद कर रहा हूं। रुपए के बारे में उन्होंने कहा कि पूंजी की निकासी की वजह से घरेलू मुद्रा में तेजी से गिरावट आई है और यह 79 से 80 प्रति डॉलर तक गिर गया है। रंगराजन ने कहा, अब पूंजी की आवक होने से रुपया मजबूत होगा, फिर भी यह कोविड से पहले के स्तर तक नहीं पहुंच पाएगा। उन्होंने कहा कि उच्च वृद्धि दर को हासिल करने के लिए निवेश की दर बढ़ाकर 33 फीसदी तक करनी होगी जो फिसलकर 27-28 फीसदी तक पहुंच गई है। उन्होंने निजी निवेश की हिस्सेदारी बढ़ाने की भी बात कही।

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all concerned that my clients Sh. Prateek Mehta & Sh. Achal Mehta, both are sons of Sh. Rajendra Singh Mehta, both R/o D-119, 3rd Floor, Preet Vihar, Delhi-110092 (hereinafter called as Lessor)
Reliance Communication Ltd., through its power of attorney holder Sh. A. Mohan (hereinafter called Lessee), having its officials address Reliance Intratel Ltd., the presidency building, Tower B, 5th Floor, Sector 14, Gurgaon, Haryana-122001.
The Lessor had agreed to give the aforesaid premises (area on the terrace approx 800 sq. ft. given on rent as per Lease Deed) on lease to the lessee, with the monthly rent of Rs.9,000/- per month. The last rental payment made by the lessee was on 22nd day of March 2021, thus rental due amount pending at the lessee site since March 2021.
The Lessor shall be entitle to terminate lessee lease agreement with one month notice. The Lessor is giving a last opportunity to lessee to pay all the arrear rental amount within 45 days thereafter, lessor shall have right to dispose of the equipments etc., and recover the due amount from the date of this Public Notice.
Copy kept in my office for further necessary action.

Rajesh Kumar (Advocate)
Supreme Court of India
SCBA No.: K/1381
Off: Chamber No. 19, R.K. Garge Lane, Supreme Court Building, New Delhi-110001, Mob. 8851180713

# चमकेगा गुप्तार घाट, नया लुक पर्यटकों को लुभाएगा

## अयोध्या विकास प्राधिकरण करा रहा विकास कार्य पौराणिक स्थल के विकास पर योगी सरकार की पूरी नजर

**कमलेश श्रीवास्तव।** अयोध्या

**यूपी** में सीएम योगी आदित्यनाथ के दोबारा सत्तारूढ़ होने के बाद अयोध्या फिर से विकास पथ पर तेजी से अग्रसर है। रामनगरी से जुड़े हर ऐतिहासिक व पौराणिक स्थल को सरकार ने संवारने पर पूरा ध्यान दिया है। मान्यता है कि भगवान राम ने गुप्तार घाट पर अपने शरीर को गुप्त कर लिया था। सरकार ने इस घाट को भी संवारने का बीड़ा उठाया था। पर्यटकों को आकर्षित व घाट की पौराणकिता को देखते हुए इसे नया लुक दिया जा रहा है। गुप्तार घाट से नया घाट तक सरयू नदी के किनारे नया बंधा बनाया जा रहा है। इस पर 6 मीटर चौड़ी सड़क तैयार कराई जा रही है। गुप्तार घाट को नया घाट से जोड़ने का कार्य चल रहा है। इस बांध व सड़क पर करीब 39 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। डीएम नीतीश कुमार ने बताया कि अयोध्या की ऐतिहासिकता और महत्ता को देखते हुए उत्तर प्रदेश शासन की ओर से तेजी से विकास कार्य कराए जा रहे हैं।









सीढ़ियों पर भी दिखेगी चित्रकारी: गुप्तार घाट की सीढ़ियों पर चित्रकारी भी दिखेगी। यह श्रद्धालुओंए पर्यटकों व आगंतुकों को लुभाएगी। आने वाले समय में गुप्तारघाट नए लुक में नजर आएगा। इस घाट पर श्री रामचरित मानसए रामकथाए अयोध्या के पौराणिकए धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों की भी जानकारी दी जायेगी।

लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूरा:यह कार्य अयोध्या विकास प्राधिकरण की ओर से कराया जा रहा है। सहायक अभियंता अनिल सिंह के अनुसार गुप्तार घाट का लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। यहां जाने के लिए 24 मीटर चौड़ी रोड बन रही है। रोड के किनारे पार्किंग व बाउंड्री का काम अभी चल रहा है। दुकानों का निर्माण कार्य भी जारी है। यहां लगभग 31 दुकानें बन रही हैं। सड़कए बाउंड्री समेत अन्य कार्य के लिए 12०76 करोड़ व दुकान व पार्किंग के लिए 5 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। गुप्तार घाट का काम जनवरी 2022 में शुरू हुआ था। इस महीने के अंत तक इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

गुप्तार घाट का धार्मिक महत्व:सरयू नदी के तट पर स्थित गुप्तार घाट का धार्मिक महत्व है। पौराणिक कथा के अनुसार भगवान राम ने बैकुंठ जाने के लिए यहां जलसमाधि ली थी। मान्यता है कि इस घाट पर सरयू में डुबकी लगाने से पाप धुल जाते हैं और उन्हें सांसारिक चिंताओं से मुक्ति मिलती है। यह घाट भगवान राम नाम के मंत्रों से सदैव गूंजता रहता है। इस घाट पर राम जानकीए चरण पादुकाए नरसिंह और हनुमानजी के प्रसिद्ध मंदिर भी हैं। इन सुव्यवस्थित घाटों का नवनिर्माण राजा दर्शन सिंह ने 19 वीं सदी में कराया था।

## पुण्यतिथि पर डा. रानी साहा को श्रद्धांजलि



**वाराणसी।** काशी कला केंद्र, वाराणसी में कमच्छा स्थित राज एपाटमेंट में चर्चित समाजसेवी, स्वदेशी कलम के पहला आविष्कारक स्व0 डॉक्टर गोपाल चंद्र साहा के धर्मपत्नी नारी जाति की आदर्श स्वरूपिणी,स्वर्गीया डॉक्टर रानी साहा की 23 वीं पूर्ण तिथि पर श्रद्धा और सादगी के साथ सम्पन्न हुआ। केंद्र के संस्थापक अध्यक्ष शुभजीत साहा 'शंकर' अपनी अध्यक्षीय भाषण में कहा कि माँ की पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया है,लेकिन माँ आज मंदिर के आराध्य देवी स्वरूपिणी है।हम किसी और दुनिया में खो जाते है। माँ हमारे लिये पथ प्रदर्शिका है। प्रारंभ में श्रीमती अंजना रानी साहा ने मंगलाचरण, रविंद्र संगीत प्रस्तुत की। कार्यक्रम में श्रीमती अंजना रानी साहा को सम्मानित करते हुए एवं मुख्य अतिथि डॉक्टर शिव सुंदर गांगुली को सम्मानित कर रहे शुभजीत साहा।प्रियम् साहा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## एचडीएफसी की इलेक्ट्रॉनिक बैंक गारंटी

**वाराणसी।** भारत में निजी क्षेत्र का सबसे बड़ा बैंक एचडीएफसी 4 सितंबर 2022 को नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विसेज लिमिटेड (एनईएसएल) के साथ साझेदारी में इलेक्ट्रॉनिक बैंक गारंटी (ई-बीजी) जारी करने वाला देश का पहला बैंक बन गया है। इसके पहले यह व्यवस्था कागज आधारित थी जिसे जारी करने में अत्यधिक समय लगता था। देबज्योति रे चौधरी, एमडी एंड सीईओ, एनईएसएल ने कहा, ष्इलेक्ट्रॉनिक बैंक गारंटी या ई-बीजी आमतौर पर बैंक गारंटी से जुड़े फिजिकल दस्तावेजों को समाप्त कर देता है, और ई-बीजी लाभार्थी को डिजिटल रूप में उपलब्ध हो जाता है।

## सेवा पखवारा में लगा स्वास्थ्य शिविर



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में सेवा पखवारा कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को जक्खिनी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को डॉ.नवीन सिंह की देखरेख में निरूशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा व विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ महेंद्र सिंह पटेल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जिसके दौरान अतिथियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती मरीजों स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेते हुए उनको फल वितरण किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ महेंद्र सिंह पटेल, जिला महामंत्री प्रवीण सिंह गौतम,सुरेंद्र बिन्द, सुधीर प्रजापति राजू, संजीव सिंह ,विक्रम पटेल, अजय सिंह प्रधान, सर्वेश्वर नारायण सिंह, मुकेश सिंह,राकेश बिंद,श्री प्रकाश उपाध्याय, संदीप गुप्ता इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## बुलंदशहर में मुठभेड़ के बाद घायल ईनामी बदमाश गिरफ्तार, सिपाही को भी लगी गोली

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर जिले के डिबाई थाना क्षेत्र में पुलिस ने 50 हजार रुपए के ईनामी बदमाश को एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से बदमाश घायल हो गया है, जबकि एक पुलिसकर्मी को भी गोली लगी है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। डिबाई थाना इलाके में शनिवार की रात पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जिसका नाम कप्तान उर्फ मंगल है। उन्होंने बताया कि बदमाश मूलरूप से मध्य प्रदेश के मुरैना जिले का निवासी है और वह 2014 से ही डकैती के कई मामलों में वांछित था। सिंह के मुताबिक कप्तान बावरिया गिरोह का सक्रिय सदस्य भी है जिसके ऊपर 50,000 रुपए का इनाम भी घोषित है। बदमाश के पास से अवैध हथियार और मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। घटना का ब्यौरा देते हुए सीओ ने बताया कि शनिवार रात डिबाई थाना पुलिस को सूचना मिली कि एक मोटरसाइकिल पर दो बदमाश लूटपाट के इरादे से घूम रहे हैं जिनके पास अवैध हथियार भी हैं। इस सूचना पर पुलिस अनूपशहर-अलीगढ़ रोड पर पहुंचकर संदिग्ध वाहनाव्यक्तियों की जांच करने लगी तभी कुछ देर बाद एचोरा की तरफ से एक मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए। पुलिस ने रूकने का इशारा किया गया तो वह पुलिस पर गोलीबारी करते हुए बाइक को अलीगढ़ की तरफ मोड़कर भागने लगे, जिसकी सूचना डिबाई थाना प्रभारी ने दौलतपुर चौकी पुलिस को दी। उन्होंने बताया कि खुद को पुलिस से घिरा देखकर बदमाश पुलिस टीम पर गोलियां चलाने लगे। पुलिस की जवाबी गोलीबारी में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया तथा एक बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहा।

एसपी गोंडा की बड़ी कार्रवाई

# एसआई समेत आठ पुलिस कर्मियों को किया निलंबित

### दस अन्य पुलिसकर्मियों की भूमिका को लेकर जांच के निर्देश, कस्टडी में पूछताछ के दौरान युवक की मौत का मामला

**हेमन्त पाठक।** गोंडा



**पुलिस** कस्टडी में पूछताछ के दौरान हुई विद्युत संविदा कर्मी देवनारायन उर्फदेवा की मौत के मामले में रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने कड़ा रूख अपनाते हुए बड़ी कार्यवाही किया है। उन्होंने एक उपनिरीक्षक व एसओजी के चार सिपाहियों समेत आठ पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। साथ ही साथ घटना के समय नवाबगंज थाने में मौजूद दस अन्य पुलिसकर्मियों के भूमिका की जांच हेतु विवेचक को निर्देशित किया है।

एसपी आकाश तोमर ने पायनियर को बताया कि नवाबगंज थाने में पुलिस हिरासत में हुई विद्युत संविदा कर्मी की मौत के मामले में घटना के समय थाने में मौजूद आठ और पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही साथ 10 पुलिसकर्मियों के भूमिका की जांच के निर्देश दिए गए हैं। निलंबित पुलिसकर्मियों में उपनिरीक्षक आलोक (सर्विलास सेल), हेड कांस्टेबल मिथलेश सिंह (थाना नवाबगंज), आरक्षी धर्मेन्द्र (थाना नवाबगजं), आरक्षी मनोज (थाना नवाबगंज), हेड कांस्टेबल राकेश सिंह (एसओजी टीम गोंडा), हेड कांस्टेबल अरुण यादव (एसओजी टीम गोंडा), आरक्षी आदित्य पाल (एसओजी टीम गोंडा) एवम आरक्षी अमित पाठक (एसओजी टीम गोंडा) शामिल हैं। इस तरह की कार्यवाही के कयास लगाए जा रहे थे। इस कार्यवाही से एसपी की मंशा साफ हो गई है कि वे लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों को किसी भी दशा में बख्शने के मूड में नहीं हैं। बताते चलें कि थाना नवाबगंज क्षेत्र के जैतपुर माझा गांव में बीते 07 सितंबर की रात को एक झोलाछाप चिकित्सक राजेश चौहान की सोते समय गला रेत कर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मृतक राजेश के परिजनों ने अज्ञात लोगों के खिलाफहत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मृतक के मोबाइल पर नम्बर के पर बुधवार 14 सितम्बर को पुलिस ने इसी गांव के रहने वाले बिजली विभाग में संविदा पर लाइनमैनकर्मी देव नरायन उर्फदेवा को पूछताछ के लिए थाने बुलाया था। जिसकी पुलिस कस्टडी में पूछताछ के दौरान मौत हो गई थी। वहीं घटना के मामले में दूसरे दिन गुरुवार 15 सितम्बर को आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने नवाबगंज कस्बे के कोल्ड स्टोर के पास मृतक का शव सड़क पर रखकर गोंडा-अयोध्या राजमार्ग जाम कर हंगामा किया था। इस दौरान आक्रोशित भीड़ ने एक एंबुलेंस वाहन सहित पुलिस की कई गाड़ियों को निशाना बनाते हुए तोड़फोड़ किया था। हंगामा के दौरान कई पुलिसकर्मियों को चोटें भी आई थीं। उसमें भी एसपी ने एंबुलेंस चालक व मोबाइल वीडियो व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तोड़फोड़ करने की घटना में शामिल कुछ उपद्रवियों पर संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज करवाया था।

## सरस्वती शिशु मंदिर जैसे स्कूल पूरे देश में मिलें तो मुल्क की तकदीर बदल जाएगी : दयाशंकर



**बलिया।** उत्तर प्रदेश में मदरसों के साथ-साथ सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों के सर्वेक्षण की मांग किए जाने के बीच प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने रविवार को दावा किया है कि शिशु मंदिर जैसे शिक्षण संस्थान पूरे देश को मिल जाए तो मुल्क की तकदीर बदल जाएगी। सिंह ने जिला अस्पताल में एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से बातचीत में सरस्वती शिशु मंदिर की शिक्षण व्यवस्था की वकालत की।

उन्होंने उत्तर प्रदेश में निजी मदरसों के साथ-साथ सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों के सर्वे की उठ रही मांग को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि ए विद्यालय उत्कृष्ट शिक्षा का प्रमुख केंद्र है। उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर में शिक्षा का बेहतरीन प्रबंध रहता है और इस जैसे शिक्षण संस्थान पूरे देश में मिलने लगें तो भारत की तकदीर बदल जाएगी। गौरतलब है कि सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों को अक्सर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जोड़ा जाता रहा है। प्रदेश में सरकार इन दिनों निजी मदरसों का सर्वेक्षण करा रही है। इसका विरोध कर रहे लोग मदरसों के साथ-साथ सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों का भी सर्वे कराने की मांग कर रहे हैं। परिवहन मंत्री ने प्रदेश में मदरसों के सर्वे को लेकर हो रहे विरोध पर सफाई देते हुए स्पष्ट किया कि भाजपा सरकार किसी सम्प्रदाय और जाति के तुष्टिकरण अथवा उपेक्षा का कार्य नहीं करती।

### मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार दंपति घायल

**करनैलगंज (गोंडा)।** परसपुर मार्ग पर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल हो गए। जिन्हें लोगों ने उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहाँ पत्नी की हालत गंभीर होने के चलते चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रविवार की दोपहर में थाना कटरा बाजार अंतर्गत ग्राम पिपरी मांझा के चौदहा मेटुकहा निवासी मकरध्वज (50) पुत्र जीवनलाल अवस्थी अपनी पत्नी गुड्डी (45) के साथ बाइक से परसपुर से अपने घर जा रहे थे।

## खतरे के निशान से ऊपर बह रही घाघरा, ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ीं

**गोंडा।** घाघरा में जलस्तर की बढोत्तरी से अब तबाही की मंजर शुरू हो गया है। रविवार को भी घाघरा के जलस्तर में भारी बढ़ोतरी हुई। जलस्तर देर शाम तक बढ़कर खतरे के निशान से 55 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया है। वहीं डिस्चार्ज 4 लाख 48 हजार रहा। वहीं एल्गिन चरसडी बांध के किनारे बसे गांवों जो गोंडा और बाराबंकी की सीमा पर बसे हैं। उन गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है। जिसमें माझा रायपुर, नउवन पुरवा, ग्राम परसावल, नैपूरा, कमियार गांव में बाढ़ का पानी तेजी से घुसने लगा है। उधर बांध के किनारे बसे गांव नकहरा में करीब एक दर्जन मजरे नदी और बांध के बीच में बसे हुए हैं। उन गांव में भी पानी की दस्तक होने लगी है। सोमवार तक यह गांव पूरी तरह जल होने का अनुमान लगाया जा रहा है। गांव की आबादी गांव को छोड़कर बांध पर अपना आशियाना बसा चुकी है। ग्रामीणों के मुताबिक ग्राम कमियार में एक रेगुलेटर लगा हुआ है, जिसका वाल्व खुला होने के कारण पानी अधिक बढ़ने पर वाल्व के माध्यम से गोंडा जिले में पानी आने लगता है और अब उस वाल्व तक पानी पहुंच चुका है। जिससे सोमवार तक वाल्व के माध्यम से जिले में कई गांव में पानी आना शुरू हो सकता है। यदि नदी का जलस्तर घटने लगा तो बांध के आस-पास के गांव बाढ़ से बच सकते हैं, अन्यथा की स्थिति में उन्हें बाढ़ से जूझना पड़ सकता है। बाढ़ खंड के अवर अभियंता रवि वर्मा कहते हैं कि पानी का डिस्चार्ज घट बढ़ रहा है जिससे जलस्तर में बढ़ोतरी हो रही है एक-दो दिन में घाघरा का जलस्तर घटने की संभावना है। उधर रविवार को बाढ़ खंड के एक्सईएन वीएन शुक्ला, सहायक अभियंता अमरेश सिंह व अवर अभियंता रवि वर्मा ने बाढ़ क्षेत्र में आने वाले एल्गिन चरसडी बांध का निरीक्षण किया।

## अमरोहा में दलित महिला और उसकी नाबालिग बेटी की हत्या

**अमरोह।** अमरोहा जिले के गजरौला थाना क्षेत्र मे रविवार की सुबह एक दलित महिला और उसकी नाबालिग बेटी की पत्थर से कुचलकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार गजरौला थाना क्षेत्र के कांकाठेर मे एक दलित विधवा महिला मनीषा (32) अपनी बेटी ईशा (13) के साथ रहती थी। उनके अनुसार उसके पति पवन का निधन कुछ साल पहले हो गया था। उन्होंने बताया कि उसका बेटा मानविक (14) अपनी नानी के घर मे रहता था। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अरुण कुमार ने बताया कि दूध वाले ने आज सुबह दरवाजा खोला तो देखा कि मां-बेटी एक चारपाई पर पड़ी है और उनका सिर खून से लथपथ है। उन्होंने बताया कि कुछ ही देर में वहां ग्रामीण जमा हो गए और सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। सीओ ने बताया कि शव के पास पत्थर का टुकड़ा मिला है। उन्होंने बताया कि मृतका के मायके वालों ने उसके पति के संबंधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। कुमार ने बताया कि गजरौला थाने मे हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है और कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत मे लिया गया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और गांव मे पुलिस बलों की तैनाती की गई है।

## मदरसा सर्वे-दारुल उलूम ने की सरकार की तारीफ

### एक-दो के लिए पूरे तंत्र को बदनाम नहीं कर सकते: मदनी

**सहारनपुर।** देवबंद स्थित इस्लामिक शिक्षण संस्था दारुल उलूम ने राज्य सरकार द्वारा गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों का सर्वे कराने के फैसले की रविवार को तारीफ की। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उचित तरीके से काम नहीं कर रहे इक्का-दुक्का मदरसों के लिए पूरे तंत्र पर आरोप नहीं लगाए जाने चाहिए। जमीयत-उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने रविवार को कहा कि सरकार द्वारा कराए जा रहे मदरसों के सर्वे को लेकर किसी को कोई आपत्ति नहीं है और वह सरकार के सर्वे की तारीफ करते हैं। रविवार को देवबंद की मशहूर मस्जिद रशीद में आयोजित सम्मेलन में दारुल उलूम ने प्रदेश सरकार द्वारा गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों का सर्वे किए जाने को लेकर अपना रुख स्पष्ट कर दिया। इस सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के विभिन्न मदरसों से आए प्रबंधकों और उलेमाओं ने हिस्सा लिया।सम्मेलन के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि सरकार द्वारा कराए जा रहे सर्वे पर किसी को कोई आपत्ति नहीं है। उन्होंने कहा, हम सरकार के सर्वे की तारीफ करते हैं और अभी तक इसकी जो तस्वीरें आई हैं, वे सही हैं। मदनी ने मदरसा संचालकों से सर्वे में सहयोग का आह्वान किया और कहा कि मदरसों के अंदर कुछ भी छिपा नहीं है और इनके दरवाजे सबके लिए हमेशा खुले हुए हैं। उन्होंने कहा कि मदरसे देश के संविधान के तहत चलते हैं, इसलिए मदरसा संचालक उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कराए जा रहे सर्वे में सहयोग करते हुए सम्पूर्ण और सही जानकारी दें। मदनी ने कहा, सम्मेलन में हमने यही कहा है कि मदरसा संचालक अपने दस्तावेज और जमीन के कागजात मुकम्मल रखें, वहां के ऑडिट, साफ सफाई और बच्चों की तबीयत आदि पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि कोई मदरसा देश के संविधान के खिलाफ नहीं है और यदि एक-दो मदरसे उचित तरीके से काम नहीं कर रहे हैं तो उसके लिए पूरे मदरसा तंत्र पर आरोप नहीं लगाए जाने चाहिए।



# माताओं ने संतान की सुख-समृद्धि और लंबी आयु के लिए की जीवित्पुत्रिका की पूजा-अर्चना

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**माताओं** ने अपनी संतान की सुख-समृद्धि और लंबी आयु के लिए तालाबों, कुंडों व गंगा घाटों पर रविवार को दोपहर से ही पहुँचकर पूजन-अर्चन की। वही सोलह दिन चलने वाली सोरहिया मेला मातृ नवमी यानि सोमवार को पारण कर समाप्त होगा। लक्ष्मीकुंड स्थित महालक्ष्मी मंदिर स्थित प्रांगण में जीवित्पुत्रिका, महालक्ष्मी देवी, संतोषी माता आदि की मंदिर है।

### मॉ महालक्ष्मी जी का सोमवार को होगा विहंगम श्रृंगार, लक्ष्मीकुंड, ईश्वरगंगी पोखरा और घाटों पर विधि-विधान से हुआ अनुष्ठान

जीवित्पुत्रिका के दिन महालक्ष्मी मंदिर में रविवार को अलसुबह व्रती माताओं एवं लाखों श्रद्धालुओं ने पहुँचकर मॉ के दरबार में मत्था टेंका तथा सुख-समृद्धि के लिए मॉ से आर्शीवाद लिया। व्रती माताओं ने जीवित्पुत्रिका का व्रत रखकर भारी संख्या में लक्ष्मीकुंड स्थित पोखरे के चारों ओर, ईश्वरगंगी पोखरा एवं गंगा घाटों पर माताओं ने कहानी सुना इसके पश्चात पूजन-अर्चन की। 19 सितम्बर को सुबह पारण कर उपवास तोड़ेंगी।

**बच्चों के जीवन में आती है सुख-समृद्धि:** प्रहलादघाट निवासी विमला मिश्रा ने बताया कि जीवित्पुत्रिका व्रत में भगवान जीमूतवाहन की प्रतिमा जल में स्थापित करके पूजा की जाती है। इस दौरान धूप, दीप, अक्षत, फूल-माला अर्पित कर पूजा की जाती है। प्रतिमा पर सिंदूर का टीका लगाया जाता है। मान्यता है कि इससे मनचाहा वरदान मिलता है। बच्चों के जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

# राहुल के सलामी जोड़ीदार बनेंगे रोहित

## कुछ मैचों में कोहली करेंगे पारी का आगाज

**भाषा**। मोहाली



**भारतीय कप्तान** रोहित शर्मा ने रविवार को कहा कि विराट कोहली उनके साथ पारी का आगाज करने के लिए, एक विकल्प हैं लेकिन इसके साथ ही स्पष्ट किया ऑस्ट्रेलिया में अगले महीने होने वाले टी20 विश्वकप में केएल राहुल ही उनके सलामी जोड़ीदार होंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टी20 मैचों की अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से पूर्व रोहित ने मीडिया से कहा कि टीम प्रबंधन प्रत्येक खिलाड़ी की भूमिका को लेकर स्पष्ट है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के बाद भारत तीन मैचों की श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगा और इसके बाद टी20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना होगा। रोहित ने इस महीने के शुरू में अफगानिस्तान के खिलाफ एशिया कप में कोहली के शतक के संदर्भ में कहा, राहुल भाई (मुख्य कोच राहुल द्रविड़) और मेरी बात हुई कि हमें कुछ मैचों में विराट से पारी की शुरुआत करवानी चाहिए क्योंकि वह हमारा तीसरा सलामी बल्लेबाज है। पिछले मैच में हमने देखा की सलामी बल्लेबाज के रूप में उसने क्या किया और हम उसके इस प्रदर्शन से बहुत खुश हैं। यह कोहली का नवंबर 2019 के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पहला और कुल 71 वां शतक था। रोहित ने कोहली को तीसरा सलामी बल्लेबाज बताने के साथ ही स्पष्ट किया कि राहुल उनके सलामी जोड़ीदार बने रहेंगे। केएल राहुल टी20 विश्वकप में हमारे लिए पारी की शुरुआत करेंगे। हम इस स्थान पर बहुत अधिक प्रयोग नहीं करने जा रहे हैं। उनके प्रदर्शन पर अक्सर नजर रहती है। वह भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं। भारतीय कप्तान ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, अगर आप पिछले दो-तीन साल के उनके प्रदर्शन पर गौर करो तो यह बहुत अच्छा रहा। मैं सभी से यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि इस बारे में हमारी राय स्पष्ट है और बाहर क्या खिचड़ी पक रही है हम इसके बारे में अच्छी तरह से जानते हैं। पिछले कुछ समय से राहुल के स्ट्राइक रेट पर सवाल उठते रहे हैं और अब जबकि कोहली ने फार्म में वापसी कर ली है तो यह चर्चा शुरू हो गई है कि क्या रोहित के साथ उन्हें पारी की शुरुआत करनी चाहिए। रोहित ने कहा, इसको लेकर हमारी राय स्पष्ट है कि राहुल हमारे लिए क्या कर सकता है। वह हमारे लिए मैच विजेता भी है। हमने तीसरा सलामी बल्लेबाज नहीं रखा है और विराट हमारे लिए पारी की शुरुआत कर सकता है। वह अपनी आईपीएल फ्रेंचाइजी के लिए पिछले कई वर्षों से ऐसा कर रहा है।

## टी-20 विश्व कप से पहले खिलाड़ी आरामदायक स्थिति से बाहर निकलें

**मोहाली।** भारत टी20 विश्व कप के लिए पहले ही टीम का चयन कर चुका है और ऐसे में कप्तान रोहित शर्मा चाहते हैं कि उनके खिलाड़ी कंफर्ट जोन (आरामदायक स्थिति) से बाहर निकले तथा अगले महीने होने वाले आईसीसी टूर्नामेंट से पहले ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले जाने वाले छह मैचों में अपने खेल में कुछ नई चीज जोड़ें। रोहित ने कहा कि खिलाड़ियों पर अब टीम के चयन को लेकर दबाव नहीं है और ऐसे में वे अपनी सीमाओं को आगे बढ़ा सकते हैं। टीम प्रबंधन हार्दिक पंड्या, भुवनेश्वर कुमार और अर्शदीप सिंह जैसे खिलाड़ियों को इन छह मैचों में विश्राम दे रहा है लेकिन एक तरह से भारत की मजबूत टीम ही इन मैचों में उतरेगी। रोहित की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जबकि टीम प्रबंधन ने एशिया कप में कुछ प्रयोग किए जिनके लिए उन्हें आलोचना भी सहनी पड़ी थी। रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मैच से पूर्व कहा, हम टीम में सुरक्षा की भावना लाना चाहता था और इसलिए हमने इन दोनों श्रृंखलाओं तथा विश्व कप के लिए टीम घोषित कर दी। एशिया कप में भी लगभग हमारी यही टीम थी। इन छह मैचों में हम यह आजमाना चाहते हैं कि हम विभिन्न शैलियों में क्या हासिल कर सकते हैं। यह नए तरीके आजमाने से जुड़ा है जिसकी कोई सीमा नहीं है। आप टीम के लिए कई चीजें हासिल करने के लिए खुद को कई दिशाओं में आगे बढ़ा सकते हैं। विराट कोहली एशिया कप में अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकले और उन्होंने स्वीप शॉट खेला जैसा कि वह पहले नहीं किया करते थे। रोहित चाहते हैं कि यहां तक कि खिलाड़ी भी अपनी सीमा को आगे तक ले जाएं। हम खिलाड़ियों को अधिक चीजें आजमाने के लिए प्रेरित करेंगे। उदाहरण के लिए जो बल्लेबाज रिवर्स स्वीप नहीं खेल सकता क्या वह ऐसा कर सकता है और क्या वह ऐसा सही तरीके से कर सकता है। ऐसी चीजें जिन्हें करने में आप सहज महसूस नहीं करते हैं उन्हें करो और फिर देखते हैं क्या होता है। जब आप विश्व कप खेलने के लिए जाते हैं तो आपके पास इन सभी चीजों के जवाब होने चाहिए।

## राहुल से पारी का आगाज करवाना चाहिए, कोहली, रोहित से अधिक कुशल हैं : गंभीर

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने टी20 विश्व कप में विराट कोहली से पारी का आगाज करवाने के विचार को खारिज करते हुए कहा कि केएल राहुल को ही यह भूमिका निभानी चाहिए जो शायद अधिक कुशल खिलाड़ी हैं। कोहली ने एशिया कप में फॉर्म में वापसी की। विशेषकर उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ सलामी बल्लेबाज के रूप में 61 गेंदों पर 122 रन बनाए जिसके बाद यह चर्चा शुरू हो गई कि ऑस्ट्रेलिया में होने वाले विश्वकप में क्या राहुल के बजाय उन्हें पारी का आगाज करना चाहिए। गंभीर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 श्रृंखला से पहले वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में कहा, आप जानते है कि भारत में क्या होता है। जैसे ही कोई अच्छा खेलना शुरू करता है, उदाहरण के लिए विराट कोहली ने पिछले मैच में शतक जमाया, तो हम सभी भूल गए कि राहुल और रोहित ने लंबे समय से क्या किया। जब आप कोहली से पारी का आगाज करवाने के बाद करते है तो कल्पना कीजिए कि केएल राहुल पर क्या गुजरती होगी। कल्पना कीजिए कि वह कैसा महसूस करते होंगे। कल्पना कीजिए कि अगर वह पहले मैच में कम स्कोर बनाते है तो फिर यह चर्चा शुरू हो जाएगी कि क्या कोहली को अगले मैच में पारी की शुरुआत करनी चाहिए। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बाद राहुल चोटों से जूझते रहे और जब उन्होने वापसी की तो सात मैचों मे केवल एक अर्धशतक जमाया। एशिया कप में उन्होंने पांच पारियो मे 132 रन बनाए।

# ऑस्ट्रेलियाई श्रृंखला के लिए शमी की जगह उमेश भारतीय टीम में

**भाषा**। नई दिल्ली





**अनुभवी तेज** गेंदबाज उमेश यादव को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए मोहम्मद शमी की जगह भारतीय टीम में शामिल किया गया है। शमी का कोविड-19 के लिए किया गया परीक्षण पॉजिटिव पाया है जिसके कारण वह है इस श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बयान में कहा, तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का कोविड-19 के लिए किया गया परीक्षण पॉजिटिव पाया है और वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी तीन टी20 मैचों की श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। चयन समिति ने उनकी जगह उमेश यादव को टीम में शामिल किया है। बीसीसीआई ने इसके साथ ही कहा कि नवदीप सैनी भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच आगामी तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। वह उत्तर क्षेत्र और दक्षिण क्षेत्र के बीच दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। सैनी की जगह ऋषि धवन को भारत ए टीम में शामिल किया गया है। सैनी उपचार के लिए अब राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) बेंगलुरु जाएंगे। भारत की तरफ से 2019 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले उमेश जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव से उबर गए हैं जिसके कारण वह इंग्लैंड में काउंटी मैचों में नहीं खेल पाए थे। बीसीसीआई सूत्रों ने पीटीआई से कहा, उमेश एनसीए में उपचार करा रहे थे और अब वह चोट से उबर गए हैं और खेलने के लिए फिट हैं।

**ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला के लिए भारतीय टीम:** रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उप-कप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, आर. अश्विन, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, दीपक चाहर, जसप्रीत बुमराह, उमेश यादव। भारत ए टीमः पृथ्वी सॉव, अभिमन्यु ईश्वरन, रुतुराज गायकवाड़, राहुल त्रिपाठी, रजत पाटीदार, संजू सैमसन (कप्तान), केएस भरत (विकेटकीपर), कुलदीप यादव, शाहबाज़ अहमद, राहुल चाहर, तिलक वर्मा, कुलदीप सेन, शार्दुल ठाकुर , उमरान मलिक, ऋषि धवन, राज अंगद बावा।

## मेइराबा ने अंतरराष्ट्रीय चैलेज जीता, अर्जुन-कपिला को युगल खिताब

**नागपुर।** युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मेइराबा लुवांग मेसनाम ने रविवार को यहां फाइनल मे हमवतन मिथुन मंजूनाथ को हराकर इंडिया महाराष्ट्र इंटरनेशनल चैलेंज का पुरुष एकल खिताब जीत लिया। चौथी वरीयता प्राप्त 19 वर्षीय मेइराबा ने दूसरी वरीयता प्राप्त मंजूनाथ को 42 मिनट में 21-14, 21-16 से हराकर जीत दर्ज की। मणिपुर के मेइराबा ने इस साल फरवरी में ईरान फज्र इंटरनेशनल का भी खिताब जीता था। इंडिया महाराष्ट्र चैलेंज उनका सत्र का दूसरा खिताब है। महिला एकल में स्नविका शिवानी गड्डे को खिताबी मुकाबले में जापान की मिहो कायामा के खिलाफ 11-21, 11-21 की शिकस्त के साथ उप विजेता बनकर संतोष करना पड़ा।

## डेविड को खेलते हुए देखने का इंतजार नहीं कर सकता : कमिंस

**मोहाली।** सिंगापुर में जन्मे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज टिम डेविड के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बहुप्रतीक्षित पदार्पण को लेकर हर कोई उत्साहित है और इनमें तेज गेंदबाज पैट कमिंस भी शामिल हैं। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के कारण डेविड की फ्रेंचाइजी क्रिकेट मे काफी मांग है। मुंबई इंडियंस ने 2022 की आईपीएल की नीलामी में उन्हें 8.25 करोड़ रुपए मे खरीदा था, जिसके बाद लोगो का ध्यान उनकी तरफ गया।

## डेविस कप : अमेरिका को हराकर ग्रुप में शीर्ष पर रहा नीदरलैंड

**ग्लासगो।** नीदरलैंड ने अमेरिका को 2-। से हराकर डेविस कप फाइनल्स के ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया। नीदरलैंड ने अपने दोनों एकल मैच जीते। बॉटिक वैन डे ज़ैड्सचुल्प ने दूसरे एकल मैच में टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 7-6 (3) से हराकर नीदरलैंड की जीत सुनिश्चित की। इससे पहले टालोन ग्रिक्सपुर ने टॉमी पॉल को 7-5, 7-6 (3) से हराया था। नीदरलैंड ने पहले ही अजेय बढ़त बना ली थी और ऐसे में राजीव राम और जैक सॉक ने युगल मैच में वेस्ली कूलहोफ और मैटवे मिडेलकोप को हराकर केवल हार का अंतर कम किया।

## भारत-पाक मैच के बाद अव्यवस्था, पुलिस ने शांति बनाए रखने की अपील की

**लंदन।** ब्रिटेन की पुलिस ने पिछले महीने के अंत में भारत-पाकिस्तान एशिया कप क्रिकेट मैच के बाद शनिवार और रविवार तड़के पूर्वी इंग्लैंड के लीसेस्टर शहर मे प्रशंसकों के बीच झड़प के बाद गंभीर अव्यवस्था फैल जाने के कारण शांति की अपील की है। सोशल मीडिया पर आई रिपोर्ट में दावा किया गया कि इस सप्ताह के अंत में एक विरोध प्रदर्शन से मामला बढ़ा।

## दिलीप टिर्की ने हॉकी इंडिया अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान और ओलंपियन दिलीप टिर्की ने रविवार को हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा। नामांकन पत्र जमा करने के बाद टिर्की ने कहा कि उनका उद्देश्य इस खेल को नई ऊंचाइयो तक पहुंचाना है। टिर्की ने पीटीआई से कहा, आज मैने हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भर दिया है।

# भारत ए ने तीसरा टेस्ट 113 रन से जीता

## न्यूजीलैंड ए को किया पराजित

**भाषा**। बेंगलुरु



**बाएं हाथ के** स्पिनर सौरभ कुमार ने 103 रन देकर पांच विकेट लिए जिससे भारत ए ने जो कार्टर के शतक के बावजूद न्यूजीलैंड ए को रविवार को यहां तीसरे और अंतिम अनधिकृत टेस्ट मैच में 113 रन से करारी शिकस्त देकर तीन मैचों की श्रृंखला।-0 से जीती। जो कार्टर ने 111 रन बनाए लेकिन उन्हें दूसरे छोर से कोई खास सहयोग नहीं मिला जिससे न्यूजीलैंड की टीम 416 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मैच के चौथे और अंतिम दिन 302 रन पर आउट हो गई। न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों को भारत के फिरकी गेंदबाजों को खेलने में परेशानी हुई। सौरभ के अलावा कामचलाऊस्पिनर सरफराज खान ने भी अपना जलवा दिखाया और 48 रन देकर दो विकेट लिए। तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर और मुकेश कुमार को एक-एक विकेट मिला। न्यूजीलैंड ए ने 416 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए मैच के चौथे और अंतिम दिन सुबह एक विकेट पर 20 रन से अपनी दूसरी पारी आगे बढ़ाई लेकिन शार्दुल ठाकुर ने दिन के तीसरे ओवर में ही जो वॉकर (सात) को बोल्ड कर दिया। कार्टर ने इसके बाद डेन क्लीवर (44) के साथ तीसरे विकेट के लिए 85 और मार्क चैपमैन (45) के साथ चौथे विकेट के लिए 83 रन की साझेदारी की। सौरभ ने क्लीवर को पगबाधा आउट किया जबकि सरफराज खान ने चैपमैन को पवेलियन की राह दिखाई। इसके बाद न्यूजीलैंड के पिछले बल्लेबाजों की सौरभ के सामने एक नहीं चली। जो कार्टर नौवें नंबर के बल्लेबाज के रूप में आउट हुए। उन्हें मुकेश कुमार ने बोल्ड किया। उन्होंने अपनी पारी में 230 गेंद खेली तथा 12 चौके और एक छक्का लगाया। रुतुराज गायकवाड के 108 रन की मदद से भारत ए ने अपनी पहली पारी में 293 रन बनाए थे जिसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 237 रन पर आउट हो गई थी। भारतीय टीम ने अपनी दूसरी पारी सात विकेट पर 359 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। भारत की इस पारी का आकर्षण रजत पाटीदार (नाबाद 109 रन) का शतक था। इन दोनों टीम के बीच पहले दो मैच ड्रा रहे थे। अब उनके बीच तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला खेली जाएगी।

# भारत के पहले अभ्यास सत्र में कोहली ने दिखाए इरादे

**भाषा**। मोहाली



**चाहे वह** तेज गेंदबाजों पर पुल शॉट जमाना हो या फिर स्पिनरों के सामने आगे बढ़कर खेलना, विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 श्रृंखला से पहले रविवार को यहां जमकर अभ्यास किया और अपने इरादे भी स्पष्ट किए। कोहली नेट पर अभ्यास करने वाले पहले बल्लेबाजों में से एक थे। उनका ध्यान पूरी तरह से शार्ट पिच गेंदों को खेलने पर था। उन्होंने 45 मिनट के सत्र में कई उठती हुई गेंदों का सामना किया। कोहली ने एशिया कप में अफगानिस्तान के खिलाफ शतक जमाकर फॉर्म में वापसी की और अब वह पीछे मुड़कर नहीं देखना चाहते हैं। एशिया कप में उन्होंने राशिद खान जैसे गेंदबाज के सामने भी आगे बढ़कर शॉट मारे और रविवार को यहां नेट पर वह इसी मानसिकता के साथ उतरे तथा उन्होंने स्पिनरों पर इसी तरह के शॉट खेले। अफगानिस्तान के खिलाफ उन्होंने एक सलामी बल्लेबाज के रूप में शतक जड़ा था और उन्हें अहसास हो गया है कि छोटे प्रारूप में शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाना जरूरी है। उन्होंने 2016 में विश्व टी20 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इसी मैदान पर 82 रन की नाबाद पारी खेली थी और अब जबकि उनकी फॉर्म और आत्मविश्वास लौट आया है तब उनसे मंगलवार को यहां एक और शानदार पारी की उम्मीद की जा रही है। इस बीच पंजाब क्रिकेट संघ ने दो स्टैंड का नाम अपने दो स्टार खिलाड़ियों युवराज सिंह और हरभजन सिंह के नाम पर रखने का फैसला किया है। मंगलवार को मैच शुरू होने से एक घंटा पहले इस संबंध में सारी औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी। दक्षिणी छोर के पवेलियन का नाम भारत के सर्वश्रेष्ठ स्पिनरों में से हरभजन जबकि उत्तरी पवेलियन का नाम विश्व कप 2011 के नायक युवराज के नाम पर रखा जाएगा।

## थापा, लवलीना एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय मुक्केबाजी टीम में

**भाषा**। नई दिल्ली

**अनुभवी शिव** थापा और तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन अगले महीने एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में क्रमशः भारतीय पुरूष और महिला टीम की चुनौती की अगुवाई करेंगी। जोर्डन के अम्मान में 30 अक्टूबर से 12 नवंबर होने वाली प्रतिष्ठित महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए चयन ट्रायल गुरुवार से शनिवार तक एनआईएस पटियाला में आयोजित किए गए थे। मौजूदा विश्व चैम्पियन निकहत जरीन, एशियाई चैम्पियनशिप के तीन बार के पदक विजेता अमित पंघाल और बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता रोहित टोकस और सागर अहलावत ने ट्रायल में हिस्सा नहीं लिया। भारतीय मुक्केबाज महासंघ (बीएफआई) के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया कि जरीन को टूर्नामेंट से आराम दिया गया है जबकि पंघाल, टोकस और अहलावत चोटिल हैं। थापा एशियाई चैंपियनशिप के पांच बार के पदक विजेता हैं। उन्होंने इस शीर्ष प्रतियोगिता में अब तक एक स्वर्ण, दो रजत और इतने ही कांस्य पदक जीते हैं। पिछले टूर्नामेंट में उन्होंने रजत पदक के साथ लगातार पांचवां पदक जीता था और टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे सफल भारतीय पुरुष मुक्केबाज बन गए।

# भारतीय महिला टीम ने पहले वनडे में इंग्लैंड को सात विकेट से हराया

## श्रृंखला में।-0 की बढ़त बनाई



**भाषा**। होव

**गेंदबाजों** के उम्दा प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना, यस्तिका भाटिया और कप्तान हरमनप्रीत के अर्धशतक से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने रविवार को यहां पहले महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को सात विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में।-0 की बढ़त बना ली। इंग्लैंड के 227 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने स्मृति (99 गेंद में 91 रन, 10 चौके, एक छक्का), हरमनप्रीत (94 गेंद में नाबाद 74 रन, सात चौके, एक छक्का) और विकेटकीपर बल्लेबाज यस्तिका भाटिया (47 गेंद में 50 रन, आठ चौके, एक छक्का) के अर्धशतक से 34 गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 232 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। स्मृति ने यस्तिका के साथ दूसरे विकेट के लिए 96 और कप्तान हरमनप्रीत के साथ तीसरे विकेट के लिए 99 रन की साझेदारी की जिससे भारत को लक्ष्य हासिल करने में अधिक परेशानी नहीं हुई। इससे पहले अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने अपनी अंतिम अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के पहले मैच में प्रभावित किया लेकिन इंग्लैंड की महिला टीम निचले मध्यक्रम के बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन से सात विकेट पर 226 रन बनाने में सफल रही।

### स्कोरबोर्ड

**इंग्लैंड** : लैंब का भाटिया बो मेघना 12, ब्यूमोंट पगबाधा बो झूलन 07, डंक्ले का दीप्ति बो हरलीन 29, कैप्सी का हरमनप्रीत बो स्नेह 19, वाट बो दीप्ति 43,जोन्स बो राजेश्वरी 03,डेविडसन-रिचर्ड्स नाबाद 50,एक्लेस्टोन पगबाधा बो दीप्ति 31,डीन नाबाद 24,**अतिरिक्त:** 09,**कुल:** (50 ओवर में सात विकेट पर) 227 रन, **विकेट पतन:** I-20, 2-21, 3-64, 4-88, 5-94, 6-128, 7-178 ,**गेंदबाजी:** झूलन 10-2-20-I,मेघना 8-0-42-I,राजेश्वरी 10-0-40-I,पूजा 2-0-20-0,स्नेह 6-0-45-I,दीप्ति 10-I-33-2,हरलीन 4-0-25-I

**भारत:** मंधाना का डेविडसन-रिचर्ड्स 91, वर्मा का डीन बो क्रॉस 01,भाटिया बो डीन 50, कौर नाबाद 74, देओल नाबाद 06,**अतिरिक्त:** 10,**कुल:** 44.2 ओवर में तीन विकेट पर: 232 रन,विकेट पतन: I-3, 2-99, 3-198,**गेंदबाजी:** वोंग 5-0-35-0,क्रॉस 10-I-43-2,रिचर्ड्स 7.2-0-48-0,डीन 10-0-45-I,एक्लेस्टोन 9-0-42-0,लैब 3-0-16-0

## गुजरात जायंट्स टीम लखनऊ पहुँची

### आज मणिपाल टाइगर्स से होगा मुकाबला

**पायनिर समाचार सेवा।** लखनऊ

**इंडिया कैपिटल्स** के खिलाफ जीत के साथ अपने लीजेंड्स लीग क्रिकेट 2022 अभियान की शानदार शुरुआत के बाद, अदाणी स्पोर्ट्सलाइन के स्वामित्व वाली गुजरात जायंट्स टीम लखनऊ पहुँची । वीरेंद्र सहवाग की अगुवाई वाली टीम सोमवार को लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में अपने दूसरे लीग मैच में हरभजन सिंह की मणिपाल टाइगर्स से भिड़ेगी। सहवाग के अलावा, गुजरात जायंट्स की टीम में क्रिकेट जगत के कुछ दिग्गज नाम भी हैं जिनमें क्रिस गेल, डेनियल विटोरी, पार्थिव पटेल, ग्रीम स्वान और अजंता मेंडिस शामिल हैं।

## लाहिड़ी शिकागो में संयुक्त 21वें स्थान पर

**शुगर ग्रोव (अमेरिका)।** भारत के अनिर्बान लाहिड़ी ने दूसरे दौर में चार बर्डी और तीन बोगी से एक अंडर 71 का स्कोर बनाया जिससे वह यहां लिव आमंत्रण गोल्फ टूर्नामेंट में 36 हाल के बाद संयुक्त रूप से 21वें स्थान पर चल रहे हैं। दो दौर के बाद लाहिड़ी का कुल स्कोर एक अंडर है। इस बीच कैमरन स्मिथ ने दूसरे दौर में चार अंडर 68 के स्कोर के साथ बोस्टन में विजेता रहे डस्टिन जॉनसन पर दो शॉट की बढ़त बना ली है।

## बेंगलुरू एफसी ने पहला डूरंड कप खिताब जीता, फाइनल में मुंबई सिटी एफसी को 2-1 से हराया



**कोलकाता।** बेंगलुरू एफसी ने मुंबई सिटी एफसी को 2-। से हराकर रविवार को यहां सॉल्ट लेक स्टेडियम में अपना पहला डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट खिताब जीता। बेंगलुरू एफसी के करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री का भी यह पहला डूरंड कप खिताब है। विजेता टीम के लिए शिव शक्ति (10वें मिनट) और ब्राजील के एलन कोस्टा (61वें मिनट) ने गोल किए। मुंबई सिटी के लिए मैच का एकमात्र गोल अपुइया किया।

## अगले साल जुलाई तक भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच बने रह सकते हैं स्टिमक

**कोलकाता।** क्रोएशिया के इगोर स्टिमक भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच बने रह सकते हैं क्योंकि अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की तकनीकी समिति ने रविवार को उनके अनुबंध को अगले साल जुलाई में एएफसी एशियई कप के अंत तक बढ़ाने की सिफारिश की। दिग्गज स्ट्राइकर आईएम विजयन की अध्यक्षता में तकनीकी समिति ने यहां बैठक करके स्टिमक के मार्गदर्शन में भारतीय पुरुष टीम के प्रदर्शन पर चर्चा की और एआईएफएफ कार्यकारी समिति को उनके पद पर बने रहने की सिफारिश की।

## चेन्नई ओपन: फ्रुहविर्तोवा ने लिनेट को हराकर पहला डब्ल्यूटीए खिताब जीता



**चेन्नई।** चेक गणराज्य की किशोरी लिंडा फ्रुहविर्तोवा ने रविवार को यहां चेन्नई ओपन डब्ल्यूटीए 250 टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त मैग्डा लिनेट को 4-6, 6-3, 6-4 से हराकर अपना पहला टूर खिताब जीता। सत्रह साल की दुनिया की 130 वें नंबर की खिलाड़ी लिंडा निर्णायक सेट में मुश्किल स्थिति में दिख रही थी जब पोलैंड की अनुभवी खिलाड़ी के खिलाफ।-4 से पिछड़ गई। लिंडा ने हालांकि शनिवार के सेमीफाइनल की तरह एक बार फिर शानदार वापसी की और अगले पांच गेम जीतकर मैच और खिताब अपने नाम किया।

# मुलानी के पांच विकेट से पश्चिम क्षेत्र फाइनल में

## दलीप ट्राफी: मध्य क्षेत्र को हराया

**भाषा**। कोयंबटूर



बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी के पांच विकेट से पश्चिम क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में रविवार को यहां मध्य क्षेत्र को 279 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई। मुलानी ने 72 रन देकर पांच जबकि चिंतन गजा ने 49 रन देकर तीन विकेट चटकाए जिससे 501 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मध्य क्षेत्र की टीम सिर्फ 57.1 ओवर में 221 रन पर ढेर हो गई। मध्य क्षेत्र की ओर से रिंकू सिंह ने सर्वाधिक 65 रन बनाए जबकि कुमार कार्तिकेय (39) और अशोक मेनारिया (नाबाद 32) ने उपयोगी पारियां खेली। मध्य क्षेत्र ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 33 रन से की। कार्तिकेय और शुभम शर्मा (24) ने पहले घंटे में पश्चिम क्षेत्र के गेंदबाजों को सफलता से महरूम रखा और टीम का स्कोर 100 रन के करीब पहुंचाया। अतीत सेठ ने कार्तिकेय को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा। मुलानी ने इसके बाद शुभम को विकेटकीपर हेत पटेल के हाथों कैच कराया। गजा ने प्रियम गर्ग (06) को पगबाधा करने के बाद कप्तान करण शर्मा (14) को विकेटकीपर के हाथों कैच कराके मध्य क्षेत्र का स्कोर दो विकेट पर 97 रन से छह विकेट पर 121 रन किया। रिंकू और मेनारिया ने सातवें विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी करके पश्चिम क्षेत्र के जीत के इंतजार को बढ़ाया। मुलानी ने रिंकू को अरमान जाफर के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा।

## रवि तेजा का शानदार शतक

### दक्षिण ने उत्तर क्षेत्र को 645 रन से रौंदा



**सलेम।** रवि तेजा के नाबाद शतक के बाद गेंदबाजो के उम्दा प्रदर्शन से दक्षिण क्षेत्र ने रविवार को यहां दलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मे उत्तर क्षेत्र को 645 रन से विशाल अंतर से रौंद दिया। दक्षिण क्षेत्र के 740 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए उत्तर क्षेत्र की टीम तन्य त्यागराजन (12 रन पर तीन विकेट), आर साई किशोर (28 रन पर तीन विकेट) और कृष्णाप्पा गौतम (50 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने सिर्फ 30.4 ओवर मे 94 रन पर सिमट गई। टीम ने अंतिम नौ विकेट सिर्फ 30 रन पर गंवाए। उत्तर क्षेत्र की ओर से सलामी बल्लेबाज यश धुल (59) और मनन वोहरा (11) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। दक्षिण क्षेत्र ने दूसरी पारी चार विकेट पर 316 रन बनाकर घोषित की। रवि तेजा ने 120 गेंद मे सात चौको और तीन छक्को की मदद से नाबाद 104 रन बनाए। सलामी बल्लेबाजो रोहन कुन्नुमुल (77) और मयंक अग्रवाल (64) ने भी अर्धशतक जड़े। दक्षिण क्षेत्र की टीम आज दूसरी पारी मे एक विकेट पर 157 रन से आगे खेलने उतरी। अग्रवाल ने 53 जबकि रवि तेजा ने 19 रन से अपनी पारी को आगे बढ़ाया। अग्रवाल आउट होने वाले पहले बल्लेबाज रहे जो अपने कल के स्कोर में 11 रन बनाने के बाद मयंक डागर की गेंद पर बोल्ड हो गए। पुलकित नारंग (102 रन पर दो विकेट) ने बाबा इंद्रजीत (12) और मनीष पांडे (26) को आउट किया। रवि तेजा ने इसके बाद रिकी भुई (नाबाद 21) के साथ मिलकर टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाया और अपना शतक भी पूरा किया जिसके बाद कप्तान हनुमा विहारी ने पारी घोषित की दी। लक्ष्य के पीछा करने उतरे उत्तर क्षेत्र ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और युवा यश धुल के अलावा उसका कोई बल्लेबाज क्रीज पर पर्याप्त समय नही बिता पाया। फाइनल मे दक्षिण क्षेत्र का सामना पश्चिम क्षेत्र से होगा जिसने मध्य क्षेत्र को 279 रन से हराया।